■ वर्ष 31 अंक 205 ■ जबलपुर गुरुवार 15 जनवरी 2026 ■ पृष्ठ 12 ■ मूल्य रु. 3.00




# नीट में -40 नंबर वाले भी बनेंगे 'स्पेशलिस्ट' डॉक्टर

## एनबीईएमएस ने कट-ऑफ घटाकर जीरो परसेंटाइल किया

नई दिल्ली।

नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशंस इन मेडिकल साइंसेज यानी एनबीईएमएस ने नीट पीजी 2025 के लिए क्वालिफाइंग परसेंटाइल कम कर दिया है। अब जनरल कैटेगरी का रिवाइज्ड कटऑफ मार्क्स 7 परसेंटाइल और ओबीसी, एससी और एसटी का 0 परसेंटाइल हो गया है। कट-ऑफ घटने के बाद अब नीट पीजी परीक्षा में -40 नंबर लाने वाले ओबीसी, एससी और एसटी कैंडिडेट्स तीसरे राउंड की काउंसिल करा सकते हैं। एनबीईएमएस ने ऑफिशियल नोटिस जारी कर इसकी जानकारी दी। एनबीईएमएस ने ये फैसला एकेडमिक सेशन 2025-26 के लिए राउंड 3 काउंसलिंग में ज्यादा उम्मीदवारों को शामिल होने का मौका देने के लिए लिया। रिवाइज्ड कट-ऑफ भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की मंजूरी के बाद लागू की गई है।

### सीटें खाली रह जाने पर किया फैसला

एनबीईएमएस ने बताया कि तीसरे राउंड की काउंसलिंग के दौरान खाली रह जाने वाली पोस्टग्रेजुएट मेडिकल सीटों को भरने के लिए क्वालिफाइंग परसेंटाइल को कम किया गया है। हालांकि, यह बदलाव केवल काउंसलिंग की एलिजिबिलिटी से रिलेटेड है। इससे पहले जारी की गई नीट पीजी 2025 रैंक में कोई बदलाव नहीं होगा।

### कैंडिडेट्स के लिए जरूरी बातें

- 19 अगस्त, 2025 को घोषित नीट पीजी 2025 रैंक में कोई बदलाव नहीं किया गया है।
- काउंसलिंग के लिए एलिजिबिलिटी प्रोविजनल है, इसके लिए डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन की जरूरत होगी।
- काउंसलिंग या एडमिशन के दौरान फेस आईडी या बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन किया जा सकता है।
- टाई-ब्रेकिंग में उपयोग होने पर एमबीबीएस या फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट एग्जामिनेशन के कुल अंक ओरिजिनल स्कोरकार्ड के जरिए वेरिफाई किए जाएंगे।

### संशोधित कट-ऑफ डिटेल्स

**जनरल और ईडब्ल्यूएस**

- पहले की क्वालिफाइंग परसेंटाइल- 50
- रिवाइज्ड क्वालिफाइंग परसेंटाइल- 7
- रिवाइज्ड कट-ऑफ स्कोर- 103

**जनरल कैटेगरी के दिव्यांग**

- पहले की क्वालिफाइंग परसेंटाइल- 45
- संशोधित क्वालिफाइंग परसेंटाइल- 5
- संशोधित कट-ऑफ स्कोर- 90

**ओबीसी, एससी और एसटी**

- पहले की क्वालिफाइंग परसेंटाइल- 40
- संशोधित क्वालिफाइंग परसेंटाइल- 0
- संशोधित कट-ऑफ स्कोर- -40

## सीजीएचएस लाभार्थियों हेतु 'मेडिक्लेम पालिसी' घोषित

**नई दिल्ली (वार्ता)।** सरकार ने केंद्रीय कर्मियों एवं पेंशनधारकों की स्वाथ्य सेवा योजना के लाभार्थियों के लिए एक परिपूर्ण मेडिक्लेम आयुष बीमा शुरू करने की घोषणा की है। वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग द्वारा चलायी जाने वाली यह योजना कैशलेस सुविधा, आधुनिक उपचार और अस्पतालों के एक बड़े नेटवर्क के साथ दी जा रही है। यह पॉलिसी विशेष रूप से सीजीएचएस लाभार्थियों के लिए उपलब्ध है, जिसमें प्रति पॉलिसी अधिकतम छह सदस्य हो सकते हैं। यह देश के अंदर इंडेम्निटी-आधारित इन-पेशेंट हॉस्पिटलाइजेशन कवरेज प्रदान करती है जिसमें 10 लाख रुपये या 20 लाख रुपये तक के बीमा राशि के विकल्प हैं।

## पतंगबाजी में दो बच्चों की मौत

**इंदौर/रीवा/पन्ना।** मकर संक्रांति पर मध्य प्रदेश में प्रतिबंधित चाइनीज मांझे से अलग-अलग जगह 7 लोग घायल हो गए। इंदौर में चार, उज्जैन में दो और इटारसी में एक युवक घायल हुआ है, वहीं रीवा और पन्ना में पतंगबाजी के दौरान हुए हादसों में दो बच्चों की मौत हो गई।

## महिलाओं की आय बढ़ाने राष्ट्रीय उद्यमिता अभियान आरंभ

**नई दिल्ली (वार्ता)।** गांव की महिलाओं की आय बढ़ाने के लिये ग्रामीण विकास मंत्रालय ने राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय उद्यमिता अभियान आरंभ किया है। मंत्रालय की तरफ से जारी आधिकारिक जानकारी के अनुसार इसके लिये दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ग्रामीण महिलाओं की आय बढ़ाने में गैर-कृषि क्षेत्र के ग्रामीण उद्यमों को बढ़ावा देने के लिये विविधतापूर्ण सहयोग प्रदान करेगा। इसी संदर्भ में पिछले कुछ वर्षों में, स्टार्ट-अप ग्राम उद्यमिता कार्यक्रम सहित कई गैर-कृषि आजीविका योजनाओं ने प्रशिक्षित सामुदायिक कार्यकर्ताओं के सहयोग से सफल उद्यम मॉडल प्रस्तुत किया गया है।

# ईरान-अमेरिका में जंग की आहट

## तेहरान की वार्निंग के बाद कतर में खाली किया जा रहा यूएस एयरबेस

तेहरान

ईरान और अमेरिका के बीच तनाव अब खतरनाक मोड़ पर पहुंचता दिख रहा है। ईरान में सरकार विरोधी प्रदर्शनों पर जारी हिंसक कार्रवाई और अमेरिका की संभावित दखलअंदाजी को लेकर हालात तेजी से बिगड़ रहे हैं। इसी बीच ईरान ने अमेरिका और उसके सहयोगी देशों को कड़ी चेतावनी दी है, जिसके बाद कतर में मौजूद अमेरिका के सबसे बड़े सैन्य एयरबेस से कुछ कर्मियों को हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। वरिष्ठ ईरानी अधिकारी ने बताया कि अगर वॉशिंगटन ने ईरान में चल रहे प्रदर्शनों के समर्थन में सैन्य हस्तक्षेप किया, तो क्षेत्र में मौजूद अमेरिकी ठिकानों पर जवाबी हमला किया जाएगा। ईरान ने साफ शब्दों में कहा है कि सऊदी अरब, यूएई, तुर्की और कतर जैसे देशों में मौजूद अमेरिकी सैन्य अड्डे भी इसके दायरे में आएंगे। तीन राजनयिक सूत्रों के मुताबिक, कतर स्थित अमेरिकी अल-उदीद एयरबेस से कुछ सैन्य और गैर-सैन्य कर्मियों को बुधवार शाम तक वहां से हटने की सलाह दी गई है। हालांकि, इसे पूरी तरह से निकासी आदेश नहीं बल्कि एक पोश्चर चेंज यानी सतर्कता के स्तर में बदलाव बताया गया है। अभी बड़े पैमाने पर सैनिकों को हटाने जैसे संकेत नहीं मिले हैं, जैसा पिछले साल ईरान के मिसाइल हमले से पहले देखने को मिला था।




### ट्रंप ईरान को लगातार दे रहे धमकी

इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार ईरान को धमकी दे रहे हैं। उन्होंने साफ कहा है कि अगर ईरान में प्रदर्शनकारियों को फांसी दी गई या हिंसा जारी रही, तो अमेरिका बहुत कड़ी कार्रवाई करेगा। एक टीवी इंटरव्यू में ट्रंप ने कहा, अगर उन्होंने लोगों को फांसी दी, तो आप कुछ ऐसा देखेंगे जिसकी उन्होंने कल्पना भी नहीं की होगी। ट्रंप ने ईरानियों से सड़कों पर डटे रहने और संस्थानों पर कब्जा करने की भी अपील की है और कहा है कि मदद रास्ते में है।

### ईरान प्रदर्शनों में 2600 लोगों की मौत

मानवाधिकार संगठनों के अनुसार, ईरान में हालिया प्रदर्शनों के दौरान अब तक करीब 2600 लोगों की मौत हो चुकी है। ये पिछले कई वर्षों में इस्लामिक शासन के खिलाफ सबसे बड़े विरोध प्रदर्शन माने जा रहे हैं। एक इजरायली अधिकारी के हवाले से कहा गया है कि ट्रंप प्रशासन ने हस्तक्षेप का फैसला कर लिया है, हालांकि उसकी समय-सीमा और दायरा अभी साफ नहीं है। वहीं ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराकची और अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ के बीच चल रही सीधी बातचीत भी फिलहाल रोक दी गई है, जिससे तनाव और बढ़ गया है। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की सुरक्षा कैबिनेट को भी हालात की गंभीरता को लेकर ब्रीफ किया गया है।

### टैरिफ पर बड़े फैसले की रात

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप द्वारा अलग-अलग देशों पर लगाए गए टैरिफ को लेकर आज अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला आ सकता है। आज का दिन न सिर्फ अमेरिका के लिए, बल्कि भारत के लिए भी काफी अहम माना जा रहा है। दुनिया भर के शेयर बाजारों की भी कोर्ट के फैसले पर नजर टिकी हुई है। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिया गया फैसला अगर ट्रंप के हक में आता है तो इससे शेयर बाजार में और भी दबाव दिख सकता है, लेकिन अगर फैसला ट्रंप के खिलाफ आता है तो इससे शेयर बाजारों में शानदार उछाल देखी जा सकती है।

### भारतीय नागरिकों को ईरान छोड़ने की सलाह

भारत ने ईरान में जारी विरोध प्रदर्शनों और सरकार की कार्रवाई में मरने वाले लोगों की बढती संख्या के बीच बुधवार को ईरान में मौजूद अपने नागरिकों को जल्द से जल्द देश छोड़ने की सलाह दी है और तेहरान स्थित दूतावास में संपर्क करने के लिए हेल्पलाइन नम्बर जारी किये हैं। सरकार ने यह कदम क्षेत्रीय तनाव के बढने और व्यापक प्रदर्शनों के बीच तेजी से बदलती सुरक्षा स्थिति का हवाला देते हुए उठाया है। तेहरान स्थित भारतीय दूतावास द्वारा बुधवार को जारी परामर्श में छात्रों, तीर्थयात्रियों, व्यवसायियों और पर्यटकों सहित सभी भारतीय नागरिकों से वाणिज्यिक उड़ानों सहित उपलब्ध किसी भी परिवहन माध्यम से ईरान छोड़ने का आग्रह किया गया है।



# रेलवे की थाली को झटका

### ट्रेन में नॉनवेज खाना परोसने पर रेलवे को नोटिस

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे की थाली में परोसे जाने वाले नॉनवेज भोजन को लेकर झटका बनाम हलाल विवाद अब राष्ट्रीय स्तर पर पहुंच गया है. सिख संगठनों की ओर से दायर याचिका पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने रेलवे बोर्ड, एफएसएसएआई और संस्कृति मंत्रालय के सचिव को नोटिस जारी किया है. नोटिस में कहा गया है कि अगर रेलवे में केवल हलाल मांस परोसा जा रहा है, तो यह उपभोक्ताओं के भोजन के विकल्प के अधिकार का उल्लंघन हो सकता है. साथ ही, इसे सिख धर्म की आचार संहिता यानी सिख रहत मर्यादा के खिलाफ भी बताया गया है. आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो ने इस मुद्दे पर कहा, सिख रहत मर्यादा सिखों को हलाल मांस के सेवन से रोकती है. अगर सिख उपभोक्ताओं को यह जानकारी नहीं दी जा रही कि उन्हें किस तरह का मांस परोसा जा रहा है, तो यह उनके अधिकारों का सीधा उल्लंघन है. आयोग ने संस्कृति मंत्रालय से यह भी कहा है कि वह सभी खाने-पीने की दुकानों और संस्थानों को निर्देश दे कि वे स्पष्ट रूप से यह दिखाएं कि परोसा जाने वाला मीट हलाल है या झटका. आयोग का मानना है कि पारदर्शिता न होना धार्मिक स्वतंत्रता और उपभोक्ता अधिकारों के खिलाफ है. एफएसएसएआई को भेजे गए नोटिस में आयोग ने कहा है कि नॉनवेज फूड के सर्टिफिकेशन में इसका साफ तौर पर जिक्र होना चाहिए कि मीट झटका है या हलाल. इससे उपभोक्ता अपनी धार्मिक और व्यक्तिगत मान्यताओं के अनुसार निर्णय ले सकेंगे. प्रियंक कानूनगो ने रोजगार से जुड़े पहलू पर भी गंभीर चिंता जताई. उन्होंने कहा, दारुल उलूम देवबंद के अनुसार हलाल वही माना जाता है जिसमें पशु बलि केवल मुसलमान द्वारा दी गई हो. इससे हिंदू दलित समुदायों को रोजगार के अवसरों से वंचित किया जाता है, जो परंपरागत रूप से पशु बलि और मांस बिक्री से जुड़े रहे हैं. उन्होंने यह भी कहा कि ग्राहकों को यह जानने का पूरा अधिकार है कि उन्हें किस तरह का नॉनवेज परोसा जा रहा है.

## इंडिया बुक मार्केट रिपोर्ट का तीसरा संस्करण प्रिंट से डिजिटल तक के बदलावों पर केंद्रित

**नई दिल्ली (वार्ता)।** भारतीय प्रकाशन उद्योग में तेजी से हो रहे बदलावों को समझने के लिए भारतीय प्रकाशक संघ और नील्सन आईक्यू बुकडेटा संयुक्त रूप से इंडिया बुक मार्केट रिपोर्ट का तीसरा अंक जारी करेंगे। यह रिपोर्ट प्रिंट किताबों के साथ-साथ डिजिटल और ऑडियोबुक पब्लिशिंग में हो रहे विकास और उनके आर्थिक योगदान के आंकड़ा आधारित विश्लेषण प्रस्तुत करेगी। इस रिपोर्ट की घोषणा विश्व पुस्तक मेला में मीडिया से बातचीत में हुयी। रिपोर्ट के अगस्त-सितंबर 2026 तक जारी होने की संभावना है। एफआईपी के उपाध्यक्ष प्रणव गुप्ता ने बताया कि रिपोर्ट का यह तीसरा संस्करण पहले की रिपोर्टों से काफी अलग होगा। उन्होंने कहा कि अब तक के अध्ययनों में मुख्य रूप से प्रिंट पब्लिशिंग पर ध्यान दिया गया था, लेकिन यह रिपोर्ट बदलते समय के अनुरूप होगी। उन्होंने कहा कि यह रिपोर्ट भारतीय प्रिंट बुक मार्केट के साथ-साथ डिजिटल पब्लिशिंग के सभी स्वरूपों-ई-बुक और ऑडियोबुक-को कवर करेगी। इसके साथ ही पहली बार यह भी आकलन किया जाएगा कि डिजिटल पब्लिशिंग भारतीय अर्थव्यवस्था में कितना योगदान दे रही है। उन्होंने कहा कि नया संस्करण प्रिंट और डिजिटल दोनों प्रारूपों का एक साथ अध्ययन करेगा, जिससे यह समझने में मदद मिलेगी कि भारतीय प्रकाशन उद्योग किस दिशा में आगे बढ़ रहा है।

## पिता ने बेटी को मारी गोली

भिंड

भिंड में एक शख्स ने अपनी 21 साल की शादीशुदा बेटी की गोली मारकर हत्या कर दी। उसे रात में सरसों के खेत में ले जाकर कट्टे से सीने में फायर किया। युवती की एक महीने पहले ग्वालियर में शादी हुई थी। इसके कुछ दिन बाद वह शॉपिंग का बहाना बनाकर प्रेमी के साथ भाग गई। इसी से नाराज होकर पिता ने बेटी को मौत के घाट उतार दिया।

## राहुल गांधी 17 जनवरी को इंदौर आएंगे

भोपाल।



कांग्रेस सांसद राहुल गांधी 17 जनवरी को इंदौर आएंगे और दूषित पानी से प्रभावित परिवारों से मिलेंगे। इस दिन कांग्रेस मध्य प्रदेश में मनरेगा योजना का नाम बदलने को लेकर विरोध प्रदर्शन करेगी। प्रदेश के हर ब्लॉक में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता सामूहिक उपवास रखेंगे। साथ ही गांधी प्रतिमाओं के सामने धरना देकर भजन गाएंगे। इस दौरान इंदौर जल कांड में जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि भी दी जाएगी। कांग्रेस के संगठन प्रभारी संजय कामले ने बताया कि राहुल गांधी के इंदौर आगमन की तारीख एआईसीसी की तरफ से तय हो गई है। मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने इसकी पुष्टि कर दी है।

## आवारा पशुओं से सुरक्षा देने एनएचएआई का पायलट प्रोजेक्ट शुरू



**नई दिल्ली (वार्ता)।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण एनएचएआई ने राष्ट्रीय राजमार्गों पर आवारा पशुओं के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए जयपुर-आगरा और जयपुर-रेवाड़ी राष्ट्रीय राजमार्ग कॉरिडोर पर तत्क्षण सुरक्षा चेतावनी प्रणाली का पायलट प्रोजेक्ट लॉन्च किया है। सड़क सुरक्षा माह 2026 मनाने और राष्ट्रीय राजमार्ग पर अचानक पशुओं के आने से होने वाले हादसों को कम करने के लिए सड़क सुरक्षा पहल के तहत, एनएचएआई ने दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के साथ मिलकर राष्ट्रीय राजमार्ग इस्तेमाल करने वालों को आवारा पशुओं वाले इलाकों के पास आने पर तत्क्षण सुरक्षा चेतावनी के लिए एक पायलट पहल शुरू की है। इस पहल का मकसद राष्ट्रीय राजमार्ग पर, खासकर कोहरे और कम दृष्टता की स्थिति में, जानवरों के अचानक आने से होने वाले हादसों को कम करना है।

# भोपाल में सिस्टम की नाक के नीचे 'गोकशी'

## पीएचक्यू के सामने पकड़ा गया 26 टन मांस, डॉक्टर समेत 9 सस्पेंड

भोपाल (स्वतंत्र मत)।

भोपाल में 26 टन मांस से भरे एक ट्रक की जब्ती ने मध्य प्रदेश में बड़ा सियासी विवाद खड़ा कर दिया है। जब्त मांस की लैब जांच में कुछ फीसदी मांस के बीफ होने की पुष्टि के बाद सत्तारूढ़ भाजपा बैकफुट पर है। वहीं मामले में अबतक एक वेटनरी डॉक्टर समेत भोपाल नगर निगम के 8 अन्य कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया है। आरोप है कि भोपाल नगर निगम के पीपीपी मॉडल पर संचालित हाईटेक स्लॉटर हाउस में गोकशी की गई और गोमांस को कंटेनर में भरकर बाहर भेजा जा रहा था। यह खेप पुलिस मुख्यालय के ठीक सामने हिंदूवादी संगठनों ने पकड़ ली। यूपी नंबर के कंटेनर में भरा मांस एसी वैन में रखा गया था, पैकेटों पर क्यूआर कोड और स्पेशल टैग लगे थे यानी सब कुछ पूरी प्लानिंग और सिस्टम के साथ। पहले पुलिस ने सैंपल लेकर कंटेनर छोड़ दिया, लेकिन लैब रिपोर्ट में गोमांस की पुष्टि होते ही हड़कंप मच गया। नगर निगम को मजबूरन स्लॉटर हाउस सील करना पड़ा। मामला सामने आते ही भोपाल की सड़कों पर हंगामा शुरू हो गया। बजरंग दल ने पुलिस कमिश्नर कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया, तो वहीं कांग्रेस ने नगर निगम दफ्तर के सामने नारेबाजी करते हुए बीजेपी राज में गो-हत्या का आरोप लगाया। कांग्रेस ने सवाल पूछा कि जब प्रदेश और नगर निगम दोनों जगह बीजेपी की सत्ता है, तो यह सब किसकी जानकारी में हो रहा था? दरअसल, सूबे की सत्ता से लेकर नगर निगम तक में भाजपा का ही नियंत्रण है। निगम के इस स्लॉटर हाउस को लाइवस्टॉक नाम की एक फर्म को सालाना 4 लाख रुपये के किराए पर दिया गया था जिसका संचालन असलम कुरैशी उर्फ असलम चमड़ा करता था। मामले को तूल पकड़ता देख असलम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया, जबकि कंटेनर को जब्त कर लिया गया है। इस मामले में नगर निगम की परिषद की बैठक में जमकर हंगामा हुआ और स्लॉटर हाउस का संचालन करने वाली कंपनी और असलम कुरैशी को आजीवन ब्लैकलिस्ट कर दिया गया।



### कांग्रेस और बीजेपी का भी प्रदर्शन

इस मामले ने इतना तूल पकड़ लिया है कि पहली बार हिंदूवादी और मुस्लिम संगठन, कांग्रेस और बीजेपी सभी अपने-अपने तरह से प्रदर्शन कर मामले में सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। जय मां भवानी हिंदू संगठन का कहना है कि इससे हिंदू भावनाओं को ठेस पहुंची है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, इसलिए मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपकर कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है। वहीं, मामले में मुस्लिम त्यौहार कमिटी ने भी बुधवार को प्रदर्शन कर आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। कांग्रेस ने निगम मुख्यालय के सामने जमकर प्रदर्शन किया और मेयर मालती राय समेत कमिश्नर का इस्तीफा मांगा।

### डॉक्टर समेत निगम के कई कर्मचारी सस्पेंड

मामले में कार्रवाई करते हुए भोपाल नगर निगम के वेटनरी डॉक्टर बीपी गौर को संभागायुक्त संजीव सिंह ने सस्पेंड कर दिया है जबकि नगर निगम ने स्लॉटर हाउस में तैनात वसीम खान, सलीम खां, राजा खां, शेख युसूफ, वहीद खान, मोहम्मद फैयाज खान, ईसा मोहम्मद, अब्दुल रहमान को सस्पेंड कर दिया है। इसके अलावा, सत्तारुढ़ बीजेपी के पार्षद और निगम के अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने कहा, चाहे असलम चमड़ा हो या कहीं का भी चमड़ा, अगर कोई इस तरह के अपराध में लिप्त पाया गया तो उसे छोड़ा नहीं जाएगा। इस तरह के मामलों में सिर्फ अपराध करने वाले ही नहीं, बल्कि उन्हें संरक्षण देने वाले अधिकारी या कोई भी व्यक्ति भी कार्रवाई से नहीं बचेगा।

# मकर संक्रांति पर जिले भर में हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

## स्नान, पूजा अर्चना कर लोगों ने तिल एवं खिचड़ी का किया दान

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)



जिले भर में बुधवार को हजारों लोगों ने नर्मदा नदी में मकर संक्रांति पर आस्था की डुबकी लगाई। अलसुबह से ही भक्तों की भीड नर्मदा तट में एकत्रित होने लगी। श्रद्धालुओं ने स्नान के उपरांत पूजा अर्चना कर तिल एवं खिचड़ी का दान किया। पर्व के अवसर पर नर्मदा तटों पर मेले भी लगे, जिसमें लोगो ने जमकर खरीदी की। मकर संक्रांति पर पतंग उड़ाकर लोगों ने परम्परा का निर्वहन किया। डिंडौरी में डेम घाट, इमलीकुटी घाट, शनि घाट, जोगी टिकरिया घाट, रामघाट समेत अन्य नर्मदा घाटों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। घाटों पर सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल भी तैनात रहा।

**नर्मदा सिवनी संगम में लगाई गई आस्था की डुबकी, जगह जगह मढ़ई मेले का आयोजन**– जिले के करंजिया विकासखंड अंतर्गत गोरखपुर के पास नर्मदा सिवनी संगम में सैकड़ों लोगों ने आस्था की डुबकी लगाई। इस अवसर पर नर्मदा नदी के दोनों तटों पर तथा धार्मिक मान्यताओं वाले स्थान में दिनभर भजन कीर्तन के साथ अन्य धार्मिक कार्यक्रमों के साथ एक दिवसीय मेले का आयोजन किया गया, जहां लोगों की भीड़ उमड़ी। सिवनी नर्मदा नदी संगम तट पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाकर तिल, खिचड़ी का दान कर पुण्य लाभ लिया। मकर संक्रांति के मौके गांव गांव में मड़ई में लोगों ने लुत्फ उठाया। जहां सजी विभिन्न दुकानों में खरीदी के लिए लोगों की भीड़ लगी रही।जिले के जनपद शहपुरा अंतर्गत मालपुर घाट में कन्हैया संगम में लोगों ने आस्था की डुबकी लगाकर पुण्य लाभ लिया। इस अवसर पर मेला का भी आयोजन किया गया। बतलाया गया कि पूर्व में यह मेला 15 दिनों तक भरा जाता था लेकिन अब पांच दिनों तक ही मेला भरा रहता है जहां दूर-दूर से व्यापारी पहुंचते हैं। मकर संक्रांति पर्व में भरने वाली मेला में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और मेला घूमने समेत खरीदी की। बच्चों ने खिलौने, महिलाओ, युवतियों ने सौंदर्य प्रसाधन सामग्री खरीदी। इसके अलावा लोगों ने घाट के किनारे भोजन और खिचड़ी बनाकर स्वाद लिया।

### मेंहदवानी के कुटरई में हुआ मेला का आयोजन

जनपद मेहंदवानी अंतर्गत ग्राम कुटरई और कोसमघाट में मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में बुधवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालओ ने मां नर्मदा में डुबकी लगाई। स्नान के बाद घाट में स्थित मंदिरों में श्रद्धालुओ ने पूजा पाठ कर दान पुण्य भी किया। मां नर्मदा में तिल मिले जल से स्नान कर तिल के लड्डू दान किए गए। इस अवसर पर कुटरई में मेला का भी आयोजन किया गया। परिवार सहित लोगों ने मेला का लुत्फ भी उठाया। मेला में सजी विभिन्न सामग्रियों की दुकानों से लोगों ने खरीदी भी की। बच्चों ने गुब्बारे सहित अन्य खिलौने खरीदे। महिलाओं ने मनिहारी दुकान से बिंदी, कंगन, सिंदूर, चूड़ी सहित सामग्री की खरीदी की। मेला में स्थानीय मिठाईयो का भी स्वाद लिया। मेला में सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल तैनात रहा।

# मध्यान भोजन योजना में रिश्वत मांगने के गंभीर आरोप

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)** जिले में प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े हो गए हैं, जहां राम जीवन वर्मा सहायक परियोजना अधिकारी (संविदा) पर फर्जी मूल निवासी प्रमाण पत्र के आधार पर नौकरी प्राप्त करने का प्रमाणित आरोप सामने आने के बाद मई 2025 में उन्हें सेवा से पृथक किया गया था, उक्त फर्जी नियुक्ति का प्रकरण वर्तमान में उच्च न्यायालय जबलपुर में विचाराधीन है, इसके बावजूद लंबित न्यायालयीन मामले की अनदेखी करते हुए उन्हें पुन: महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा जाना प्रशासनिक विवेक पर सवाल खड़े करता है। हाल ही में राम जीवन वर्मा के विरुद्ध मध्याह्न भोजन योजना के अंतर्गत कार्यरत रसोइयों एवं स्व सहायता समूहों द्वारा रिश्वत मांगने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं, किंतु इन आरोपों की गंभीरता के बावजूद अब तक किसी स्वतंत्र या निष्पक्ष जांच के आदेश जारी न होना प्रशासनिक उदासीनता को दर्शाता है और शिकायतकर्ताओं के साथ अन्याय की स्थिति उत्पन्न करता है। लगातार हो रही शिकायत के बावजूद भी जांच कार्रवाई नहीं होना प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर प्रश्न चिन्ह लगाता है। मंगलवार को भी रसोईयों द्वारा आयोजित जनसुनवाई में षिकायत दर्ज कराई गई है जिसमें आरोप लगाया गया है कि एमडीएम प्रभारी को रिष्वत नहीं देने के कारण उन्हें काम से निकाल दिया गया। स्थापना शाखा कर्मचारियों की नियुक्ति, पदस्थापना, सेवा पुस्तिका, वेतन निर्धारण, गोपनीय प्रविष्टियां, अनुशासनात्मक कार्यवाही एवं अन्य अत्यंत संवेदनशील दस्तावेजों से जुड़ी होती है, ऐसे में विवादों से घिरे अधिकारी को इस शाखा का प्रभार सौंपना न केवल प्रशासनिक प्रक्रिया की पारदर्शिता पर प्रश्न खड़ा करता है बल्कि संभावित अनियमितताओं की आशंका को भी बढ़ाता है। प्रशासनिक विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसी स्थिति में सेवा पुस्तिका एवं व्यक्तिगत फाइलों में परिवर्तन, नियुक्ति एवं संविदा संबंधी अभिलेखों में हेरफेर, गोपनीय प्रविष्टियों में मनमाना संशोधन, शिकायत एवं जांच से जुड़ी फाइलों को प्रभावित करना तथा वेतन, मानदेय और सेवा अवधि से संबंधित रिकॉर्ड में बदलाव जैसी अनियमितताओं की संभावनाओं से इनकार नहीं किया जा सकता। जानकारी के अनुसार रामजीवन वर्मा प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत करंजिया में 1 मार्च 2023 से 12 अक्टूबर 2023 तक पदस्थ रहे। इस दौरान सचिव ग्राम पंचायत भुसण्डा के विरुद्ध कूटरचित दस्तावेज से नौकरी करने के आरोप लगे थे जिसकी शिकायत कलेक्टर कार्यालय में दर्ज कराई गई थी जिसका प्रकरण टीएल में लंबित था । लेकिन प्रभारी सीईओ पर प्रकरण को नस्तीबद्ध करने के आरोप लगे थे इस बावद शिकायतकर्ता द्वारा न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत किया गया है, जिसमें तत्कालीन प्रभारी सीईओ, सहायक परियोजना अधिकारी रामजीवन वर्मा को भी पार्टी बनाया गया है। हालांकि मामला न्यायालय में विचाराधीन है।

# हल्का पटवारी पर फौती काटने के लिए रिश्वत की मांग, किसान का आरोप

डिंडौरी

पटवारी पर फौती काटने के एवज में रिश्वत की मांग करने का आरोप एक किसान ने लगाया है जिसकी शिकायत विगत दिन कलेक्टर कार्यालय में की गई है। शिकायतकर्ता ईश्वर सिंह पिता स्व. नानबब्बू निवासी ग्राम घानाघाट ने शिकायत में बतलाया कि मेरे पिता नानबब्बू के नाम पर ग्राम घानाघाट में स्थित भूमि खसरा नम्बर 981/1, और 981/2 रकवा क्रमष 0.03 एवं 0.01 हेक्टेयर भूमि है लेकिन पिता की मृत्यु हो जाने के बाद भूमि उसके स्वामित्व में राजस्व रिकार्ड में दर्ज किया जाना है पिता की फौती काटने के एवज में पटवारी द्वारा 5 हजार रुपये की मांग की जा रही है। किसान ने बतलाया कि उसकी आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं है कि वह पटवारी को रिश्वत दे सके। पिछले एक वर्ष से पटवारी से फौती नामा काटने की गुहार लगा रहा है लेकिन फौती नाम नहीं काटा गया। किसान ने आरोप लगाया कि पटवारी ने मनमाने तरीके से नक्शा भी गलत काट दिया है। इस बात की जानकारी सीमांकन कराने के बाद पता चला है। बतलाया गया कि पटवारी की मनमानी के कारण हम किसानों के बीच विवाद की स्थिति पैदा हो गई है।

# आशा कार्यकर्ताओं ने लगाई जुलाई माह से अब तक का मानदेय दिलाने गुहार

**डिंडौरी।** जिले की समस्त आशा कार्यकर्ताओं ने जुलाई 2025 से अभी तक का मानदेय दिलाए जाने की मांग कलेक्टर से की है। मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में दिए गए आवेदन में जिले में कार्यरत आशा कार्यकर्ताओं ने बतलाया कि उन्हें माह जुलाई 2025 से अभी तक वेतन प्रदाय नहीं किया गया है। संबंधित अधिकारियों से वेतन के सम्बंध में चर्चा किए जाने पर उनके द्वारा कहा जा रहा है कि पूरा वेतन प्रदाय किया जा चुका है। सम्बंधित अधिकारी द्वारा आशा कार्यकर्ताओं के साथ अच्छा व्यवहार नहीं किए जाने का भी आरोप लगाया गया है। सभी आशा कार्यकर्ताओं को जो कार्य दिया जाता है वह निष्ठा पूर्वक किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त महीने में दो बार किशोर किशोरी की बैठक ली जाती है, उसमें होने वाले व्यय का भी भुगतान नहीं मिलता है। आशा कार्यकर्ताओं को कई विषम परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। गर्भवती महिलाओं को प्रसव के लिए स्वास्थ्य केन्द्रों में लाना ले जाना पड़ता है। सभी कार्य आशा कार्यकर्ताओं द्वारा समय पर पूरा किया जाता है। बावजूद इसके उन्हें समय पर मानदेय प्रदाय नहीं किया जा रहा है।

# सीसी सड़क निर्माण में मूल्यांकन से अधिक व्यय करने के आरोप, वसूली कार्रवाई प्रस्तावित

## मामला जनपद पंचायत बजाग के लालपुर ग्राम पंचायत का

डिंडौरी






जनपद पंचायत बजाग अंतर्गत ग्राम पंचायत लालपुर में सरपंच सचिव द्वारा कराये गये सीसी सडक, ग्रेवल रोड सहित चेक डेम निर्माण में की गई मनमानी की शिकायत के बाद अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बजाग के आदेश पर गठित जांच टीम ने निर्माण कार्य में धांधली उजागर की है जिसमें सीसी सड़क निर्माण कार्य में मूल्यांकन से अधिक राशि व्यय किया जाना पाया गया है। इसके साथ ही ग्रेवल रोड में भी अनियमितता सामने आई है तथा चेक डेम निर्माण कार्य में भी गड़बड़ी पाई गई है। तहसीलदार बजाग, सहायक यंत्री जनपद पंचायत करंजिया एवं सहायक परियोजना अधिकारी जनपद पंचायत बजाग की संयुक्त टीम के द्वारा ग्राम पंचायत लालपुर में हुई शिकायत पर की गई जांच के बाद सोमवार को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बजाग को प्रस्तुत किये गये प्रतिवेदन में उल्लेख किया गया है कि सीसी सडक मुख्य मार्ग से सुदामा के घर तक जिसकी तकनीकी स्वीकृति राशि 6.04 लाख रुपये है। स्थल पर जांच के दौरान माप अनुसार सीसी सड़क का मूल्यांकन करने पर कुल मूल्यांकन 128314 रुपये पाया गया, वहीं ग्राम पंचायत द्वारा प्रदाय व्हाउचर अनुसार कुल व्यय 469410 रुपये पाया गया जो कि मूल्यांकन से 341096 रुपये अधिक है। निर्माण एजेंसी ग्राम पंचायत द्वारा जांच के दौरान सीसी रोड की माप पुस्तिका भी प्रस्तुत नहीं की गई, तथा प्रस्तुत कथन में उपयंत्री से मूल्यांकन कराने का भी लेख नहीं किया गया है। पंचायत द्वारा मूल्यांकन से अधिक व्यय राशि 341096 रुपये वसूली योग्य प्रस्तावित किया गया है। वहीं शिकायत अनुसार ग्रेवल रोड बैगान टोला डोंगरी से दनसी कोन्हा लालपुर तक का भी निरीक्षण किया गया जिसमें पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा उक्त रोड में सबग्रेड लेबल तक कार्य कराया गया है। सबग्रेड कार्य में उबड खाबड स्तर पाया गया, कार्य प्रगतिरत होने की दशा में निरीक्षण कार्रवाई तक मटेरियल की राशि का सबग्रेड पर व्यय नहीं पाया गया। टीम द्वारा उक्त कार्य को ठीक करवाकर जीएसबी लेयर एवं सरफेस कोर्स लेयर का कार्य करने हेतु निर्देशित करना उल्लेख किया गया है। साथ ही गुणवत्ता संबंधी रिपोर्ट प्रस्तुत करने तथा मटेरियल भुगतान में रोक लगाना लेख किया गया है। वहीं मुलेष्वर घाट के पास चेक डैम निर्माण कार्य का भी टीम द्वारा निरीक्षण किया गया तथा माप पुस्तिका में लिये गये माप का सत्यापन किया गया जहां कार्यस्थल पर कार्य संपादित होना पाया गया। जांच टीम द्वारा प्रतिवेदन अग्रिम कार्रवाई के लिए प्रेषित कर दिया गया है।

# पंडित शम्भू नाथ विश्वविद्यालय में कृषि आधारित उद्योगों से शहडोल संभाग के आर्थिक विकास पर वाणिज्य विभाग का सेमिनार सम्पन्न

शहडोल



पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय, शहडोल के वाणिज्य विभाग द्वारा पी.जी. प्रथम वर्ष एवं पी.जी. द्वितीय वर्ष के छात्रों के संयुक्त तत्वावधान में उनके पाठ्यक्रम के अंतर्गत शहडोल संभाग के आर्थिक विकास में कृषि आधारित उद्योगों की संभावनाएं एवं चुनौतियां विषय पर एक दिवसीय शैक्षणिक सेमिनार का सफल आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के माननीय कुलगुरु प्रो. रामशंकर ने की। इस अवसर पर संकायाध्यक्ष प्रो. प्रवीण शर्मा, परिसर प्रभारी प्रो. गीता सराफ, वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार गुप्ता मंचासीन रहे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में के. एस. सोलंकी, महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, शहडोल तथा आर. के. पटेल, संचालक सिया रोज़ गार्डेन की गरिमामयी उपस्थिति रही। सेमिनार को संबोधित करते हुए कुलगुरु प्रो. रामशंकर जी ने कहा कि 卐शहडोल संभाग कृषि संसाधनों से समृद्ध क्षेत्र है। यदि यहां कृषि आधारित उद्योगों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार और उद्यमिता से जोड़ा जाए तो यह क्षेत्र आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकता है। युवाओं को नौकरी खोजने वाला नहीं बल्कि रोजगार सृजित करने वाला बनना होगा। विश्वविद्यालय का दायित्व है कि वह छात्रों को स्थानीय संसाधनों पर आधारित उद्योगों के लिए तैयार करे। उन्होंने कृषि प्रसंस्करण, लघु एवं कुटीर उद्योग, स्टार्टअप संस्कृति तथा कौशल विकास पर विशेष बल दिया। मुख्य वक्ता के. एस. सोलंकी ने जिला उद्योग केंद्र की योजनाओं, सरकारी अनुदान, ऋण सुविधाओं एवं कृषि आधारित उद्योगों की स्थापना की प्रक्रिया पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए छात्रों को उद्यमिता की ओर प्रेरित किया। वहीं विशिष्ट अतिथि आर. के. पटेल ने अपने व्यावहारिक अनुभव साझा करते हुए बताया कि किस प्रकार स्थानीय स्तर पर कृषि उत्पादों से जुड़े उद्योग रोजगार के नए अवसर पैदा कर सकते हैं। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार गुप्ता ने सेमिनार की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि ऐसे अकादमिक आयोजन छात्रों के शोध दृष्टिकोण को विकसित करने के साथ-साथ उन्हें क्षेत्रीय समस्याओं के समाधान की दिशा में सोचने के लिए प्रेरित करते हैं। संकायाध्यक्ष प्रो. प्रवीण शर्मा एवं परिसर प्रभारी प्रो. गीता सराफ ने भी छात्रों को अध्ययन के साथ व्यवहारिक ज्ञान अर्जित करने का संदेश दिया। सेमिनार के दौरान छात्रों द्वारा विषय से संबंधित शोध पत्र प्रस्तुत किए गए, जिनमें कृषि आधारित उद्योगों की संभावनाओं, चुनौतियों, बाजार, पूंजी, तकनीक एवं रोजगार सृजन जैसे पहलुओं पर सारगर्भित चर्चा हुई।

# कंचनपुर के शासकीय हाई स्कूल में आयोजित हुआ आनंद उत्सव



शहडोल

अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मुद्रिका सिंह की उपस्थिति में जनपद पंचायत सोहागपुर के अंतर्गत कंचनपुर शासकीय हाई स्कूल में मकर संक्रांति के अवसर पर आनंद उत्सव का आयोजन किया गया। अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मुद्रिका सिंह ने कहा कि आनंद उत्सव का उद्देश्य गांव से शहर तक के लोगों को आनंद से जोड़ने की पहल है, इसमें महिलाओं बुजुर्गों युवाओं और बच्चों की भागीदारी सुनिश्चित की गई है इस उत्सव में सभी नागरिक बढ़कर सहभागिता निभाएं। उन्होंने कहा कि आनंद उत्सव सकारात्मक सोच और मानसिक सुकून को बढ़ावा देता है। आनंद उत्सव के तहत खेलकूद एवं स्थानीय सांस्कृतिक कार्यक्रम की गतिविधियाँ आयोजित की गई।इस अवसर पर समाजसेवी अर्जुन सोनी, दौलत मनमानी, कैलाश विशनानी, भूपेंद्र मिश्रा सहित स्कूल के शिक्षक एवं विद्यार्थियों ने भी बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई।

# गोदावल मेला का शुभारम्भ होते ही ठेकेदारो ने शुरु की लूट, निकाय की छवि हो रही धूमिल

ब्यौहारी





मकर संक्राति के शुभ अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ब्योहारी के संस्कृति विरासत व गौरवशाली धरोहर मानेजाने वाले गोदावल धाम पर विशाल मेला का शुभारम्भ आज 14 जनवरी को ब्योहारी विधायक शरद जुगलाल कोल द्वारा फीता काटकर किया गया। गोदावल धाम मे मेला का आयोजन सदियों पूर्व से मकर संक्राति के अवसर पर हो रहा है। इस मेले मे दूर दराज से लोग व छोटे बड़े ब्यापारी ब्यपार के लिये आते है और उत्साह के साथ लोग अपने परिवार के साथ मेले का आनंद लेने आते है। ब्योहारी क्षेत्र का यह धार्मिक स्थल गोदावलधाम मेले मे आने वाले सैकड़ो ब्यपारियों के जीवन यापन का एक प्रमुख साधन भी है किन्तु कुछ वर्षो से नगरीय निकाय के देख रेख मे ठेकेदार द्वारा अवैध वसूली कर गोदावल मेले की प्रतिष्ठा को धूमिल करने का कार्य लगातार किया जा रहा है।

**अवैध वसूली से निकाय की छवि हो रही धूमिल** –मेले की ब्यवस्था को लेकर नगर परिषद द्वारा विभिन्न मदो का ठेका दिया गया है जंहा ठेकेदारो द्वारा आम नगरीको से अघोषित लूट की जा रही है। मेले मे आने वाले लोगों का आरोप है कि सायकल स्टैंड मे ठेकेदार द्वारा प्रति मोटर सायकल 20 रूपये की जगह 30 रूपये वसूला जा रहा है और रसीद मे ठेकेदार द्वारा न तो मोटर सायकल का नंबर डाला जाता है और न ही पैसा दर्ज किया जा रहा है।

**वाहन गुमने पर कौन होगा जबाब दार** –वाहन ठेकेदार द्वारा जारी किये जा रहे रसीद को लेकर आम नगरीको मे असमंजस व भय बना हुआ है। उनका कहना है कि वाहन ठेकेदार द्वारा जो रसीद दी जा रही है वह नगर परिषद से सत्यापित नहीं है। यदि मेला मे किसी का वाहन स्टैंड से चोरी हुआ तो उसका जबाब दार कौन होगा क्या इस रसीद के दम पर वाहन मालिक वाहन पाने के लिये क्लेम कर सकता है इस बात पर नगरीय प्रशासन को गौर करना होगा और आम लोगों के वाहन की सुरक्षा को लेकर ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्यवाही की आवश्यकता है।

### इनका कहना –

शिकायत मिली है। ठेकेदार को निर्धारित पैसा लेने के लिये बोल दिया गया है इसके बाद भी अवैध वसूली होती है तो ठेका निरस्त करने की कार्यवाही की जायेगी।

**शरद गौतम**
**मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद ब्योहारी**

गौरवशाली मेला है मैंने पहले भी पेपर और फेसबुक के माध्यम से कहा था और अब भी बोल रहा हूँ। यदि अवैध वसूली होगी तो कांग्रेस पार्टी मेला मे धरणा प्रदर्शन करेगी।

**विनोद ताम्रकार**
**पूर्व ब्लाक अध्यक्ष कांग्रेस पार्टी**





# मां रेवा के तटों पर उमड़ा आस्था का सैलाब धूमधाम से मनाया गया मकर संक्रांति का पर्व

## श्रद्धालुओं ने जमकर किया स्नान-दान, मौके पर तैनात रहा पुलिस बल

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

बुधवार को शहरभर में मकर संक्राति का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस पर्व के साथ षट्तिला एकादशी व्रत पढ़ने से श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला। ज्योतिषाचार्यो ने षट्तिला एकादशी और मकर संक्रांति पर्व के एक साथ पढ़ने को बेहद ही शुभ बताया। वहीं कई जगहों पर आज यानी 15 जनवरी को भी मकर संक्रांति का पर्व मनाया जाएगा। सूर्य के राशि परिवर्तन के समय की वजह से मकर संक्रांति की तारीख को लेकर पंचांग भेद हैं, कुछ जगहों पर 14 जनवरी को और कुछ जगहों पर 15 तारीख को ये पर्व मनाया जाएगा। मकर संक्रान्ति पर्व पर शहर के ग्वारीघाट, उमा घाट, तिलवारा घाट, लम्मेटी घाट आदि मां नर्मदा के घाटों पर सुबह से भक्तों का तांता लगा रहा। इस अवसर पर लोगों ने नर्मदा स्नान कर देवी-देवताओं की विधि विधान से पूजा कर गरीबों को अन्नदान किया। सूर्य के निकलने के साथ गुनगुनी धूप होते ही नर्मदा घाटों पर स्नान के लिए भीड़ जुट गई। सिरसा गंगाघाट पर पांटून पुल होने से स्नान करने वाले श्रद्धालु पुल से गंगा उस पार रेते पर पहुंच गए। किसी प्रकार की अनहोनी घटना न हो इसे देखते हुए चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल मौजूद रहा। हांलाकि पिछले वर्ष से श्रद्धालुओं की भीड़ काफी कम रही।

## उत्तर मध्य विधानसभा में आयोजित हुआ पतंग महोत्सव

मकर संक्रांति के पावन पर्व पर उत्तर मध्य विधानसभा में विधायक डॉ अभिलाष पाण्डेय के संयोजन में विधानसभा के अंतर्गत संगठन को दृष्टि से आने वाले सभी पांचों मंडलों में भव्य पतंग महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में बच्चे,बड़े और बुजुर्गों ने सम्मिलित होकर एक दूसरे को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं प्रेषित की एवं पूरे उत्साह,उमंग और उल्लास के साथ पतंग महोत्सव मनाया।इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष रत्नेश सोनकर भी उपस्थित रहे। इस दौरान विधायक डॉ अभिलाष पाण्डेय ने कहा कि देशभर में मकर संक्रांति मनाई जा रही है।





## 51 क्विंटल खिचड़ी का विशाल भंडारा आयोजित

हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट में सन 1994 से लगातार 33 वे वर्ष में मकर संक्रांति पर्व पर आश्रम के संस्थापक स्वामी रामचंद्रदासजी महाराज के सानिध्य में भगवान राधा कृष्ण को खिचड़ी का प्रथम भोग लगाकर श्रद्धालुओं को वितरित किया गया। स्वामीजी ने उद्बोधन में कहा आज का दिन आपस में मतभेद बुलाकर तिल के लड्डू खाकर खिलाकर खुशी जाहिर करना चाहिए। आश्रम में संकीर्तन भजन कवि सम्मेलन ने अपनी प्रस्तुति पेश की सबका मन मोह लिया। भेड़ाघाट में 14 तारीख पर आस्था भारी पड़ गई विशाल जनसमूह का आना जारी रहा। असंस्थापक डॉ सुधीर अग्रवाल ने बताया आज से 32 साल पहले 11 किलो खिचड़ी से चालू किया गया भंडारा जो धीरे-धीरे 51 किंवटल पर पहुंच गया है।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया पतंग महोत्सव



संस्कारधानी के रांझी क्षेत्र स्थित लाला लाजपत राय वार्ड में मकर संक्रांति का पावन पर्व पारंपरिक उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी वार्ड में भव्य पतंग महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रंग-बिरंगी पतंगों से सजे आसमान और ढोल-नगाड़ों की थाप ने पूरे माहौल को उत्सवमय बना दिया। नि:शुल्क पतंग वितरण और सामूहिक उत्सव कार्यक्रम के दौरान आयोजकों द्वारा प्रतिभागियों को नि:शुल्क पतंग और डोर का वितरण किया गया। वार्डवासियों ने एक साथ मिलकर पतंगबाजी का आनंद लिया और एक-दूसरे को तिल-गुड़ खिलाकर पर्व की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर पार्षद राजेश यादव, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष रविंद्र कुशवाहा, ब्लॉक अध्यक्ष आशुतोष वत्स, संजू ठाकुर, निर्मल चंद जैन, सौरभ यादव, देवेंद्र शर्मा, सचिन सेन, सुमित यादव, विनोद कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी शामिल हुए।

# हर परिस्थिति में मनुष्य को मुस्कुराने की क्षमता देता है अध्यात्म

## आत्मबोध से आनंद की यात्रा विषय पर मुनि श्री प्रमाणसागर महाराज के उद्गार

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

आत्म-बोध और सकारात्मक सोच अपनाने से जीवन का कायाकल्प संभव है। उपरोक्त उद्गार गुणायतन प्रणेता मुनि श्री प्रमाणसागर महाराज ने आत्मबोध से आनंद की यात्रा विषय पर सम्बोधित करते हुये व्यक्त किये। मुनि श्री ने कहा कि हर मनुष्य सुख चाहता हैऔर सुख की तलाश में हम वस्तु, व्यक्ति, परिस्थिति, और भाग्य पर केन्द्रित होकर अपने सुख की तलाश करते है। मुनिसंघ के प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी ने बताया प्रात:8.40 से मुनि श्री के प्रवचन एवं दौपहर 2.45 से शंका समाधान का कार्यक्रम संपन्न हो रहा है। मुनि श्री ने कहा कि हमारा पूरा जीवन वस्तुओं के पाने, अथवा वस्तुओं संरक्षित करने में खपा देते है, इसके उपरांत भी सुख हमारे हाथ नहीं आता उन्होंने उदाहरण देते हुये पूंछा बताओ आज से बीस साल पहले जितनी वस्तुऐं तुम्हारे पास नहीं थी उससे कंही अधिक वस्तुएं आज तुम्हारे पास है। धन संपदा बहु त बड़ी है, लेकिन बीस साल पहले जो तुम्हारे मन को शांति थी, आज उतनी शांति नहीं है। समृद्धि तो बढ़ गयी लेकिन शांति घट गयी उसका कारण हैहम व्यक्तियों में अपनी खुशी को तलाशते रहे और हमारी जिंदगी पराश्रित हो गई।

### पल भर में बदल सकती है परिस्थिति

मुनि श्री ने कहा कि जिस परिस्थिति के कारण तुम खुशी महसूस कर रहे थे वही विपरीत परिस्थिति तुम्हें रुला देती है। उदाहरण देते हुये कहा कि एक व्यक्ती ने लॉटरी का टिकट खरीदा और उसने पेपर में देखा तो एक करोड़ की लांटरी खुल गई। उसकी खुशी का कोई ठिकाना नहीं और उसने अपने मित्रों को एक होटल में पार्टी दे डाली। दूसरे दिन फिर वहीं न्यूज पेपर आया तो उसमें कालम क्षमा था भूलसुधार। प्रथम पुरस्कार में जो नम्बर छपा था उसमें आखरी पांच डिजिट में आखरी नं. दो के स्थान पर एक पढ़ें, उसने अखबार को पड़ा और जो अखबार कल खुशी लेकर आया था आज वही अखबार मातम



का कारण बन गया । मुनिसंघ के प्रवक्ता अविनाश जैन एवं सुवोध कामरेड ने बताया कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलाचरण एवं आचार्य श्री के चित्र पर दीप प्रज्जवलन से हुआ तथा कार्यक्रम का संचालन अमित पड़रिया ने किया। आज गुरुवार के प्रवचन का विषय रिश्तो की डोर, अपेक्षा कम प्रेम ज्यादा पर रहेगा। सकल दि. जैन समाज जबलपुर ने सभी से समय पर पधारने का अनुरोध किया है।

# सिहोरा विकास की रणनीति पर हुई चर्चा

**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** सिहोरा वासियों के साथ मिलकर सिहोरा को विकास की नई दिशा देने की रणनीति तय की जाएगी। उक्त बांते मंगलवार को सिहोरा विधायक संतोष बरकड़े ने क्षेत्रीय नागरिकों की एक औपचारिक बैठक में कहीं। जिसमें सिहोरा के सर्वांगीण विकास को लेकर



महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में उपस्थित जनों ने सिहोरा विकास की दूरदर्शी सोच के साथ अनेक महत्वपूर्ण सुझाव रखे। इनमें सिहोरा में महिला महाविद्यालय की स्थापना, केंद्रीय विद्यालय की स्वीकृति, आईटीआई भवन का निर्माण, बारी बहु परियोजना, तथा अरुणाभ घोष स्टेडियम के उन्नयन जैसे प्रमुख मुद्दे शामिल रहे। इसके अलावा शिक्षा, खेल, रोजगार और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार पर भी विस्तृत चर्चा हुई। वार्ता में निर्णय बना कि विधायक सिहोरा के जागरूक लोगो की बैठक आयोजित कर सिहोरा विकास की रूपरेखा सुनिश्चित करेंगे। बैठक में पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष प्रकाश पांडे, अनिल जैन, अरुण जैन, शिशिर पांडे आदि उपस्थित रहे।

## कुत्ते के भौंकने पर भिड़े दो पक्ष

**जबलपुर।** माढ़ोताल थाना क्षेत्रातंर्गत चंगी राजा बड्डा की गली में कुत्तें के भौंकने को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गये। जिसमें दोनों पक्षों ने एक दूसरे के साथ लाठी, डंडे व चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

पुलिस ने बताया कि चुंगी राजा बड्डा की गली निवासी सरस्वती बाई चौधरी के घर पालतू कुत्ता है, जो कि बीती रात करीब डेढ़ बजे भौंक रहा था। उसी समय मोहल्ले के अजय व दुर्गेश अहिरवार पहुंचे और कहने लगे कि तुम्हारा कुत्ता क्यों भौंक रहा है, उसे चुप कराओं। इसी बात को लेकर दोनों ने गालीगलौज शुरु कर दी, इसी दौरान सरस्वती का बेटा धर्मेन्द्र भी आ गया। जिसके बाद दोनों पक्षों में विवाद होने लगा। अजय व दुर्गेश के पिता नरबद भी मौके पर पहुंच गये। जिसके बाद पिता-पुत्रों ने मिलकर सरस्वती व उसके बेटे धर्मेन्द्र पर लाठी, डंडे से हमला कर दिया।

# श्रीमद्भागवत पुराण कथा का आयोजन



सिहोरा (स्वतंत्र मत)।

श्रीमद्भागवत पुराण कथा के चौथे दिन कथाव्यास पं रमाकांत पौराणिक ने देवकी के आठ संतानों की उत्पत्ति सहित श्रीकृष्ण जन्म की कथा सुनाई। कथा में राजा दक्ष की सोलहवीं कन्या शक्ति से शिव के विवाह का भी प्रसंग बताया। कथावाचक पं रमाकांत पौराणिक ने कथा का वर्णन कृष्ण जन्मोत्सव से प्रारंभ किया। बताया कि द्वापर में मथुरा देश के दो भाग थे तथा दोनों भाग पर दो बंशो के राजा का राज था। पहले बिष्टवंश में दो भाई देवक व उग्रसेन हुए जिसमे देवक बड़े थे जिनके इकलौती पुत्री देवकी थी जो राजपाट छोटे भाई उग्रसेन को सौंपकर भगवान की पूजा करने चले गई। उग्रसेन को एक पुत्र कंस हुआ जो आताताई था। पिता को जेल में डाल कर राजा बन गया वहीं दूसरी भाग पर यदुवंश का राज जिसके राजा सूरसेन के 10 पुत्र व पांचवी पुत्री थी। सूरसेन की बड़ी पुत्री को महाराजा ने मांगा जो बाद में पांडु की मां कुंती हुई । यदुवंश के बड़े पुत्र वासुदेव थे वासुदेव का 17 विवाह हुआ था, अठारहवां विवाह देवकी से हुआ । इसके बाद कंस ने आकाशवाणी को सुनकर दोनों को जेल में डाल दिया । कथा वाचक ने कहा कि भादोमास की अंधियारी रात को अष्टमी के दिन कंस के मथुरा जेल में अचानक अलौकिक प्रकाश फैलने लगा और माता देवकी के गर्भ से श्री कृष्ण का प्राकट्य हुआ। मुख्य जजमान मिथिलेश कुमार, उमा शुक्ला, राजेंद्र शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

# चड़ार समाज में नवनियुक्त सदस्यों का हुआ गठन



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** ग्राम महंगवा (पाटन) में चड़ार समाज जिला के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष उमाशंकर चड़ार एवं कार्यवाहक अध्यक्ष बहादुर सिंह चड़ार की उपस्थिति में ब्लॉक समिति के गठन की प्रक्रिया के तहत पाटन ब्लॉक से ग्राम विवसा निवासी हरिशंकर चड़ार को ब्लॉक अध्यक्ष, मुन्ना लाल चड़ार उपाध्यक्ष, देवकुमार चड़ार सचिव, राजेश चड़ार सहसचिव, अनिल चड़ार कोषाध्यक्ष, केशरी प्रसाद चड़ार संरक्षकनियुक्त किया गया। इसी के साथ श्याम सुन्दर चड़ार, देवराज चड़ार, नारायण चड़ार, मुन्ना चड़ार संगठन मंत्री, सुरेन्द्र चड़ार, रूपलाल चड़ार संयोजक, नीकराम चड़ार, मूरत चड़ार मार्गदर्शक, पूरनलाल चड़ार, चोखेलाल चड़ार प्रचार मंत्री, मीडिया प्रभारी अजय चड़ार, महेंद्र चड़ार, अतुल चड़ार, रामा चड़ार को भी नियुक्ति प्रदान की गई। इस आयोजन में उपस्थित समाज के सभापति सुरेश प्रसाद चड़ार, देवकरण चड़ार, प्रहलाद सिंह चड़ार, कमलेश चड़ार आदि उपस्थित रहे।

## खमरिया-बेलबाग टीआई बदले

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पुलिस अधीक्षक ने फेरबदल कर खमरिया थाना प्रभारी सरोजनी टोप्पो (चौकसे) को लाइन अटैच कर दिया गया है। खमरिया थाने का प्रभार अब बेलबाग थाना प्रभारी टीआई राजकुमार खटीक को सौंपा गया है। बेलबाग थाना प्रभारी की जिम्मेदारी अब जितेंद्र पाटकर को सौंपी गई है।

# नगर निगम आयुक्त को सौंपा ज्ञापन



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** नगर निगम द्वारा शहर सुंदर व खूबसूरत बनाने के लिए स्वच्छता अभियान के तहत डिवाइडरों के अंदर नर्सरी व पौधे लगाए गए हैं। लेकिन रखरखाव न होने के कारण न ही पौधे सूख रहे हैं, बल्कि इनपर खर्च किए जा रहे लाखों रूपये भी बर्बाद हो रहे हैं। जानकारी अनुसार गोहलपुर अब्दुल हमीद चौक से लेकर अधारताल से महाराजपुर, घमापुर से घंटाघर में गमलों को रखा गया है, लेकिन देखरेख न होने के कारण पौधे सूखकर खराब हो रहे हैं। इसी को लेकर मप्र मुस्लिम विकास परिषद ने निगमायुक्त को ज्ञापन सौंपकर पौधों की देखरेख कर उनको खाद, प्रतिदिन पानी आदि की व्यवस्था किए जाने की मांग की है। इस अवसर पर डॉ मुईन अंसारी, राजा मोहम्मद गुड्डू ,जावेद मिर्जा, ताज उस्मानी ,एडवोकेट जियाउद्दीन ,महताब अली ,शेख निजामी, हाशिम राजा उपस्थित रहे ।

## विद्युत कंपनियों के मुख्यालय में गरिमामय ढंग से मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस समारोह

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** विद्युत कंपनियों द्वारा पाण्डुताल मैदान में आयोजित होने वाला 77 वां गणतंत्र दिवस समारोह उत्साह और गरिमामय ढंग से मनाया जाएगा। इस बात का निर्णय एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के कार्यपालनक निदेशक मानव संसाधन व प्रशासन राजीव गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में लिया गया। बैठक में एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी, मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी, मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी और मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के आयोजन से संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में गणतंत्र दिवस समारोह पर आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रम की रूपरेखा पर समीक्षा की गई।

## महिला महाविद्यालय में आज स्वागत और विदाई समारोह

**जबलपुर।** हितकारिणी महिला महाविद्यालय में आज नव प्रवेशित छात्रों का स्वागत समारोह एवं अंतिम वर्ष की छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया जा रहा है समारोह की मुख्य अतिथि आभा जैन संयुक्त आयुक्त जीएसटी जबलपुर विशिष्ट अतिथि के रूप में नमन अग्रवाल संयुक्त मंत्री हितकारिणी सभा, संजय बघेल सदस्य शासी निकाय महिला महाविद्यालय एवं अब्दुल शाहीर शेख प्राचार्य शासकीय श्रमोदय आवासीय विद्यालय जबलपुर रहेंगे। कार्यक्रम के अध्यक्ष महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ निलेश पांडे होंगे। आयोजकों ने जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष या कार्यक्रम आयोजित होता है जिसमें छात्राओं के द्वारा विभिन्न प्रस्तुतियां दी जाती है एवं नव प्रवेशित छात्राओं को सभा विश्वविद्यालय और उच्च शिक्षा विभाग के संबंध में जानकारी भी प्रदान की जाती है।

# संस्कारधानी के पॉवर लिफ्टरों ने हरियाणा में परचम लहराया

## 34वीं नेशनल बैंचप्रेस प्रतियोगिता में दिखाया दमखम

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

मप्र जागरूक खेल संघ के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया की हाल ही में 34 वीं नेशनल बैंचप्रेस प्रतियोगिता का आयोजन हरियाणा के फरीदाबाद में हुआ था। जिसमें देशभर से 1523 खिलाड़ियों ने भाग लिया। आयोजित प्रतियोगिता में संस्कारधानी के प्रतिभावान खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए क्रमश: स्वर्ण पदक एवं रजत पदक जीत कर न सिर्फ़ जबलपुर संस्कारधानी का नाम रोशन किया बल्कि पूरे मध्य प्रदेश का नाम रोशन किया। इन विजेता खिलाड़ियों में एस तंडेलु विक्रम



अवार्डी, प्रांजल राठौर, पूजा कुमारी सभी ने स्वर्ण पदक जीता और संजय बिल्लौरे, अंजलि पांडे ने रजत पदक जीता। प्रकाश चौकसे, भूपेन्द्र सोनी, सीमा मिश्रा, मनीष चौधरी और बाबूलाल, धनुश्री का सराहनीय प्रदर्शन रहा। इन सभी खिलाड़ियों को डब्ल्यू लाल, ललित जॉन, रॉबर्ट मार्टिन, लॉरेंस मार्टिन, दीनू स्वामी, रॉकसन, राजेश साहू, राजेश सहारिया, अल्बर्ट फ्रैंक, रोमित सिंग, सुनील सोनकर, मनोहर कोहली आदि ने बधाई देते हुए इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# जीवित महिला को दस्तावेज में बता दिया मृत

## पीड़ित महिला बोली अब जीवित बताने के लिए रोजगार सहायक कर रहे पैसों की डिमांड

बालाघाट(स्वतंत्र मत)



पंचायत वेब सीरीज का एक फेमस डॉयलॉग है- च्देख रहे हो विनोद..?ज् इसमें पंचायत के कामकाज पर करारा प्रहार किया गया है. लेकिन बालाघाट के खैरलांजी में भी एक ऐसी ही पंचायत है जिसका नाम सावरी पंचायतज् है. आरोप है कि यहां रोजगार सहायक राजकुमार लिल्हारे ने एक 42 वर्षीय महिला को जीते-जी ही अपनी फाइलों में मार डाला और उसकी रिपोर्ट प्रशासन को भेज दी. नतीजा ये हुआ कि सरकारी योजनाओं का लाभ भी एक साल से मिलना बंद हो गए. सरकारी फाइलों में मृत महिला का नाम रमूला पति स्व. रमेश अटराहे (उम्र 42 वर्ष) सावरी निवासी हैं और उसके पति मृत्युलोक जाने के बाद भी सरकारी फाइलों में जीवित है. फिलहाल, वो सरकारी कागजों में मर चुकी हैं. लेकिन हकीकत में वो हर दिन अपमान और सरकारी ऑफिसों के धक्के झेलकर बेबसी के साथ जी रही हैं. महिला का आरोप हैं कि रोजगार सहायक राजकुमार लिल्हारे अब जीवित साबित करने दस्तावेज सुधारने के लिए पैसा मांग रहा हैं.

जानकारी अनुसार, खैरलांजी जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत सावरी का मामला है. जहां गंभीर प्रशासनिक लापरवाही का मामला सामने आया है. पंचायत रोजगार सहायक की कथित गलत जांच रिपोर्ट के कारण सावरी निवासी रमुला अटराहे को सरकारी अभिलेख समग्र पोर्टल में मृत घोषित कर दिया गया, जबकि वे जीवित हैं. लेकिन समग्र पोर्टल में पांच सदस्य हैं जिसमें उनके पति रमेश अटराहे की मृत्यु हो गई उन्हें जीवित बता रहे हैं. वहीं दो पुत्री और एक पुत्र है. जिसमें एक पुत्र और पुत्री ने अपनी दूसरी आईडी बना ली हैं. शेष समग्र आईडी में अब मृत रमेश और उनकी बेटी का नाम बता रहा हैं.

**पति की मृत्यु और पत्नी को बताया मृत...**- रोजगार सहायक राजकुमार लिल्हारे की एक गलत जांच रिपोर्ट ने काली स्याही की ऐसी लकीर खींची की जिंदा इंसान को कागजों में मार दिया गया और मृत इंसान को जिंदा बता दिया. ऐसी लापरवाही से परिवार एक साल से परेशान है. रोजगार सहायक ने रमुला अटराहे के पति रमेश अटराहे की मृत्यु होने के बाद समग्र पोर्टल पर मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर और जांच रिपोर्ट तैयार कर नाम हटाने की प्रक्रिया शुरू किया जिसमें मृत रमेश अटराहे को समग्र आईडी से हटाने के बजाए उनकी पत्नी रमुला अटराहे को ही मृत बता कर समग्र आईडी से ही हटा दिया. अब रमुला अटराहे जीवित रहने के बाद भी अपने जीवित का दस्तावेज़ बनाने के लिए दफ्तरों के चक्कर काट रहीं हैं.

### अब रोजगार सहायक मांग रहा पैसा...

महिला रमुला ने आरोप लगाया है कि मेरे पति स्व. रमेश अटराहे की मृत्यु हो गई जिन्हें समग्र पोर्टल पर जीवित बता रहे हैं और मैं जीवित रहने के बाद भी मुझे मृत बता रहे हैं यह सारी गलती रोजगार सहायक की है. आगे बोली कि यह काम जानबूझकर किया गया ताकि समग्र आईडी से नाम हटाकर उनके हक के लाभों में गड़बड़ी की जा सके. उन्होंने यह भी बोला कि रोज़गार सहायक अब दस्तावेज सुधारने के लिए पैसा की मांग कर रहा हैं.

### रोजगार सहायक पर हो कार्यवाही...

महिला रमुला ने जिला प्रशासन, कलेक्टर, सीईओ और पंचायत के अधिकारियों से मांग की है कि एक साल से में दस्तावेज में नाम जोड़ने के लिए घूम रही हूं अत: महोदय समग्र आईडी में मेरा नाम जोड़ा जाए और पति का नाम हटाया जाए. साथ ही एक साल से दफ्तरों के चक्करों काट रहीं हूं उसके जिम्मेदार रोजगार सहायक के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाए की भविष्य में ऐसी एक गलती से पूरा परिवार परेशान ना हो.

### इनका कहना हैं

रोजगार सहायक ने रमुला अटराहे को बीते एक वर्ष से समग्र आईडी से नाम हटा दिया और रिपोर्ट में मृत घोषत कर दिया है। जिसको लेकर पीड़ित रमुला को पुन: दस्तावेज में जीवित करने के लिए जनपद, जिला पंचायत और कलेक्टर को आवेदन निवेदन किया गया है। रोजगार सहायक कहता है कि मैं अपनी मर्जी का मालिक हूं पंचायत में आऊ या नहीं मेरी मर्जी है।

**दीपिका रूस्तम दमोह, सरपंच**
**ग्राम पंचायत सावरी**

गांव की रमुला अटराहे का नाम उनके गलत केवाईसी करने के कारण हुआ था उनके पति की मृत्यु होने के बाद नाम हटाने के चलते समग्र आईडी से उनका नाम हट गया था, उन्हें जोड़ने के लिए कार्यवाही की गई हैं जल्द ही नाम जोड़ा जायेगा।

**राजकुमार लिल्हारे, रोजगार सहायक**
**ग्राम पंचायत सावरी**

महिला रमुला को समग्र पोर्टल से हटाने को लेकर जांच की जाएगी। त्रुटि का सुधार किया जाएगा और दोषी पर कार्रवाई की जाएंगी।

**अभिषेक सराफ, सीईओ**
**जिला पंचायत बालाघाट**



## दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया बिरसा तहसील शाखा का गठन

**बालाघाट (स्वतंत्र मत)।** भारतीय बौद्धों के सर्वोच्च धार्मिक सामाजिक संगठन दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया जिसके संस्थापक अध्यक्ष बोधिसत्व डॉ.बाबासाहेब आंबेडकर जी है। बाबासाहेब ने हम सबको अपने समस्त धार्मिक गतिविधियों को सम्पन्न कराने हेतु यह मातृत्व संगठन दिए जिसमें जन्म से लेकर मृत्यु एवं अन्य संस्कार सम्पन्न कर भारत के सारे बौद्धों को एक साथ एक मंच पर रहने हेतु बाबा में निर्देश दिये थे तथा देश समस्त जिला, तहसील, नगर, ग्राम, वार्ड शाखाओं में संस्था की शाखा ओ का गठन कर समाज के अंतिम धम्मबंधु ओ तक समस्त महापुरुषों की विचारधारा पहुंचाने का कार्य हो।इस कार्य के लिए संस्था के मप्र राज्य शाखा के अध्यक्ष डॉ.चरनदास ढेंगरे कई माह से अपनी टीम के साथ चिंतन कर रहे थे। गठन की जवाबदारी जिला शाखा के सचिव आद.आर डी देशभरतार एवं धरम श्यामकुवर जिला सचिव को दि,जिन्होंने अपनी लोगो के बीच जाकर जानकारियों देकर सभी मुख्य धारा में जोड़ने का कार्य किया। गठन हेतु जिलाध्यक्ष अशोक कुमार मेश्राम ने प्रदेश अध्यक्ष डॉ. ढेंगरे के निर्देश से बिरसा निवासी चैनलाल मेश्राम, सुंदरलाल अंगारे, एवं एस एल मेश्राम को संयोजक बनाकर उनके सहयोग से देशभरतार एवं श्यामकुवर को बैठक आयोजिता कर तहसील शाखा गठन सम्पन्न कर कार्यकारिणी की घोषणा की,जिसमें अध्यक्ष दीपक बनसोड महासचिव सी. एल.मेश्राम,उपाध्यक्ष-दुर्गेश अंगारे-आयुनी अरुणा बनसोड- यशवंत बनसोड,कोषाध्यक्ष यशवंत बनसोड,कार्य.सचिव रामकुमार मेश्राम, सचिव-जयंतीलाल भौतमांगें, हेमलता बनसोड़, विमला बनसोड, सुजाता रावतकर, शन्तकला डोंगरे,जितेंद्र डहाटे,सिद्धार्थ घरडे,मोनू रामटेके लेखा परीक्षक देवेश्वर कामडे, संगठक-सुधीर बनसोड बाबूराव वैध,रामू मेश्राम, मयादास गेडाम कार्यकारिणी सदस्य-अशोक ऊके,महेंद्र रावतकर,आदर्श वाहने,चंद्रकांत नागवंशी,कृष्णा रावतकर,संध्या कामडे आदि की नियुक्तिया की।

## दक्षिण उकवा में बच्चों के लिए अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन

**बालाघाट( स्वतंत्र मत)।** मध्यप्रदेश वन विभाग, म.प्र. इको पर्यटन विकास बोर्ड, मध्यप्रदेश लघु वनोपज संघ एवं कैम्पा के संयुक्त तत्वावधान में वन परिक्षेत्र दक्षिण उकवा (सा.) अंतर्गत दक्षिण उकवा की किस नदी क्षेत्र मेंज्अनुभूति कार्यक्रमज्का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को प्रकृति से जोड़ना तथा वनों के महत्व के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत में बच्चों को निर्धारित स्थल पर लाकर स्वल्पाहार कराया गया। इसके



पश्चात उन्हें ट्रेल भ्रमण पर ले जाया गया, जहां बच्चों को पक्षी दर्शन, औषधीय पौधों की जानकारी, वानिकी कार्यों तथा वनों की उपयोगिता के बारे में विस्तार से बताया गया। मानव-वन्यप्राणी संघर्ष के विषय को रोचक बनाने के लिए भालू से संबंधित खेल के माध्यम से बच्चों को समझाया गया, जो उनके लिए ज्ञानवर्धक एवं रोमांचक अनुभव रहा। भ्रमण के उपरांत बच्चों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई। भोजन पश्चात बच्चों की रचनात्मकता एवं बौद्धिक क्षमता को प्रोत्साहित करने हेतु चित्रकला एवं क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि के रूप में अशोक मंडलेकर (जिला अध्यक्ष, लघु वनोपज संघ, बालाघाट) उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्रीमती मालती उइके (सरपंच ग्राम पंचायत बिठली), कमल सिंह धुर्वे (सरपंच ग्राम पंचायत सोनगुड्डा), प्रतापसिंह उइके (अध्यक्ष, ग्राम वन समिति सुंदरवाही) तथा मेहतलाल इनवाती (अध्यक्ष, ग्राम वन समिति दूल्हापुर) भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बच्चों के मार्गदर्शन हेतु मास्टर ट्रेनर चार्ल्स सर का योगदान सराहनीय रहा। कार्यक्रम की सफलता में उपवनमंडलाधिकारी उकवा (सा.) तरुण कुमार डहेरिया, परिक्षेत्र अधिकारी दक्षिण उकवा (सा.) आशुतोष सिंह, परिक्षेत्र अधिकारी उत्तर उकवा (सा.) सुश्री प्रियंका मरकाम सहित सभी परिक्षेत्र सहायकों, वन चौकी प्रभारियों, वनरक्षकों तथा वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# एमपी को नक्सल मुक्त करने पुलिसकर्मियों के लिए खुशखबरी

## 60 पुलिसकर्मियों को मिलेगा आउट ऑफ टर्न प्रमोशन

बालाघाट(स्वतंत्र मत)

मध्यप्रदेश में 1990 से शुरू हुआ लाल आतंक 2025 की अंत में खत्म हो गया और इस सफलता हासिल करने वाली हॉक फोर्स और बालाघाट पुलिस के जवानों के लिए पुलिस मुख्यालय ने खुशियों का पिटारा खोल दिया है। डीजीपी कैलाश मकवाना ने वीरता की मिसाल पेश करने वाले 61 पुलिसकर्मियों को च्आउट ऑफ टर्नज् प्रमोशन देने का ऐतिहासिक आदेश जारी किया है। ये वे जांबाज हैं जिन्होंने अपनी जान जोखिम में डालकर प्रतिबंधित माओवादी संगठन के जीआरबी डिवीजन के मलाजखंड दलम के चार खूंखार एरिया कमेटी सदस्यों को मुठभेड़ में मार गिराया था।

जारी आदेश के अनुसार, विशेष सशस्त्र बल और बालाघाट जिला पुलिस के कुल 61 जवानों के नामों पर विचार किया गया था। इनमें से 60 जवानों को तत्काल पदोन्नत करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। हालांकि, प्रधान आरक्षक संत कुमार धुर्वे के खिलाफ एक अपराधिक प्रकरण दर्ज होने के कारण उनका प्रमोशन फिलहाल चलिफाफा बंदज् रखा गया है।



प्रमोशन की लिस्ट में ये नाम...

च्आउट ऑफ टर्नज् प्रमोशन की सूची में सब इंस्पेक्टर से इंस्पेक्टर- बिपिन चंद्र खलको, इंदर सिंह बिदूरी, शुभम प्रताप सिंह तोमर, रत्नेश मीणा, नर्वदेश श्रीवास्तव। सहायक उप निरीक्षक से उप निरीक्षक- मुनेंद्र सिंह। प्रधान आरक्षक से सहायक उप निरीक्षक- रुद्री चंद्र जखमोला, अनिल सिंह भदौरिया, मत्ते सिंह मरावी, उज्जवल घोरमारे, मनोज कुमार यादव, देवेंद्र धुर्वे, रविंद्र कुशवाह, हरेंद्र सिंह, प्रदीप गोसाई, विनोद कुमार मर्सकोले, उमेश कुमार पटेल, विकास कुमार राजपूत। आरक्षक से प्रधान आरक्षक- मुकेश सगर, विवेक परस्ते, राघवेंद्र सिंह गुर्जर, आशीष रजक, शिवहरि मरावी, प्रवीण धुर्वे, टीकाराम ढकालु, प्रवीण कुमार, असित यादव, राम आशीष यादव, संदीप शर्मा, लोकपाल धाकड़, कृष्णा श्रेष्ठ, जितेंद्र सिंह पटेल, वीर सिंह, शकर चंद्र सरयाम, सुनील परिवार, चंद्रकांत पांडे, सत्यम द्विवेदी, सुनील यादव, देवराज कलमे, सुरेंद्र सिंह मार्को, सुशील उइके, रामलाल भील, उमेश चंद्र दुबे, संतोष कुमार मरावी, प्रदीप कुमार परते, राजा मालवीय, विशाल कुमार सिंह, नरेंद्र सोनबे, दीपक पवार, कन्हैया मरकाम, सुनील सिंह कुशवाह, मुलायम सिंह, वरुण देव सिंह चाहर, मुनीष कुमार द्विवेदी, नीलेश, महेंद्र सिंह, रवि कुमार यादव, छठु यादव, सलेश कुमार द्विवेदी, संजू शर्मा सामिल हैं।

### इसलिए मिला प्रमोशन...

पुलिस अधिकारियों के अनुसान, ये सभी जवान विशेष सशस्त्र बल और बालाघाट जिला पुलिस बल से जुड़े हैं। इन कर्मियों को प्रतिबंधित माओवादी संगठन के जीआरबी डिवीजन के मलाजखंड दलम से जुड़े चार एरिया कमेटी सदस्यों को मुठभेड़ में मार गिराने की कार्रवाई के लिए यह सम्मान दिया जा रहा है। मारे गए नक्सलियों में रीता उर्फ तुब्बी श्रीरांगु हिडामी (पति चंदू उर्फ देवचंद), सुमन, इमला उर्फ तुलसी और रवि मडावी उर्फ बदरेको शामिल हैं।

### मप्र नक्सल मुक्त...

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 21 मार्च 2025 को घोषणा की थी और देशवासियों को यह भरोसा दिलाया कि 31 मार्च 2026 से पहले 'नक्सलवाद 'पूरी तरह खत्म हो जाएगा. अभी तो डेड लाइन करीब आने में 3 माह शेष बचे हैं, लेकिन माओवादियों ने बालाघाट में एक के बाद एक-एक करके 43 दिनों के अंतराल में 13 सक्रिय नक्सलियों ने हथियार डाल दिया और इसी के साथ बालाघाट ही नहीं पूरे स्रूक्र में पूर्णत से माओवादी का खात्मा हो गया.

**इन्होंने दिए अपनी शहादत...**

स्रूक्र के बालाघाट जिले में सन 1990 में थाना बिरसा में नक्सलियों के विरुद्ध पहली एफआईआर दर्ज की गई और फिर नक्सलियों की घटनाएं शुरू हुई, 1991 में थाना बहेला क्षेत्रान्तर्गत सीतापाला में ब्लास्ट कर 09 पुलिसकर्मी शहीद हो गए थे और तभी से अब तक नक्सली विरोधी अभियान में 38 पुलिसकर्मी शहीद हो गए और लाल आतंक के कारण 57 आम नागरिक जनशहीद हुए। इस दौरान 45 नक्सली मुठभेड़ में मारे गए और 28 हार्डकोर नक्सली गिरफ्तार किया गए। इस दौरान हॉक फोर्स, सीआरपीएफ, कोबरा फोर्स, पुलिस जवान के 2200 से अधिक जवानों ने मोर्चा संभाला और 1 नवंबर से 11 दिसंबर तक 43 दिनों के भीतर 13 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। और 35 सालों का एमपी को लगा नक्सली कलंक धुल गया।

## मकर संक्रांति पर धार्मिक स्थलों पर हुआ मेलो का आयोजन


उमरिया (स्वतंत्रमत)



बुधवार 14 जनवरी को मकर संक्रांति का पर्व उमरिया जिला सहित पाली, चंदिया, मानपुर, करकेली सहित ग्रामीण अंचलो मे पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिला मुख्यालय उमरिया स्थित सागरेश्वर नाथ धाम मंदिर मे भव्य मेले का आयोजन किया गया। मेले तक आने वाले लोगो ने भगवान भोलेनाथ कि विधि विधान से पूजा अर्चना कि तथा मेले का आनंद उठाया। इसी तरह मणिबाग मंदिर में भी मेले का आयोजन किया गया जहां पर भी बडी संख्या लोगो ने पहुंचकर मेले का लुत्फ उठाया। पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अभिषेक, हवन-पूजन और दान-पुण्य किया गया। श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में प्रसाद ग्रहण किया। धार्मिक माहौल के बीच पूरे क्षेत्र में भक्ति और उत्साह का वातावरण बना रहा। मेले में धार्मिक कार्यक्रमों के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियों ने भी लोगों का ध्यान आकर्षित किया बच्चों और युवाओं के लिए झूले, मनोरंजन के साधन, खिलौनों की दुकानें और खेल तमाशे विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। वहीं स्थानीय व्यंजनों की दुकानों पर तिल-गुड़, खिचड़ी, मिठाइयों और पारंपरिक पकवानों का लोगों ने जमकर आनंद लिया।मेले के दौरान सुरक्षा और व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। पुलिस बल की तैनाती के साथ यातायात व्यवस्था, स्वच्छता, पेयजल और स्वास्थ्य सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की गई थी। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए प्रशासनिक अमला लगातार निगरानी करता रहा।कुल मिलाकर सागरेश्वर धाम में आयोजित यह ऐतिहासिक मकर संक्रांति मेला आस्था, संस्कृति और परंपरा का संगम बनकर श्रद्धालुओं के लिए यादगार साबित हुआ।

## सिस्टम का मारा हुआ बुजुर्ग जिंदा करने की लगा रहा गुहार

**उमरिया (स्वतंत्रमत)** – जिले में भ्रष्टाचार का अनोखा मामला सामने आया है। जिला कलेक्टर कार्यकाल में उस वक्त सब हैरान हो गए जब व्यक्ति ने दावा किया कि उसे 12 साल पहले ही मरा घोषित कर दिया गया लेकिन वह जिंदा है। बुजुर्ग बैगा जनजाति का रहने वाला है। मृत घोषित किए जाने के कारण उसे सरकार की किसी योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। मामला है करकेली जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत सहजनारा का है। यहां के निवासी घमीरा बैगा को 12 साल पहले से मुर्दा घोषित किया जा चुका है। वह खुद अपने जिंदा होने का सबूत है लेकिन उसके पास ऐसा कोई प्रमाण पत्र नहीं है जिससे यह साबित हो सके कि वह जिंदा है। उसे किसी भी सरकारी योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। वह सैकड़ों बार जिला कलेक्टर की चौखट का दरवाजा खटखटा चुका है लेकिन अभी तक उसकी समस्या का समाधान नहीं हुआ है। मंगलवार 13 जनवरी को जिला कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में 80 वर्षीय आदिवासी बुजुर्ग अपने 75 वर्षीय छोटे भाई के साथ हाथ पर आवेदन लेकर पहुंचा। गिड़गिड़ाते हुए बोला कि साहब अब मैं मरने वाला हूं अब तो मुझे जिन्दा कर दो। मेरे पंचायत के लोग मुझे मार डाले हैं और अब मैं बेसहारा हो गया हूं, खाने तक के लाले पड़े हुए हैं न राशन मिल रहा है न ही पेन्सन।



## सेवा और समर्पण से परिपूर्ण रहा भाजपा जिलाध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल के 1 वर्ष का कार्यकाल



**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** भारतीय जनता पार्टी जिला उमरिया के अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल के 1 वर्ष का कार्यकाल सेवा और समर्पण से परिपूर्ण रहा है। संगठन ने इन्हें 15 जनवरी 2025 को उमरिया जिले के बीजेपी अध्यक्ष के रूप में घोषणा कर संगठन की जिम्मेदारी सौपी थी, जिसके आज 15 जनवरी 2026 को एक वर्ष पूरे होने जा रहे हैं। इस 1 वर्ष में श्री अग्रवाल ने संगठन के द्वारा दिए गए तमाम दायित्वों और जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा के साथ बखूबी निर्वहन किया है उनके 1 वर्ष के कार्यकाल को संगठन के प्रति सेवा और समर्पण के तौर जाना जा रहा है।श्री अग्रवाल ने इस 1 वर्ष में जहां पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं और सभी जेष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं को एकजुट कर एक धागे में पिरोया,वहीं संगठन की गतिविधियों और कार्यक्रमों को पूरे दिशा निर्देशों के तहत सुचारू रूप से क्रियान्वयन किया है।उन्होंने जिस तरीके से पूरे जिले में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को विश्वास में लेकर पूरे तालमेल के साथ एकजुट कर संगठन की गतिविधियों और कार्यक्रमों को बेहतर ढंग से संपन्न करा रहे हैं, इसके पीछे की वजह उनका सरल स्वभाव और उनके प्रति कार्यकर्ताओं का विश्वास रहा है। श्री अग्रवाल छात्र जीवन से ही राजनीति में सक्रिय रहे है इस दौरान वह संगठन के विभिन्न दायित्वों में भी रहे हैं। साल 2006 में वह पहली बार भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष बनाये गए। तब 2008 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने जिले की दोनों विधानसभा सीट में भाजपा को प्रचंड जीत दिलाई थी। वह राजनीति में हमेशा सक्रिय रहे हैं, यही वजह है कि उन्हें भाजपा ने दोबारा जिला अध्यक्ष का पद सौंपा है। लंबे समय तक राजनीति में सक्रिय रहने के कारण आज उनका अनुभव जिला स्तर पर भाजपा के अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को मिल रहा है। उनके भीतर संगठन नेतृत्व क्षमता कूट-कूट कर भरी है। बीते समय में विषम परिस्थितियों में भी उन्होंने अपनी

# उमरिया कलेक्टर और मानपुर तहसीलदार हाजिर हो....!

## 23 जनवरी को हाईकोर्ट जबलपुर में स्वयं उपस्थित होने का निर्देश

उमरिया (स्वतंत्रमत)

जिले के मानपुर तहसील अंतर्गत आने वाले ग्राम चंदवार से एक मामला सामने आया है जहां की रहने वाली अनीता लोनी पति राजमन लोनी का अपने पति से वर्ष 2015 में विवाद हो गया और वह पति को छोड़ कर अपने मायके ग्राम रोहनिया जिला मैहर में रहने लगी। दोनों के बीच काफी प्रयास के बाद भी सुलह नहीं हुआ और अनीता लोनी फैमिली कोर्ट में अपने और दो बच्चों के भरण पोषण के लिए खर्च का दावा कर दी। कोर्ट ने 3000 रुपया प्रति माह देने के लिए राजमन लोनी को निर्देशित कर दी लेकिन राजमन लोनी आज तक एक भी पैसा नहीं दिया जिस पर अनीता ने पुन: आवेदन दिया और कोर्ट ने उसकी चल अचल संपत्ति को कुर्क कर उससे पैसे वसूलने का आदेश दिया, जिसका पालन करवाने को कलेक्टर उमरिया एवं तहसीलदार मानपुर को निर्देशित किया और उसके पालन में न्यायालय में स्वयं उपस्थित होने का निर्देश भी दिया था। इस मामले में उच्च न्यायालय के अधिवक्ता पुरुषोत्तम दास जायसवाल ने बताया कि कलेक्टर उमरिया एव तहसीदार मानपुर द्वारा माननीय उच्च न्यायालय के आदेशानुसार राजमन लोनी पिता गणेशा लोनी की चल अचल संपत्ति को कुर्क करना चाहिए था लेकिन उसके नाम कोई सम्पत्ति न होने की स्थिति में उसके भाइयों की सम्पत्ति को कुर्क कर सरपंच की सुपुर्दगी में दे दिया गया है जो कि न्यायोचित नहीं है, एव कलेक्टर उमरिया तथा तहसीलदार मानपुर को स्वयं न्यायालय के समक्ष उपस्थित होना चाहिए था और वो दोनों लोग उपस्थित नहीं हुए, जिस पर पैरबी करने पर माननीय न्यायालय ने अंतिम मौका देते हुए कलेक्टर उमरिया एवं तहसीलदार मानपुर को 23.01.2026 को स्वयं उपस्थित होने का आदेश जारी किया है।

### खेलो एमपी यूथ गेम्स के तहत जिला स्तरीय प्रतियोगिता 17 एवं 18 जनवरी को

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी सीताराम सत्या ने बताया कि खेलो एम पी यूथ गेम्स 2025 का ब्लाक एवं जिला स्तरीय आयोजन 29 खेलो मे आयोजित किया जाना है।उन्होने बताया कि स्टेडियम मे जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 17 एवं 18 जनवरी को तथा विकासखंड करकेली अंतर्गत चयन स्पर्धा का आयोजन 15 एवं 16 जनवरी को किया जाएगा।

### प्रधानमंत्री धन धान्य योजना अंतर्गत संचालक दलहन विकास भारत सरकार ने किया क्षेत्र भ्रमण

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** संचालक दलहन विकास निदेशालय भारत सरकार कृषि एवं किसान कल्याण विभाग डॉ महेश कुमार द्वारा प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना अंतर्गत विकासखण्ड मानपुर का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने विभाग द्वारा वितरित किये गये चना एवं मसूर के प्रदर्शन का अवलोकन किया गया तथा प्रदर्शन डालने वाले किसानो से रूबरू हुए एवं किसानो द्वारा चना, मसूर की कतार से बोनी किये जाने पर संचालक द्वारा प्रसन्नता व्यक्त की गई।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद उमरिया, जिला उमरिया (म.प्र.)

क्रमांक/49/वि.शा./न.पा./2026 — उमरिया, दिनांक 6.1.2026

### निविदा सूचना

पंजीकृत संविदाकारों/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद उमरिया द्वारा एल.टी.लाईन शिफ्टिंग कार्य कराया जाना प्रस्तावित है। उक्त कार्य के संबंध में दर निर्धारण हेतु इच्छुक व्यक्ति/संस्था से मापदण्ड अनुसार निविदा प्रारूप-अ पर प्रतिशत दर में निविदाएं दिनांक 20-01-2026 दोपहरा 2.00 बजे तक आमंत्रित हैं। निविदा पत्र नगर पालिका परिषद उमरिया में नियत दिनांक तक प्रस्तुत की जा सकती है। निविदाएं दिनांक 20-01-2026 को उपस्थित जन कै समक्ष अपरान्ह 3.00 बजे खोली जायेगी।

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | अमानत लागत | निविदा प्रपत्र शुल्क (GST पृथक से) | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Project for the feeder EX. 0f LT line for street light Krishna nagar single tola ward no.13 | 84115 + (18%GST) | 1682 | 1000.00 | 15 दिवस |

शर्तः- 1. संविदाकार अपनी दर प्राक्कलन अनुसार जी.एस.टी. की राशि को छोड़कर एवं समस्त करों/शुल्क का आक्कलन कर प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। 2. प्रत्येक निविदाकार अमानत राशि राष्ट्रीय बैंक एफ.डी.आर./सी.डी.आर./टी.डी.आर./नगद के रूप में मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगरपालिका परिषद उमरिया के नाम पृथक से निविदा के साथ जमा करना होगा। 3. सशर्त निविदा मान्य नहीं होगी। 4. निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पालिका प्रशासन का निर्णय अंतिम होगा। जिसमें पालिका प्रशासन कारण बताने के लिए बाध्य नहीं है। 5. निविदा से संबंधित अन्य जानकारी/प्राक्कलन नगर पालिका कार्यालय से कार्यालयनी दिवस एवं समय में निर्माण शाखा से प्राप्त की जा सकती है। 6. सफल निविदाकार को अनुबंध के पूर्व 2 प्रतिशत परफारमेंस सिक्यूरटी रासि जमा करना अनिवार्य होगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद उमरिया, जिला उमरिया (म.प्र.)**



## ज्वेलर्स लूटकांड का दसवां आरोपी गिरफ्तार

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** थाना कोतवाली मंडला अंतर्गत 20 नवंबर को आयुषी ज्वेलर्स कटरा में हुई अंधी डकैती एवं दुकान संचालक पर फायरिंग की गंभीर घटना की विवेचना कोतवाली पुलिस द्वारा निरंतर की जा रही है। इसी क्रम में 14 जनवरी को प्रकरण के 10वें आरोपी विष्णु नाथ को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वर्ष 2024 में ट्रैक्टर सर्विस कराने मंडला आने के दौरान उसकी पहचान रोहित भारतीया से हुई थी जिससे लगातार मोबाइल पर संपर्क बना रहा। अक्टूबर 2025 में बस स्टैंड पर पुनः मुलाकात के दौरान रोहित भारतीया ने उसे बताया कि आयुषी ज्वेलर्स की दुकान एवं मकान में भारी मात्रा में सोना-चांदी रखा है तथा लूट कराने पर अच्छा पैसा मिलेगा। इसके बाद आरोपी विष्णु नाथ ने ग्राम मुरेरकला निवासी पंकज गौर से संपर्क कर योजना बनाई। 7 नवंबर 2025 को विष्णु नाथ व पंकज गौर मंडला आए जहां स्थानीय आरोपियों ने दुकान व मकान की रैकी कराई तथा सभी को नर्मदा किनारे स्थित धर्मशाला में रुकवाया गया। अगले दिन सभी वापस लौट गए। 24 नवंबर 25 को पंकज गौर ने विष्णु नाथ से सुल्तानपुर में मुलाकात कर बताया कि हम लोगों ने आयुषी ज्वैलर्स में लूट कर ली है। लूट के बाद आरोपी को प्राप्त लूट की रकम से 1500 शेष पाए गए तथा घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन भी बरामद किया गया। आरोपी विष्णु नाथ उर्फ शिंदे पिता द्वारका नाथ उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम सालेगढ़, थाना सुल्तानपुर, जिला रायसेन को गिरफ्तार किया गया है। वही जप्त सामग्री मोबाइल फोन नकद 1500 जप्त किए गए। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। अब तक की कार्रवाई आयुषी ज्वेलर्स डकैती प्रकरण में अब तक कुल 10 आरोपी गिरफ्तारी की जा चुकी है शेष विवेचना जारी है ।

## जल गुणवत्ता पर हुई जनसुनवाई

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** कलेक्टर द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुक्रम में नगर पालिका परिषद द्वारा जल सुनवाई अभियान एवं संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 13 भगत सिंह वार्ड में निकाय के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा घर घर पहुंचकर नागरिकों से समस्या शिकायतों के संबंध में फीडबैक प्राप्त किया गया इस दौरान नर्मदा कॉलोनी गार्डन में जल सुनवाई का आयोजन किया गया जिसमें वार्डवासियों से संवाद कर सुझाव लिए गए। साथ ही अमृत मित्रों द्वारा घर घर जाकर वॉटर सैंपल एकत्रित कर फील्ड टेस्टिंग भी की गई कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद अध्यक्ष विनोद कछवाहा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी गजानन नाफडे नगर पालिका परिषद के अधिकारी कर्मचारी एवं जल प्रदाय शाखा के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे नगर पालिका परिषद द्वारा प्रत्येक मंगलवार को जल सुनवाई अभियान का आयोजन नगर पालिका टाउनहॉल में प्रात: 11 बजे तक किया जाएगा।

## किसके दबाव में नही हटा रहे अतिक्रमण, होगी भूख हड़ताल

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** बिछिया तहसील की अहमदपुर निवासी सत्तर वर्षीय वृद्धा फांफा बाई साहू पन्ना जिले में शिक्षक के पद पर कार्यरत बेटा रामप्रसाद साहू के घर और जमीन की सुरक्षा के लिए प्रशासन के समक्ष आवेदन निवेदन करते-करते हद पार कर चुकी है। इन दर्जनों आवेदनों के बदले आधे दर्जन से अधिक आदेश बिछिया एस डी एम के आदेश और अंजनिया नायब तहसीलदार न्यायालय से बेदखली वारंट जारी किए जा चुके हैं। बावजूद शासकीय रास्ते से कुंजबिहारी का कब्जा अभी तक नहीं हटाया जा सका है। जबकि इसी स्थान से एक बार कच्चा कब्जा हटाया भी जा चुका है। फांफा बाई के परिवार को अपने ही घर पर रहने में भारी बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है। बल्कि अब तो कुंजबिहारी साहू और उसके परिवार से खतरे का अनुभव करने लगी है। जिससे सुरक्षा पाने पुलिस अधीक्षक को भी 12 जनवरी को आवेदन दे चुकी है।

# कलेक्टर ने उड़ाई पतंग तो नगर पालिका अध्यक्ष ने खेला गिल्ली डंडा, पारंपरिक खेल महोत्सव में दिखे बचपन के दिन

मण्डला(स्वतंत्रमत)।



जिला प्रशासन के तत्वावधान में कुम्भ स्थल पर आयोजित पारंपरिक खेल महोत्सव ने लोगों को बचपन की यादों से जोड़ते हुए उत्साह और उमंग का रंग बिखेर दिया यह आयोजन जिलेवासियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा जहां पारंपरिक खेलों का रोमांच और प्रतियोगिताओं की जीवंतता देखने को मिली महोत्सव में पतंगबाजी गिल्ली-डंडा तथा रस्साकसी जैसे लोकप्रिय खेलों का आयोजन किया गया। इन खेलों में प्रतिभागियों ने पूरे जोश और खेल भावना के साथ भाग लेकर माहौल को उल्लासपूर्ण बना दिया कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण जिला प्रशासन एवं पत्रकारों के बीच हुई रस्साकसी प्रतियोगिता रही जिसमें दोनों पक्षों ने जोर-आज़माइश करते हुए दमखम दिखाया। इस प्रतिस्पर्धा ने दर्शकों के बीच खूब उत्साह पैदा किया और तालियों की गूंज के साथ आयोजन की रौनक और बढ़ गई महोत्सव में जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम एवं नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा की गरिमामयी उपस्थिति रही।

**पारंपरिक खेल में दिखी झलक**-अतिथियों ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम हमारी संस्कृति और पारंपरिक खेलों को जीवंत बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं पारंपरिक खेल महोत्सव में जनप्रतिनिधियों, कलेक्टर जिला पंचायत सीईओ शाश्वत सिंह मीना, एडिशनल एसपी शिवकुमार वर्मा, एसडीएम श्रीमती सोनल सिडाम, डिप्टी कलेक्टर संस्कार बावरिया सहित अन्य अधिकारियों कर्मचारियों पत्रकारों, बच्चों, युवाओं एवं बुजुर्गों ने भी साथ मिलकर पतंगबाजी की और गिल्ली-डंडा खेलकर बचपन की यादों को ताजा किया कलेक्टर ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य भागदौड़ भरी जिंदगी में अपने बचपन के दिनों को याद कर उन्हें जीना है। ऐसे आयोजन हमारी संस्कृति परंपरा और सामाजिक जुड़ाव को मजबूत करते हैं।

### आस्था का अनोखा संगम

सूर्य के मकर राशि में प्रवेश के साथ ही मकर संक्रांति का पावन पर्व जिले में पूरे श्रृद्धा उल्लास और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। सुबह से ही नर्मदा तटों पर भक्ति का जनसैलाब उमड़ पड़ा। चारों ओर हर-हर नर्मदे के जयकारे गूंजते रहे। कहीं आस्था की डुबकी लगाते श्रृद्धालु दिखाई दिए तो कहीं पतंगों से सजा आसमान पर्व की खुशियों को और रंगीन करता नजर आया। मकर संक्रांति के अवसर पर जिले के प्रमुख धार्मिक स्थलों माहिष्मती घाट, हनुमान घाट, त्रिवेणी संगम, देवगांव संगम, सहस्त्रधारा सहित नर्मदा के अन्य घाटों पर सुबह से ही श्रृद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली।

### सांसद ने की पूजा अर्चना

मकर संक्रांति के अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं मंडला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते भी माहिष्मती घाट पहुंचे। उन्होंने मां नर्मदा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और प्रदेश व जिले की खुशहाली कामना की। पूजा के दौरान घाट पर मौजूद श्रृद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। सांसद कुलस्ते ने कहा कि मां नर्मदा केवल एक नदी नहीं बल्कि जीवनदायिनी शक्ति हैं जिनकी कृपा से यह क्षेत्र सांस्कृतिक और आध्यात्मिक रूप से समृद्ध है।

### मनाया गया पतंग उत्सव

मकर संक्रांति पर्व को और खास बनाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा कुंभ स्थल में पतंग उत्सव का आयोजन किया गया। खुले मैदानों और घाटों के आसपास रंग-बिरंगी पतंगें आसमान में लहराती नजर आईं। बच्चों और युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। प्रशासन की ओर से सुरक्षा के मद्देनजर चाइनीज मांझे के उपयोग पर प्रतिबंध के साथ सख्त अपील की गई ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना न हो। पुलिस और प्रशासनिक अमला भी मुस्तैद नजर आया।

### बच्चों में दिखा उत्साह

मकर संक्रांति का पर्व बच्चों के लिए किसी त्योहार से कम नहीं रहा। पतंगबाजी, गुब्बारे, मिठाइयां और खेल-कूद में बच्चे पूरे दिन व्यस्त दिखाई दिए। कई स्थानों पर बच्चों ने पारंपरिक खेलों का आनंद लिया। आसमान में उड़ती रंगीन पतंगें बच्चों के चेहरों पर खुशी की चमक बिखेर रही थीं। परिवारों ने एक साथ समय बिताया और त्योहार की खुशियों को साझा किया।

### सुरक्षा व्यवस्थाओं के इंतजाम

श्रृद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए हैं। घाटों पर पुलिस बल तैनात रहा गोताखोरों की व्यवस्था की गई और स्वास्थ्य विभाग की टीमें भी अलर्ट मोड पर रहीं। यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए विशेष इंतजाम किए गए।

### कपड़े लड्डू व शिक्षण सामग्री भेंट

मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर शासकीय कन्या पुत्री शाला में बच्चियों के लिए स्नेह और संवेदनशीलता से भरा आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने यहां पहुंचकर बच्चियों को ठंड से बचाव के लिए गर्म कपड़े एवं अध्ययन के लिए शिक्षण सामग्री वितरित की गई। कलेक्टर ने बच्चियों को तिल के लड्डू भी वितरित किए बच्चियों के चेहरे पर खुशी और उत्साह देखकर विद्यालय परिसर में एक अपनापन और उत्सव का माहौल बन गया।

## दीदियों ने मनाया गुड़ तिल पतंगोत्सव



**मण्डला/मोहगांव(स्वतंत्रमत)।** मध्यप्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत विकासखंड मोहगांव में नई चेतना 0-4 हौसलों का उड़ान कार्यक्रम के तहत गुड तिल पतंगोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया यह आयोजन महिला स्व-सहायता समूहों की उपलब्धियों आत्मनिर्भरता और सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया कार्यक्रम के दौरान विकासखंड की सभी स्व-सहायता समूहों की दीदियों ने लखपति दीदी बनने की अपनी-अपनी सफलताओं अनुभवों और प्रेरणादायक उपलब्धियों को पतंगों पर लिखकर आकाश में उड़ाया पतंगों के माध्यम से दीदियों ने यह संदेश दिया कि आत्मविश्वास मेहनत और सामूहिक सहयोग से कोई भी महिला आर्थिक रूप से सशक्त बन सकती है गुड तिल पतंगोत्सव ने पारंपरिक पर्व मकर संक्रांति को आजीविका मिशन के उद्देश्यों से जोड़ते हुए एक नया स्वरूप प्रदान किया। तिल गुड़ के साथ आपसी सौहार्द और खुशियां साझा की गईं वहीं पतंगों के माध्यम से दीदियों के हौसलों और सपनों को नई उड़ान मिली कार्यक्रम में विकासखंड मोहगांव के स्टाफ आजीविका मिशन से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी एवं सभी समूहों की दीदियों की सक्रिय सहभागिता रही स्टाफ द्वारा दीदियों का उत्साहवर्धन किया गया तथा उनके प्रयासों की सराहना की गई। इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा किए जा रहे आजीविका कार्य न केवल परिवारों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ कर रहे हैं बल्कि समाज में महिलाओं की भूमिका को भी सशक्त बना रहे हैं।

## कमरे में मिले पति पत्नि के शव

**मण्डला/मवई (स्वतंत्रमत)।** मोतीनाला थाना अंतर्गत ग्राम लुटरा के एक कमरे में पति और पत्नी की शव मिले हैं और इस घटना के बाद से क्षेत्र में सन्नाटा पसरा हुआ है घटना की सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी और डॉक्टरों की टीम मौके पर पहुंची और पुलिस ने पंचनामा तैयार कर दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है परिजनों ने बताया कि 9 जनवरी की सुबह घर के सभी सदस्य खेत पर काम करने चले गए थे उस समय घर पर केवल दिलीप और अमरावती मौजूद थे और शाम के करीब 5 बजे जब दिलीप की मां जानकी बाई खेत से घर वापस लौटीं तो उन्होंने घर के कमरे का दरवाजा अंदर से बंद पाया पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जांच में यह भी देखा जा रहा है कि इस घटना में कहीं किसी और अन्य व्यक्ति की संलिप्तता तो नहीं है एफएसएल टीम और डॉग स्क्वॉड की मदद से सभी पहलुओं की गम्भीरता पूर्वक जांच की जा रही है पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सहीं कारणों का पता चल सकेगा पुलिस मामले को संज्ञान में लेकर मौत कैसे हुई इस बात की पता लगाया जा रहा है।

## सशस्त्र दिवस पर पूर्व सैनिकों का सम्मान



**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** 10वें सशस्त्र बल वेटरन्स दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में जिले के पूर्व सैनिकों एवं उनके परिजनों को नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, कलेक्टर सोमेश मिश्रा, कमांडेंड 148वीं बटालियन सीआरपीएफ विक्रांत सारंगपाणी, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, एडिशनल एसपी शिवकुमार वर्मा, एसडीएम श्रीमती सोनल सिडाम ने शॉल श्रीफल एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्री कछवाहा ने सैनिकों के अदम्य साहस एवं राष्ट्रसेवा की सराहना करते हुए कहा कि सैनिक अत्यंत कठिन परिस्थितियों में भी अपने प्राणों की परवाह किए बिना हमारी सीमाओं की रक्षा करते हैं। कमांडेंट श्री सारंगपाणी ने जिले के पूर्व सैनिकों के योगदान को नमन करते हुए कहा कि जिले में बड़ी संख्या में पूर्व सैनिकों का होना हम सभी के लिए गर्व की बात है। सीआरपीएफ की ओर से सभी पूर्व सैनिकों एवं उनके परिजनों को सलाम है। कमांडेंट ने पूर्व सैनिकों को बटालियन में आने का आमंत्रण देते हुए कहा कि उनकी उपस्थिति हमारे लिए सम्मान की बात होगी कार्यक्रम में रिटायर्ड सूबेदार रज्जूलाल मरावी, आर्टिलरी नायक केके बैरागी, एयर डिफेंस नंदकुमार यादव, शहीद नायक दिलीप कुमार चंद्रौल, हवलदार रामकुमार ठाकुर, टीएस नायक रविशंकर मरावी, हवलदार जगदीश पटेल, सूबेदार मेजर अब्दुल सलीम, हवलदार प्रेमलाल नायक, रतिराम कछवार, सूबेदार मेजर मो. कासिम तथा रिटा. नायक लक्ष्मीनारायण, एस.पी. पटेल, सिपाही ब्रजेश कुमार कुड़ापे,गणेश प्रसाद झारिया, नायक कमलसिंह भगत को सम्मानित किया गया इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर संस्कार बावरिया अन्य अधिकारी एवं पत्रकार साथी मौजूद थे।

## सहायक संचालक पहुंचे कृषकों के बीच, ली जानकारी





**नैनपुर (स्वतंत्र मत)।** कृषि विभाग ब्लाक नोडल अधिकारी एवं सहायक संचालक अरविंद वर्मा के द्वारा विकास खंड नैनपुर का भ्रमण किया गया। इस दौरान आपके साथ श्रीमति पंच शीला वरकडे वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी के द्वारा ग्राम पंचायत रैवाड के ग्राम अंडिया ग्राम में अनुग्रह साहू के खेत में लगी सरसों की फसल एवं छतरवाड़ा ग्राम के कृषक चम्मालाल के खेत में चना की फसल कतार बोनी, ग्राम छतरखाड़ा के किसान परदेशी के खेत में लगी गेहूं की फसल का निरीक्षण एवं अवलाकन कराया गया । इस दोरान कृषकों को मध्यप्रदेश शासन के द्वारा संचालित कृषि विभाग की समस्त जानकारी दी गई।

## महाविद्यालय छात्राओं ने भरे फॉर्म

**मण्डला।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी से प्राप्त निर्देशानुसार 1 जनवरी 2026 की अर्हता तिथि पर पात्र युवा मतदाताओं को सूची में सम्मिलित कराने के लिए विशेष केम्प का आयोजन 10 जनवरी को रानी फूल कुवंर पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में किया गया। इस अवसर पर केम्प में 27 फार्म 6 वितरण किये गये जिसे छात्राओं ने भरकर प्राचार्य अरविन्द कुमार गुप्ता को सौंपा। इस दौरान छात्राओं को गहन पुनरीक्षण मतदाता की जानकारी देते हुए अन्य पात्र युवाओं को भी मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिये फार्म नं. 6 भरने के लिये आहवान किया गया।

## वाहन चलाते समय हेलमेट लगाने हुए निर्देश

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर द्वारा जारी आदेशानुसार मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 129 में यह प्रावधानित है कि किसी वर्ग या वर्णन की मोटर सायकिल को चलाने वाला या उस पर सवारी करने वाला प्रत्येक व्यक्ति जब किसी सार्वजनिक स्थान पर हो हेलमेट जो भारतीय मानक ब्यूरो के मानकों के समरूप हो पहनेगा। उपरोक्त प्रावधानों से यह स्पष्ट है कि दो पहिया वाहन क्रय करते समय क्रेता को हेलमेट खरीदना होगा। यह हेलमेट वाहन निर्माता द्वारा प्रदाय किया जायेगा। हेलमेट खरीदने के प्रमाण के बिना दो पहिया वाहनों का पंजीकरण न किए जाने के संबंध में प्रदेश के समस्त परिवहन अधिकारियों को प्रमुख सचिव मप्र शासन परिवहन विभाग के द्वारा निर्देश जारी किए जाने के बावजूद इन निर्देशों का कड़ाई से पालन नहीं किया जा रहा है कार्यालय में आने वाले कर्मचारियों द्वारा उक्त निर्देशों का पालन नहीं किए जाने पर कार्यालय प्रमुख को पहले चेतावनी व समझाईश दी जाकर छोड़ दिया जाए तथा दूसरी बार उल्लंघन करने पर अर्थदण्ड अधिरोपित किया जाए। समस्त कार्यालय प्रमुख अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को जारी निर्देशों से अवगत कराएं तथा 12 जनवरी 2026 से पूर्णतः पालन कराना सुनिश्चित कराएं। जिला परिवहन अधिकारी बिमलेश कुमार गुप्ता, यातायात प्रभारी ललित धुर्वे उपस्थित रहे।

## दुकानों में छापेमारी अभियान

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** चाइनीज मांझे से होने वाली दुर्घटनाओं एवं जनहानि की आशंका को देखते हुए कलेक्टर के निर्देशन में अनुविभागीय अधिकारी एसडीएम बिछिया के द्वारा बिछिया क्षेत्र में चाइनीज मांझे की बिक्री के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के तहत पतंग-जनरल स्टोर सहित अन्य दुकानों का निरीक्षण कर चाइनीज मांझे की उपलब्धता एवं विक्रय की जांच की गई।

## उत्कृष्ट विद्यालय में मनाया गया आनंद उत्सव

### एसडीएम ने उड़ाई पतंग बच्चों ने उड़ाया लुत्फ

नैनपुर (स्वतंत्र मत)।



14 जनवरी मकर संक्राति के उपलक्ष्य में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में आनंद उत्सव के के उपलक्ष्य में विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने कबड्डी व्हालीवाल, खो-खो, पतंग, गिल्ली डंडा, टेबिल टेनिस कुश्ती प्रतियोगिताओं में विद्यालय 95 नगर के छात्र-छात्राओं ने अपने कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में एसडीएम आशुतोष महादेव सिंह ठाकुर कुर, तहसीलदास हरी सिंह धुर्वे , बीईओ हीरेन्द वर्मा उपस्थित होकर छात्र छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर एसडीएम, तहसीलदार एंव बीईओ ने पतंग उड़ाकर पतंगवाजी का आनंद लिया। कार्यक्रम के अन्त में प्राचार्य जीपी झारिया ने उपस्थित अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।


**कार्यालय नगर परिषद, भुआ बिछिया जिला-मण्डला**

क्रमांक/846/न.परि./2026 बिछिया दिनांक 14/01/2026

**इश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुख्य नगर पालिका अधिकारी भुआ बिछिया तहसील बिछिया जिला मण्डला के द्वारा ग्राम बिछिया रैयत तहसील बिछिया स्थित भूमि खसरा क्र. 2/1 रकबा 5.2370 हे. में से रकवा 0.40 हे. भूमि पर स्वच्छ भारत मिशन 2.0 अंतर्गत सीवर ट्रीटमेंट प्लाट एवं नाला निर्माण प्रयोजन हेतु भूमि आवंटित करने प्ररूप-एक में कलेक्टर महोदय मंडला को आवेदन पत्र पेश किया गया है। उक्त भूमि को आवंटन बाबद म.प्र. नजूल भूमि निर्वतन निर्देश 2020 में निहित प्रक्रिया अनुसार जाँच हेतु प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी महोदय (राजस्व) बिछिया के माध्यम से प्राप्त हुआ है। उपरोक्त कार्यवाही में किसी को कोई दावा आपत्ति है तो न्यायालय में स्वतः उपस्थित होकर या अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेश कर सकता है इसके बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं होगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद भुआ बिछिया**

संपादकीय

# दिग्विजय का सीक्रेट प्लान

मध्य प्रदेश की राजनीति के बेताज बादशाह कहलाने वाले पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह का राज्यसभा का कार्यकाल तीन माह बाद खत्म हो रहा है। राज्य में कांग्रेस विधायकों की संख्या के आधार पर दिग्विजय सिंह आसानी से संसद पहुंच सकते हैं, लेकिन लगातार तीसरी बार राज्यसभा जाने से अपने कदम पीछे खींच लिए हैं। उन्होंने ऐलान किया है कि अब राज्यसभा नहीं जाएंगे। दिग्विजय सिंह राज्यसभा जाने से इनकार कर सिर्फ अपने समर्थकों को ही हैरान नहीं किया बल्कि कांग्रेस के भीतर राज्यसभा की खाली होने वाली सीट के लिए सियासी जंग छेड़ दिया है। सवाल उठता है कि दिग्विजय सिंह आखिर किस रणनीति के तहत राज्यसभा जाने की हैट्रिक लगाने से पीछे हट रहे हैं?

दिग्विजय सिंह के फैसले ने दिल्ली से भोपाल तक कांग्रेस के भीतर चर्चाओं का दौर शुरू कर दिया है। दिग्विजय सिंह 2014 से राज्यसभा सांसद हैं और इससे पहले 1993 से 2003 तक लगातार दो कार्यकाल मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री रह चुके हैं। 2003 में राज्य में कांग्रेस की सत्ता जाने के बाद, उन्होंने चुनावी राजनीति से एक दशक का विराम लिया था और 2013 में वापसी की थी। दिग्विजय सिंह का यह फैसला भले ही व्यक्तिगत लग रहा हो, लेकिन यह पर्सनल नहीं बल्कि कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व की सोची-समझी रणनीति मानी जा रही है। यह कदम कांग्रेस के उस नए राजनीतिक रोडमैप से जुड़ा माना जा रहा है, जिसे राहुल गांधी पिछले कुछ वर्षों से लागू करने की कोशिश कर रहे हैं। कांग्रेस नेतृत्व का फोकस अब केवल संसद के भीतर आक्रामक विपक्षी भूमिका निभाने तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि पार्टी संगठन को जमीनी स्तर पर भी फिर से खड़ा करना प्राथमिकता बन चुका है। इसी सोच के तहत वरिष्ठ और अनुभवी नेताओं को संगठनात्मक जिम्मेदारियों में लगाने और युवा नेताओं को आगे बढ़ाने की रणनीति पर काम हो रहा है। संभवतः दिग्विजय सिंह को भी इसी रणनीति के तहत राज्यसभा की भूमिका से मुक्त कर, दोबारा मैदान में उतारने की तैयारी है। इसीलिए माना जा रहा है कि युवा नेतृत्व को बढ़ावा देने के लिए दिग्विजय ने अपने कदम पीछे खींच लिए हैं। 2017-18 में की गई उनकी 3300 किलोमीटर लंबी नर्मदा परिक्रमा कांग्रेस के लिए एक मजबूत राजनीतिक प्रतीक मानी गई थी। दिग्विजय की परिक्रमा ने न सिर्फ कार्यकर्ताओं में जान फूंकी थी, बल्कि 2018 के विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी को वैचारिक और भावनात्मक बढ़त भी दिलाई थी। 2028 के विधानसभा चुनाव से पहले इसी तरह का कोई बड़ा जनसंपर्क अभियान दिग्विजय सिंह के नेतृत्व में कराया जा सकता है, ताकि बिखरे संगठन को जोड़ा जा सके और युवा कार्यकर्ताओं को दिशा दी जा सके। कांग्रेस नेतृत्व दिग्विजय सिंह को मध्यप्रदेश में एक्टिव करके चुनावी अभियान को धार देने का सीक्रेट प्लान बना रहा है। 9 अप्रैल 2026 को राज्यसभा की तीन सीटें खाली हो रही है, जिसमें बीजेपी कोटे से दो सीट और कांग्रेस से एक सीट। दिग्विजय सिंह के इनकार के बाद चर्चा तेज हो गई है कि कांग्रेस से कौन नेता राज्यसभा जाएगा? इसमें सबसे पहला नाम पूर्व मुख्यमंत्री व कद्दावर नेता कमलनाथ हैं। क्योंकि, जब-तब ऐसी चर्चाएं भी आती रही हैं कि वे केंद्र की राजनीति में वापस लौटना चाहते हैं।

# अमेरिकी मनमर्जी को रोकने के लिए विश्व को एक होना पड़ेगा

उमेश चतुर्वेदी

1995 में एक फिल्म आई थी, गैंबलर। गोविंदा-शिल्पा शेट्टी अभिनीत इस फिल्म का एक गाना उन दिनों बेहद मशहूर हुआ था, मैं चाहे ये करूं, मैं चाहे वो करूं, मेरी मर्जी निश्चित तौर पर कह सकते हैं कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप ने ये गाना नहीं सुना होगा, लेकिन उन्होंने हाल ही में न्यूयार्क टाइम्स को दिए इंटरव्यू में जो कहा है, उसका भावार्थ कुछ यही निकलता है। उन्होंने कहा है, सिर्फ मेरा दिमाग ही मुझे रोक सकता है। मेरी अपनी नैतिकता और अपना दिमाग। यहीं वे चीज़ें हैं, जो मुझे रोक सकती हैं। मुझे अंतर्राष्ट्रीय कानून की परवाह नहीं है और न ही इसकी ज़रूरत।

तीन जनवरी को वेनेजुएला में की गई अमेरिकी कार्रवाई के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में ट्रंप का इन शब्दों का प्रयोग करना दुनिया के लिए निश्चित तौर पर डरावना है। ट्रंप और उनकी सोच पारंपरिक लोकतांत्रिक मुखौटाबाज राजनीति से अलग है, लिहाजा वे खुलकर ऐसा कह रहे हैं। लेकिन सुपर पावर के रूप में स्थापित होने के बाद से ही अमेरिका की सोच और कार्यशैली ऐसी ही रही है। अमेरिका की सत्ता में दो ही पार्टियों का वर्चस्व है। चाहे रिपब्लिकन पार्टी हो या फिर डेमोक्रेटिक पार्टी, दोनों के राष्ट्रपतियों की कार्यशैली कम से कम विदेश मामलों में एक जैसी ही रही है। ट्रंप खुलकर 'अमेरिका फर्स्ट' की नीति और नीयत का हवाला देते हैं, लेकिन दूसरे राष्ट्रपति ऐसा कहने से बचते रहे हैं। हां, उनके भी कदम हमेशा ऐसा ही रहे हैं। अफगानिस्तान में अमेरिकी कार्रवाई हो, खाड़ी युद्ध हो, सूडान स्थित अमेरिकी दूतावास पर आतंकी हमले के बाद अमेरिकी कार्रवाई हो, वियतनाम का युद्ध हो, ईरान पर कार्रवाई हो, हर जगह अमेरिका अपने हितों की रक्षा के लिए कार्रवाई करता रहा है। बेशक उसे कई बार मुंह की खानी पड़ी है। हाल ही में ट्रंप के पूर्व राष्ट्रपति रहे डेमोक्रेटिक पार्टी के जो बाइडन की सेनाएं अफगानिस्तान छोड़कर भाग खड़ी हुईं। वियतनाम का युद्ध लंबा चला था। इसे शुरू किया था डेमोक्रेटिक राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी ने और जब अमेरिका वियतनाम युद्ध में फंसता नजर आया तो रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति रहे रिचर्ड निक्सन ने सेनाओं की वापसी कराई।

कुवैत पर जब इराकी तानाशाह सद्दाम हुसैन ने हमला किया, तब जार्ज बुश सीनियर राष्ट्रपति थे। अमेरिका में एक धारणा रही है कि कुवैत पर कब्जे की कार्रवाई इराकी राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन ने अमेरिकी इशारे पर ही की थी। लेकिन जब मामला उल्टा पड़ गया तो जॉर्ज बुश सीनियर ने संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रस्तावों की आड़ में ब्रिटेन, फ्रांस जैसे देशों के साथ गठबंधन करके सैनिक कार्रवाई शुरू की। 1990 में अमेरिकी कार्रवाई के चलते इराकी गार्ड को कुवैत को खाली करना पड़ा। इसके बाद इराक अमेरिका का कट्टर दुश्मन बन गया। वैसे लंबे समय तक चले ईरान-इराक युद्ध के पीछे भी अमेरिकी हित काम कर रहे थे। तब दुनिया दो धुवीय थी। एक तरफ सोवियत संघ की अगुआई में विश्व का एक बड़ा हिस्सा काम कर रहा था तो दूसरी ओर अमेरिकी अगुआई में ज्यादातर नाटो देश सक्रिय थे। अफगानिस्तान में जब पिछली सदी के अस्सी के दशक में सोवियत सेनाएं घुसीं, तब सोवियत संघ को काबू करने के लिए अमेरिकी सरकार ने पाकिस्तान का उपयोग किया और एक तरह से पाकिस्तान को अपना अघोषित उपनिवेश बना लिया।



भारत और पाकिस्तान के बीच हुए 1965 और 1971 के युद्धों में अमेरिका में चाहे जिसकी भी सरकार रही हो, अमेरिकी सेनाओं और सरकार ने परोक्ष रूप से पाकिस्तान का साथ दिया और भारत का विरोध किया। साल 2024 में हुए बांग्लादेश में विद्रोह और शेख हसीना के तख्तापलट के पीछे भी अमेरिकी एजेंसियों के हाथ को लेकर संदेह जताया जाता है। साल 2010 के दिसंबर में ट्यूनिशिया में शुरू हुई पिंक क्रांति, जिसे अरब क्रांति के नाम से भी जाना जाता है, की बुनियाद पर अरब देशों में कार्रवाई करने और तख्तापलट के पीछे भी अमेरिकी एजेंसियों के सहयोग को देखा जाता है। अमेरिकी एजेंसियों की ही शह पर लीबिया से गद्दाफी की विदाई हुई, सीरिया अब भी जल रहा है। निश्चित तौर पर अमेरिकी प्रतिकार में शीत युद्ध के दिनों में सोवियत संघ कभी प्रत्यक्ष तो कभी परोक्ष काम करता था, अब दुनिया की दूसरे नंबर की आर्थिक महाशक्ति बन चुका चीन कर रहा है। हाल ही में वेनेजुएला के जिन मादुरो की सत्ता को अमेरिकी सेनाओं ने पलट दिया, उन्हें चीन का खुला समर्थन मिल रहा था। शीत युद्ध के दिनों में सोवियत संघ और उसकी सेना ऐसे हालात में अमेरिकी सेनाओं का परोक्ष विरोध करती थी, वैसा चीन नहीं कर पाया।

कह सकते हैं कि अमेरिका में हर सत्ता ने वैश्विक ताकत क्रम में खुद को सर्वोच्च बनाए रखने के लिए अपने हिसाब से दादागिरी दिखाई है। कभी यह दादागिरी अमेरिकी हितों के नाम पर हुई तो कभी दुनिया में लोकतंत्र की स्थापना के नाम पर। कहने के लिए अमेरिका लोकतंत्र का सबसे बड़ा पहरूआ बनता है, लेकिन अमेरिकी हितों, कारोबारियों और हथियार लॉबी के हित में अक्सर वह गैर लोकतांत्रिक तरीके से कार्रवाई करता है। दुनिया का आधुनिक इतिहास इससे भरा पड़ा है। वेनेजुएला इसका ताजा उदाहरण है। ट्रंप जिन अंतरराष्ट्रीय कानूनों को अपने हिसाब से मानने या न मानने की बात कर रहे हैं, दरअसल उन्हें बनाने और संशोधित करने में सबसे ज्यादा योगदान अमेरिका का ही रहा है। विश्व में जब भी कहीं वेनेजुएला जैसी घटना होती है, तब जिनेवा समझौते और अंतरराष्ट्रीय कानूनों का बहुत जिक्र होता है। दरअसल उन्नीसवीं सदी के मध्य तक दुनिया में होने वाले युद्धों के लिए युद्धबंदियों और सैनिकों और युद्धग्रस्त देशों के लोगों को लेकर शत्रु देशों की ओर से की जाने वाली अमानवीय कार्रवाई को रोकने के लिए ना तो कोई कानून था और इसे लेकर कोई प्रयास हुआ था। साल 1864 में पहली बार युद्ध के वक्त घायलों की मदद युद्धरत देशों के बीच बातचीत के लिए रेड क्रॉस के संस्थापक हेनरी डुनेंट ने कोशिश की। यही कोशिश पहले जेनेवा समझौते के रूप में सामने आई। इस दौरान युद्धरत देशों, उनके नागरिकों, सैनिकों आदि के मानवीय अधिकारों की रक्षा करने को लेकर चर्चाएं शुरू हुईं। इसके तहत कुछ अंतर्राष्ट्रीय कानूनों की परिकल्पना की गई और युद्ध के प्रभाव को सीमित करने और युद्धबंदियों के अधिकारों के संरक्षण की कोशिश शुरू हुई। जेनेवा में आखिरी समझौता 1949 में हुआ। जिनेवा कन्वेंशन का मकसद युद्ध के वक्त मानवीय मूल्यों को बनाए रखने के लिये कानून तैयार करना है। 1949 के समझौते में शामिल दो प्रोटोकॉल 1977 में जोड़े गए। आज तकरीबन पूरी दुनिया ने इस पर हस्ताक्षर किया है। इस लिहाज से जेनेवा समझौते को सभी देश मानते हैं। जेनेवा समझौते के अनुसार हर देश की अपनी संप्रभुता है और उसकी रक्षा ना सिर्फ युद्ध बल्कि शांति काल में भी होती है। यानी उसके नियम और कानून युद्ध, शांति और संकट काल, हर वक्त लागू होते हैं। इस संदर्भ में देखें तो अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का यह कहना कि उनकी अपनी नैतिकता ही उन्हें किसी भी कार्रवाई से रोक सकती है। ट्रंप ने यहां तक कहा है कि जहां उन्हें लगेगा कि उन्हें अंतरराष्ट्रीय कानून मानना चाहिए, वहां तो उसे वे मान लेंगे और जहां नहीं लगेगा, वहां नहीं मानेंगे।

अमेरिकी दादागिरी के इतिहास में ट्रंप का यह बयान दुनिया की सोच से आगे है। चीन, ब्राजील और भारत के खिलाफ वे टैरिफ युद्ध चला ही रहे हैं, रूस से तेल खरीदने के आरोप की आड़ में वे तीनों देशों पर अब 25 प्रतिशत की बजाय पांच सौ प्रतिशत टैरिफ थोपने की धमकी दे रहे हैं। ट्रंप की जैसी फितरत है, उसकी वजह से उनसे कोई सकारात्मक उम्मीद रखना बेमानी ही है। भारत-पाकिस्तान संघर्ष को रोकवाने को लेकर उनका कल्पित दावा हो या फिर ग्रीनलैंड, कोलंबिया, ईरान, मैक्सिको और क्यूबा को लेकर दी गई धमकी, सभी अमेरिकी दादागिरी का ही उदाहरण हैं। माना जा रहा है कि वे उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग के खिलाफ भी कार्रवाई कर सकते हैं। ट्रंप पहले ही कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने की बात कर चुके हैं और इस तरह अपने पड़ोसियों और यूरोप के अपने पारंपरिक सहयोगियो को ना सिर्फ आशंकित, बल्कि नाराज भी कर चुके हैं।

अमेरिकी दादागिरी पूरी दुनिया देखती और समझती रही है। लेकिन एक साथ इतने मोर्चे खोल देने की ट्रंप की नीति के खिलाफ अमेरिका में ही आवाजें उठने लगी हैं। पूर्व अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस का कहना कि वेनेजुएला में की गई कार्रवाई की जरूरत नहीं थी और इससे अमेरिका को लेकर संघर्ष बढ़ेगा, एक तरह से अमेरिका की बढ़ती चुनौतियों का ही संकेत देता है। ट्रंप की मनमानी नहीं रूकी, अमेरिकी दादागिरी का ऐसा ही दौर उन्होंने जारी रखा तो आने वाले दिन दुनिया के लिए भले ही चुनौतीपूर्ण होंगे,अमेरिका भी कई तरह की चुनौतियों और वैश्विक प्रतिरोध को झेलने के लिए अभिशप्त हो जाएगा। शांति की चाहत रखने वाली दुनिया को अमेरिकी मनमर्जी पर कहीं न कहीं रोक तो लगानी ही होगी।

# आसमान में उड़ती 'चांदी'



आदित्य नारायण चौपड़ा

लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

भारत में चांदी गरीब आदमी के आभूषणों की बहुमूल्य धातु समझी जाती है परन्तु अब इसके दामों में पंख लग गये हैं और यह सामान्य नागरिक की पहुंच से भी बाहर मानी जाने लगी है। दूसरी तरफ सोने के दामों में भी पर लगे हुए हैं और इसके दाम भी हवा में गोते लगाते हुए लगातार आसमान छूते जा रहे हैं। सोना जहां डेढ़ लाख प्रति दस ग्राम के स्तर को छूने की तरफ बढ़ रहा है, वहीं चांदी भी अब ढाई लाख रुपए प्रति किलो से भी ऊपर दो लाख 65 हजार रुपये प्रति किलो की तरफ बढ़ती दिखाई दे रही है। चांदी के दामों में पिछले वर्ष 2025 के दौरान डेढ़ गुना से भी ज्यादा 160 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई। बीते कल दिन ही इसके दामों में 15 हजार रुपये किलो की वृद्धि दर्ज हुई। इसकी मूल वजह यह मानी जा रही है कि जहां एक तरफ चांदी की मांग में औद्योगिक क्षेत्र से वृद्धि हो रही है वहीं इसकी सप्लाई में वृद्धि दर्ज नहीं हो रही है और साथ ही विश्व के अत्यधिक उतार-चढ़ाव भरे माहौल में यह सुरक्षित निवेश का बढ़ता हुआ साधन भी मानी जाने लगी है।

सोने के दामों में वृद्धि की वजह दूसरी है क्योंकि बदलती विश्व व्यवस्था में इसे संरक्षित निवेश का सुरक्षित साधन माना जा रहा है और अमेरिकी मुद्रा डॉलर के अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में ढीलेपन की वजह से स्वर्ण में निवेश अत्यधिक मोहक होता जा रहा है। इसके बावजूद भारत में सोने-चांदी की घरेलू मांग में भी कमी दर्ज नहीं हो रही है। जैसा कि सभी जानते हैं कि दीपावली पर्व के अवसर पर भारत में चांदी की मांग में जोरदार वृद्धि होती है मगर इस बार बीती दीपावली पर चांदी के दाम इतने महंगे रहे कि साधारण आदमी के भी इसका दस ग्राम का सिक्का खरीदने पर पसीने छूट गये। जहां तक सोने का प्रश्न है तो यह आम आदमी की पहुंच से बहुत बाहर हो चुका है। चांदी के दामों में तेजी की एक वजह यह भी है कि दुनिया भर के म्यूचल फंड इसके दामों में बन रही भविष्य गत तेजी को देखते हुए इसमें अपना निवेश बढ़ाने लगे हैं और दूसरी तरफ सौर ऊर्जा के क्षेत्र में जैसे-जैसे प्रगति हो रही है वैसे-वैसे ही इसकी मांग बढ़ रही है। चांदी के बढ़ते टैक्नोलॉजी क्षेत्र के उत्पादों में उपयोग से इसकी मांग लगातार बढ़ते रहने की ही उम्मीद है जिसकी वजह से सप्लाई सीमित होने पर इसके दाम दिन दूनी और रात चौगुने के हिसाब से बढ़ रहे हैं। जनवरी 2025 में चांदी के दाम 85 हजार 913 प्रति किलो थे जो दिसम्बर 2025 तक बढ़कर दो लाख 47 हजार रुपए प्रति किलोग्राम तक हो गये। इस दौरान चांदी की मांग में विश्व भर में दोगुनी के लगभग वृद्धि दर्ज हुई। चांदी की खपत में लगातार तेजी होने के कारण इस धातु की मांग अमेरिका जैसे देश में भी बढ़ी है और निवेशकों का इसके प्रति आकर्षण बढ़ा है।

अमेरिका का केन्द्रीय फेडरल बैंक जहां अपनी ब्याज दरों में लगातार कमी कर रहा है उससे इस देश के बड़े निवेशक चांदी में अपना निवेश लाभप्रद समझ रहे हैं और इस धातु की जमकर खरीदारी कर रहे हैं परन्तु यह रवायत केवल अमेरिका तक सीमित नहीं है क्योंकि विश्व के प्रतिष्ठित बैंक तक चांदी का स्टॉक रखना सुरक्षित समझ रहे हैं जिससे मुद्रा बाजार की ऊंच-नीच का वह मुकाबला कर सकें। चांदी का सर्वाधिक उपयोग बैटरी व सोलर पैनल बनाने में होता है और भविष्य में इनसे सम्बन्धित उद्योगों का भविष्य बहुत उज्ज्वल माना जा रहा है जिसकी वजह से निवेशक चांदी में निवेश को बढ़ावा दे रहे हैं। इसके साथ ही कृत्रिम ज्ञान (आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस) उद्योग के क्षेत्र में प्रयोग होने वाली टैक्नोलॉजी में भी चांदी का प्रयोग होता है और यह उद्योग चमकता क्षेत्र (सनराइज इंडस्टीज) माना जा रहा है अतः चांदी की मांग लगातार बढ़ते रहना लाजिमी है। इस उद्योग में ट्रांसमिशन व स्मार्ट ग्रिड इन्फ्रास्ट्रक्चर बनाने के लिए चांदी का उपयोग होता है अतः इस धातु की मांग लगातार बढ़ती ही रहेगी और सप्लाई सीमित होने की वजह से इसके दाम आगे आने वाले सालों में आकर्षक ही बने रहेंगे। साथ ही पूरी दुनिया में चांदी का उपयोग आभूषण व सिक्के बनाने में भी होता है अतः इसकी पारंपरिक मांग भी बदस्तूर बनी रह सकती है। चांदी का उत्पादन अन्य खनिजों के उत्पादन के उप उत्पाद की तरह ही होता है। पिछले कई वर्षों से इसके उत्पादन में कोई वृद्धि नहीं हो रही है। इसे देखते हुए ही पिछले साल नवम्बर महीने में अमेरिका ने इस धातु को अत्यधिक संवेदनशील अलभ्य (क्रिटिकल) धातुओं की सूची में शामिल किया। मगर इससे पहले सितम्बर महीने तक ही अमेरिका में चांदी का स्टॉक 53 करोड़ 10 लाख औंस हो गया था जो कि पिछले वर्ष की तुलना में 74 प्रतिशत अधिक था।

वर्तमान में अमेरिका में चांदी का कुल स्टॉक 44 करोड़ 90 लाख औंस बताया जाता है जो कि पारंपरिक स्टाक से तीन गुना है। इसके विपरीत चीन ने चांदी के निर्यात पर विगत 1 जनवरी से नये प्रतिबन्ध लगा दिये हैं। अमेरिका में चांदी के भारी स्टाक की वजह से लन्दन के धातु स्टाक एक्सचेंज में चांदी की सप्लाई में कमी हो चुकी है। इसकी हाजिर डिलीवरी बहुत घट गई है और इसी बाजार से चांदी के अन्तर्राष्ट्रीय दाम तय होते हैं। अतः जैसे-जैसे चांदी की मांग बढ़ रही है और इसकी सप्लाई घट रही है वैसे-वैसे ही इसके दामों में उछाल आता जा रहा है। निकट भविष्य में यह क्रम कब तक चलेगा इसके बारे में फिलहाल बाजार विशेषज्ञ मुट्ठी नहीं खोल रहे हैं।

# सृष्टि में ऊर्जा का नवसंचार करने वाला पर्व है मकर संक्रांति

मृत्युंजय दीक्षित

मकर संक्रांति पर सम्पूर्ण भारत में सूर्य देव की उपासना, आराधना एवं पूजन करने का विधि-विधान है। हरियाणा और पंजाब में यह पर्व लोहड़ी के रूप में मनाया जाता है। इस दिन अंधेरा होते ही आग जलाकर अग्निदेव की पूजा करते हुए तिल गुड़ चावल और भुने हुए मुक्के की आहुति दी जाती है। इस सामग्री को तिल चौली कहा जाता है।

शीत ऋतु के मध्य जब सूर्यदेव धनु राशि को छोड़कर मकर राशि में प्रवेश करते हैं और उनकी उत्तरायण गति प्रारम्भ होती है, तब मकर संक्रांति होती है। यह पर्व सृष्टि में उर्जा का नवसंचार करने वाला पर्व है। मकर संक्रांति के दिन जप, तप, दान, स्नान, श्रद्धा, तर्पण आदि धार्मिक विधि विधान व कर्मों का विशेष महत्व है। मान्यता है कि इस दिन दिया गया दान सौ गुना बढ़कर प्राप्त होता है। इस दिन उड़द, चावल, तिल, गौ, स्वर्ण, ऊनी, वस्त्र, कम्बल आदि दान करने का विशेष महत्व है। ।इस दिन गंगा स्नान एवं गंगातट पर दान का विशेष महत्व है। इस पर्व पर तीर्थराज प्रयाग एवं गंगा सागर में स्नान को महास्नान की संज्ञा दी गयी है। इस संक्रांति से सूर्य सभी राशियों को प्रभावित करते हैं।

इस पर्व का का सम्बन्ध हमारे पौराणिक इतिहास से भी है। इस दिन भगवान भास्कर अपने पुत्र शनि से मिलने स्वयं उसके घर जाते हैं। महाभारत काल में इसी दिन भीष्म पितामह ने अपनी देह का त्याग किया था। आज ही के दिन गंगाजी भगीरथ के पीछे- पीछे चलकर कपिल मुनि के आश्रम से होती हुई सागर में जाकर मिली थीं। इसी दिन भगवान विष्णु ने असुरों का अंत कर युद्ध समाप्ति की घोषणा की थी और यही कारण है कि इस पर्व को बुराइयों और नकारात्मकता समाप्त करने का पर्व कहा जाता है। वैज्ञानिक मान्यता है कि इस दिन से रातें छोटी एवं दिन बड़े



होने लगते हैं तथा सूर्य का ताप बढ़ने लगता है। दिन बड़ा होने से प्रकाश का वातावरण अधिक होता है अतः सूर्य की राशि में हुए परिवर्तन को अंधकार से प्रकाश की ओर अग्रसर होना माना गया है। प्रकाश अधिक होने से प्राणियों की चैतन्यता एवं कार्यशक्ति में वृद्धि होती हैं।

इस अवसर पर सम्पूर्ण भारत में सूर्य देव की उपासना, आराधना एवं पूजन करने का विधि-विधान है। हरियाणा और पंजाब में यह पर्व लोहड़ी के रूप में मनाया जाता है। इस दिन अंधेरा होते ही आग जलाकर अग्निदेव की पूजा करते हुए तिल गुड़ चावल और भुने हुए मुक्के की आहुति दी जाती है। इस सामग्री को तिल चौली कहा जाता है। इस दिन पारम्परिक मक्के की रोटी व सरसों के साग का आनंद भी उठाया जाता है। उत्तर प्रदेश में यह पर्व दान का पर्व है। तीर्थराज प्रयाग में गंगा, यमुना व सरस्वती के संगम पर विशाल मेला लगता है, जिसे माघ मेले के नाम से जाना जाता है। इसी दिन से मांगलिक कार्यों भी आरम्भ हो जाते है। माघ मेला स्नान पौष पूर्णिमा से शिवरात्रि तक चलता है। उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले में गोरखनाथ मंदिर में विशाल मेला लगता है जो खिचड़ी मेले के नाम से प्रसिद्ध है। इस अवसर पर नेपाल के राज परिवार की ओर से गोरक्षनाथ को प्रथम खिचड़ी अर्पित होती है। राज्य की सभी नदियों के तट पर स्नान तथा व दान पर्व होता है। इस दिन दान के उपरांत खिचड़ी खाने एवं खिलाने का बड़ा महत्व है। तमिलनाडु में इस पर्व को पोंगल के रूप में चार दिन तक मनाया जाता है। पोंगल मनाने के लिये स्नान करके खुले आंगन में मिट्टी के बर्तन में खीर बनायी जाती है। जिसे पोंगल कहते हैं। इसके बाद सूर्यदेव को भोग लगाया जाता है। कर्नाटक, केरल व आंध्रप्रदेश में इसे संक्रांति ही कहते हैं। बिहार में भी इस पर्व को खिचड़ी नाम से ही जाना जाता हैं। महाराष्ट्र में भी यह पर्व बड़े धूमधाम व उमंग के साथ मनाया जाता है यहाँ इस दिन महिलाएं आपस में तिल, गुड़ एवं रोली और हल्दी बांटती है। वहीं बगाल में इस पर्व पर तिल दान करने की प्रथा है। यहां गंगासागर में प्रतिवर्ष विशाल मेला लगता है। असोम में मकर संक्रांति को माघ बिहु अथवा भोगाली बिहू के नाम से मनाया जाता हैं । गुजरात में मकरसंक्रांति पर दान स्नान के साथ साथ पतंग उड़ाने का भी प्रचलन है जिसमें भारी संख्या में देशी और विदेशी पर्यटक तथा बड़ी- बड़ी हस्तियां हिस्सा लेती हैं।

मकर सक्रांति का पर्व पूरे भारत को एक सूत्र में जोड़ने वाला उत्साह, उमंग और उल्लास का पर्व है। यह समाज को सकारात्मक विचार प्रदान करने वाला पर्व है। सामाजिक एकीकरण का पर्व है। हिन्दुओं की साझी परंपरा का पर्व है। हमें इस आध्यात्मिक उर्जा से भरे पर्व की राष्ट्रीय सार्थकता को समझते हुए इसके मूल स्वरूप को बचाए रखने का प्रण लेकर इसे उपभोक्तावाद से संरक्षित करना होगा।

# टैरो: जीवन को जानने का बेहतर माध्यम

**मनुष्य लंबे समय से भविष्य में अंतर्दृष्टि प्राप्त करने और अनिश्चितता से भरी दुनिया में अपने जीवन में उद्देश्य खोजने के लिए तकनीकों की तलाश कर रहा है। टैरो कार्ड एक ऐसा ही यंत्र है। यह अटकल का सदियों पुराना रूप है जिसने सभी क्षेत्रों के लोगों को मंत्रमुग्ध किया है। टैरो कार्ड रीडिंग भविष्यवाणियों या भविष्यवाणी का एक रूप है। हालांकि, इन टैरो कार्डों के विशेष प्रतीकात्मक अर्थ हैं जो मानव अस्तित्व, भावनाओं और अनुभवों के कई पहलुओं को छूते हैं। 15वीं शताब्दी में यूरोप में कार्ड गेम के लिए टैरो कार्ड का पहली बार इस्तेमाल किया गया था। टैरो कार्ड रीडर को अक्सर टैरो चिकित्सक भी कहा जाता है, जो ज्ञान और स्पष्टता की तलाश कर रहे लोगों को सलाह देने के लिए कार्ड पर प्रतीकों की व्याख्या करते हैं। टैरो रीडिंग ने अपने समृद्ध प्रतीकवाद और सहज प्रकृति के कारण आत्मनिरीक्षण, दिशा और व्यक्तिगत विकास के लिए एक विशेष उपकरण के रूप में लोकप्रियता हासिल की है। यह लोगों को अपने आप में गहराई तक जाने, रिश्तों को बेहतर ढंग से समझने और निर्णय लेने की अनुमति देता है। टैरो कार्ड रीडिंग जीवन की अनिश्चितताओं से निपटने के लिए भी उपयोगी है क्योंकि यह आत्म-जागरूकता और अंतर्ज्ञान को बढ़ावा देता है। यहां प्रस्तुत है शहर की उभरती हुई प्रतिभा, टैरो कार्ड रीडर भूमिका गुप्ता से कुछ सवाल-जवाब :-**

**1. आपके अनुसार टैरो क्या है? क्या यह भविष्यवाणी का माध्यम है या मार्गदर्शन का?**

– टैरो एक माध्यम है अपने जीवन को बेहतर जानने का। इन 72 कार्ड्स के जरिए आप अपने आप को, अपने आध्यात्मिक कर्तव्य को और अपने भविष्य को बेहतर समझ सकते हैं।



भूमिका गुप्ता

**2. टैरो कार्ड्स कैसे काम करते हैं?**

– टैरो कार्ड्स के माध्यम से टैरो कार्ड रीडर, जैसे कि मैं, आपको आपके सवालों के जवाब दे सकते हैं। हमारा मानना है कि हर व्यक्ति अपना भाग्य लिखवाकर आता है, और जब आपको अपने भविष्य के संदर्भ में कुछ जानना होता है, तो आप अपना प्रश्न टैरो रीडर को बताते हैं। टैरो रीडर अपने कार्ड्स को शफल करता है और आपसे आपके प्रश्न पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कहता है। शफल होने के पश्चात कार्ड्स आपके सामने फैलाए जाते हैं और आपसे कुछ कार्ड्स चुनने के लिए कहा जाता है। इन कार्ड्स को पढ़कर ही टैरो रीडर आपको आपके सवाल का उत्तर देता है।

**3. टैरो और ज्योतिष में क्या अंतर है?**

– दोनों ही अपने भविष्य को जानने के जरिये हैं, लेकिन टैरो आपको काफ़ी विशेष से विशेष सवालों के भी जवाब दे देता है। इसमें आप कल होने वाली घटनाओं से लेकर पाँच साल बाद होने वाली घटनाओं के बारे में भी जान सकते हैं। साथ ही इसमें इंट्यूशन यानी अंतर्ज्ञान भी महत्वपूर्ण होता है, क्योंकि आप कार्ड्स अपने आत्म-अंतर्ज्ञान से ही उठाते हैं, जिससे आपको आपका उत्तर मिलता है।

**4. आपकी टैरो में रुचि कैसे जागरूक हुई?**

– मुझे बचपन से ही आध्यात्मिक विषयों में रुचि थी, और इसका श्रेय मैं अपने दादाजी को देती हूँ। वे स्वयं एक आध्यात्मिक गुरु थे और श्री ऑरोबिंदो तथा मदर के शिष्य थे। सबसे पहले मैंने घर में एक पुस्तक के साथ टैरो कार्ड्स देखे और उन्हें लेने की इच्छा जताई, लेकिन उस समय मेरी उम्र केवल 11 वर्ष थी, जिसके कारण मेरे माता-पिता ने उन्हें दिलाने में ज़्यादा रुचि नहीं दिखाई। लेकिन मेरे दादाजी ने मुझे उन्हें खरीदने के लिए पैसे दिए, और उन्हीं की वजह से मैं आज यहाँ हूँ। मैं प्रतिदिन एक कार्ड निकालती थी और उसका अच्छे से अध्ययन करती थी। फिर धीरे-धीरे दोस्तों और रिश्तेदारों का भविष्य पढ़ते-पढ़ते मैंने क्लाइंट्स का भविष्य पढ़ना शुरू किया।

**5. आप इस मार्ग पर आगे कैसे बढ़ीं और इसे अपना पेशा कैसे बनाया?**

– मैं एक सोशल मीडिया मार्केटिंग करने वाली कंपनी में कंटेंट मैनेजर की भूमिका में कार्य कर रही थी। दूसरों के सोशल मीडिया- इंस्टाग्राम, फेसबुक और यूट्यूब को सँभालते-सँभालते मुझे यह अनुभूति हुई कि जो कार्य मैं दूसरों के लिए कर रही हूँ, वही मुझे अपने लिए भी करना चाहिए। इसके बाद मैंने अध्ययन करके इंस्टाग्राम पर अपना स्वयं का पेज बनाया और उस पर रील्स डालना शुरू किया। साथ ही मैंने ज्योतिष शास्त्र का भी अध्ययन किया और उससे संबंधित रील्स भी साझा कीं। धीरे-धीरे क्लाइंट्स बढ़ने लगे और इस माध्यम से मुझे यश की प्राप्ति होने लगी। 0 फ़ॉलोअर्स से शुरुआत करके, आज एक वर्ष के पश्चात मैं 1,50,000 फ़ॉलोअर्स तक पहुँच चुकी हूँ। साथ ही रील्स के माध्यम से मुझे न केवल भारत से, बल्कि विदेशों से भी क्लाइंट्स मिले। आज की तारीख़ में मेरे अधिकांश क्लाइंट्स कनाडा, यूएसए, लंदन, ऑस्ट्रेलिया और दुबई में स्थित हैं।

**6. आपके लिए ऐसा कौन सा पल था जो अविस्मरणीय बन गया?**

– जब 7 सितंबर 2005 का चंद्र ग्रहण लगने वाला था, तब मैंने एक रील के माध्यम से लोगों को यह बताया था कि ग्रहण के दौरान क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए। यह रील न केवल वायरल हुई, बल्कि इसमें दिया गया मार्गदर्शन टाइम्स नाऊ एवं रिपब्लिक भारत जैसे समाचार चैनलों द्वारा भी प्रकाशित किया गया। यह अनुभव मेरे लिए अत्यंत विशेष और अविस्मरणीय रहा।

**7. भविष्य जानने के इच्छुक व्यक्ति आप तक कैसे पहुँच सकते हैं?**

टैरो कार्ड्स के माध्यम से भविष्य जानने के इच्छुक व्यक्ति निम्न माध्यमों से अपनी अपॉइंटमेंट बुक कर सकते हैं–

ईमेल– bhoomikakalley@gmail.com

इंस्टाग्राम – @tarotwithbhoomika पर संदेश भेजकर।

# पाकिस्तान : बम धमाके में एसएचओ समेत सात पुलिसकर्मियों की मौत, तहरीक-ए-तालिबान ने ली हमले की जिम्मेदारी

नई दिल्ली



पाकिस्तान में पुलिस बल की गाड़ी पर एक बम ब्लास्ट हुआ, जिसमें सात पुलिसकर्मियों की मौत हो गई। तहरीक ए तालिबान ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है। पाकिस्तान में हुए इस हमले का एक वीडियो सामने आया, जिसमें दिखाया गया कि सोमवार, 12 जनवरी को खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक टारगेटेड बम विस्फोट में पाकिस्तानी पुलिस का एक बख्तरबंद वाहन उड़ा दिया गया, जिसमें सात पुलिसकर्मी सवार थे।खैबर पख्तूनख्वा में ये सातों पुलिसकर्मी जिले में पेट्रोलिंग पर निकले थे। टीटीपी ने पुलिस की गाड़ी पर निगाहें बनाई हुई थीं और इस कार को रिमोट कंट्रोल ब्लास्ट के जरिए उड़ा दिया गया। टैंक डिप्टी चीफ परवेज शाह ने पुलिस बल पर हुए इस हमले के बारे में बताया, हमला होते ही पांच पुलिसकर्मियों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दो पुलिसकर्मियों को अस्पताल पहुंचकर मृत घोषित बताया गया।

बम धमाके में मारे गए सात पुलिसकर्मियों में एक स्टेशन हाउस ऑफिसर, एक सब-इंस्पेक्टर, चार एलीट पुलिस बल और एक ड्राइवर शामिल था। पाकिस्तान में खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान के इलाकों में हमलों में तेजी आई है। इन हमलों में मुख्य रूप से पुलिस, कानून प्रवर्तन एजेंसियों से जुड़े लोग और सुरक्षा बलों को निशाना बनाया जा रहा है। पाकिस्तान ने अफगान तालिबान पर टीटीपी आतंकवादियों को पनाह देने का आरोप लगाया है और कहा है कि वे अगान धरती का इस्तेमाल पाकिस्तान में अपने हमलों की योजना बनाने के लिए करते हैं। काबुल ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि पाकिस्तान की सुरक्षा एक आंतरिक समस्या है।

# ट्रंप के एजेंट्स की हिरासत में जान गंवा रहे अवैध प्रवासी, आईसीई की रिपोर्ट में खुलासा

नई दिल्ली



7 जनवरी को मिनियापोलिस में महिला की दर्दनाक मौत के बाद ट्रंप और उनके एजेंट्स सवालों के घेरे में हैं। अमेरिकी इमीग्रेशन और कस्टम इंफोर्समेंट (आईसीई) एजेंसी ने रेने निकोले गुड नामक महिला को चलती कार में गोली मार दी। सिर में गोली लगने से महिला की मौके पर ही मौत हो गई थी।


अब आईसीई ने चौंकाने वाली जानकारी साझा की है। अवैध प्रवासियों को चुन-चुन कर अमेरिका से बाहर निकालने में जुटी आईसीई के डिटेंशन कैंपों की हालत नरक से भी बदतर है। आईसीई ने प्रेस रिलीज जारी करते हुए बताया कि इसी साल डिटेंशन कैंप में कई लोगों की मौत हो चुकी है। पिछले साल भी मृतकों की संख्या 20 साल में सबसे अधिक देखने को मिली थी।

2026 की शुरुआत से महज 10 दिन के भीतर आईसीई की हिरासत में कम से कम 4 लोगों की जान गई है। वहीं, 9 और 10 जनवरी को 3 लोगों की मौत हुई है। सारे मृतक अवैध प्रवासी थे, जिनकी उम्र 42-68 वर्ष बताई जा रही है। इनमें दो होंडुरास, 1 क्यूबा और 1 कंबोडिया का नागरिक था।

पिछले 2 दशकों में 2025 अवैध प्रवासियों के लिए सबसे खौफनाक साल रहा है। इस दौरान आईसीई के डिटेंशन कैंप में सबसे ज्यादा लोगों की मौत हुई है। 2004 के बाद पहली बार डिटेंशन कैंप में इतने लोगों की जान जाने का मामला सामने आया है। 2021-2025 के बीच आईसीईकी हिरासत में 26 लोगों की मौत हुई थी। अमेरिकी नागरिक स्वतंत्रता संघ की ओर से 2024 में जारी की गई रिपोर्ट के अनुसार, डिटेंशन कैंप में मौजूद लोगों की सही तरीके से देखभाल करके उनकी जान बचाई जा सकती थी। मृतकों की मेडिकल रिपोर्ट में भी इलाज की अनदेखी और लापरवाही को मौत की बड़ी वजह माना गया है।

# पहले कोई गंभीरता से नहीं लेता था, अब न्यू इंडिया की दुनिया सुनती है : राजनाथ सिंह

नई दिल्ली



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को कहा कि भारत एक सशक्त और विकसित राष्ट्र के रूप में उभरा है। उन्होंने आगे कहा कि पहले अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत को गंभीरता से नहीं लिया जाता था, लेकिन आज जब भारत बोलता है तो दुनिया सुनती है। राष्ट्रीय राजधानी के मानेकशॉ सेंटर में आयोजित 10वें सशस्त्र बल वयोवृद्ध दिवस के अवसर पर अपने संबोधन में उन्होंने वयोवृद्धों से राष्ट्र का मार्गदर्शन जारी रखने का आग्रह किया और सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देने के महत्व पर प्रकाश डाला।

राजनाथ सिंह ने कहा कि आज भारत एक सशक्त और विकसित राष्ट्र के रूप में आगे बढ़ रहा है। पहले अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत को गंभीरता से नहीं लिया जाता था, लेकिन आज जब भारत बोलता है तो दुनिया सुनती है। सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देना समय की मांग है। हर क्षेत्र में आपकी भूमिका भारत के भविष्य का मार्गदर्शन कर सकती है। सिंह ने कहा कि पूर्व सैनिक शिक्षा, कृषि और आपदा प्रबंधन जैसे विभिन्न क्षेत्रों में योगदान दे रहे हैं और उन्हें राष्ट्र का महत्वपूर्ण स्तंभ बताया। आज कई पूर्व सैनिक शिक्षा से लेकर कृषि और आपदा प्रबंधन तक हर क्षेत्र में योगदान दे रहे हैं। हमारी सरकार मानती है कि हमारे सैनिक और पूर्व सैनिक राष्ट्र के महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। जिस प्रकार घर में महत्वपूर्ण निर्णय बड़ों से परामर्श करके लिए जाते हैं, उसी प्रकार आपकी भूमिका भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। हमारी सरकार ने पूर्व सैनिकों के लिए कई पहल की हैं। उन्होंने ऑपरेशन पवन के दौरान श्रीलंका में सेवा देने वाले सैनिकों को याद किया और सरकार की उन पहलों पर प्रकाश डाला, जिनमें वन रैंक वन पेंशन (ओआरपी) योजना भी शामिल है, जो पूर्व सैनिकों को आर्थिक स्थिरता प्रदान करती है। मैं श्रीलंका में भारतीय शांति सेना के हिस्से के रूप में सेवा देने वाले सैनिकों को भी याद करना चाहूंगा। उस दौरान कई सैनिकों ने शहादत पाई। उनका साहस हमें प्रेरित करना चाहिए। सरकार पवन अभियान में भाग लेने वाले शांति सैनिकों के योगदान को स्वीकार करती है। प्रधानमंत्री मोदी ने 2015 में अपनी श्रीलंका यात्रा के दौरान उनके स्मारक का दौरा किया था, और हम दिल्ली के युद्ध स्मारक में उन्हें सम्मानित करना जारी रखते हैं। हमने वन रैंक वन पेंशन योजना भी लागू की है, जिससे पूर्व सैनिकों को आर्थिक स्थिरता मिली है।

# आपने 40 साल से आतंकवाद पर चुप्पी साध रखी है, भारत ने कनाडा को दिखाया आईना

**नई दिल्ली।** कनाडा में भारत के हाई कमिश्नर दिनेश पटनायक ने खालिस्तानी आतंकवादियों को लेकर तीखा हमला बोला है। कनाडा के सरकारी चैनल ष्ट्वक्ष्ट पर मंगलवार को दिए इंटरव्यू में पटनायक ने कहा कि कनाडा ने पिछले 40 सालों में अपनी जमीन पर चल रही आतंकी गतिविधियों के खिलाफ कोई कदम नहीं उठाया, इससे भारत विरोधी चरमपंथ को बढ़ावा मिला है। हरदीप सिंह निज्जर मामले को लेकर ष्ट्वक्ष्ट के एंकर ने बार-बार कहा कि कनाडाई खुफिया और पुलिस के पास भारतीय एजेंटों से जुड़ी विश्वसनीय जानकारी है, लेकिन पटनायक ने इसे सिरे से खारिज कर दिया। निज्जर की हत्या को लेकर पटनायक ने पूछा, सबूत कहां हैं? ये सिर्फ आरोप हैं, जिनके पीछे कोई प्रमाण नहीं है। आरोप लगाना आसान है। उन्होंने कनाडा पर उंगली उठाते हुए कहा कि भारत जब कनाडा में सक्रिय आतंकियों की जानकारी देता है, तो कनाडाई पक्ष सबूत की कमी का बहाना बनाता है। लेकिन जब कनाडा भारत पर आरोप लगाता है, तो उम्मीद करता है कि बिना सबूत के ही माने जाएं।

हाई कमिश्नर ने 1985 के एअर इंडिया बम विस्फोट का जिक्र किया, जिसमें 329 लोग मारे गए थे। उन्होंने कहा, इस हमले की जांच आज तक कुछ नहीं निकाल पाई। कनाडा में आतंकवाद पर 40 साल से बात हो रही है, लेकिन किसी को सजा नहीं हुई। पटनायक ने कनाडा पर डबल स्टैंडर्ड अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, जब मैं आरोप लगाता हूं और आप कहते हैं सबूत काफी नहीं, तो मैं मानता हूं। लेकिन जब आप मुझे आरोपित करते हैं और मैं सबूत मांगता हूं, तो आपको भी वैसा ही करना चाहिए। इंटरव्यू में एंकर ने भारतीय सरकार पर भरोसे की कमी का मुद्दा उठाया, लेकिन पटनायक ने साफ कहा कि भारत सरकार ऐसी हरकतें नहीं करती। अगर कोई व्यक्ति सबूतों के आधार पर दोषी पाया जाता है, तो भारत खुद कार्रवाई करेगा उन्होंने कहा, हमें आपकी कार्रवाई की जरूरत नहीं पड़ेगी।

# मनमाने ढंग से नौकरी से निकाल रहे, जम्मू-कश्मीर में 5 कर्मचारियों पर एक्शन से महबूबा मुफ्ती नाराज

श्रीनगर



जम्मू और कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने मंगलवार को उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों से कथित संबंधों के आरोप में पांच सरकारी कर्मचारियों की सेवा समाप्त करने के फैसले की आलोचना करते हुए इस कदम को मनमाना और अन्यायपूर्ण बताया। ङ्क पर एक पोस्ट में मुफ्ती ने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश में इस तरह की कार्रवाइयों को खतरनाक रूप से सामान्य मान लिया गया है।

महबूबा मुफ्ती ने लिखा कि यह सिर्फ कर्मचारी का मामला नहीं है। हर %बर्खास्तगी% के पीछे एक परिवार है जिसे अंधकार में धकेल दिया गया है और यह एक तरह की सामूहिक सजा है, जिसमें भारत सरकार की कठोर नीतियों के कारण पूरे परिवार रातोंरात बर्बाद हो जाते हैं। ये नीतियां कानून के शासन का मजाक उड़ाती हैं और उचित प्रक्रिया को नजरअंदाज करती हैं। उन्होंने आगे कहा कि अन्याय को सामान्य मानना बंद होना चाहिए। उनकी ये टिप्पणियां उपराज्यपाल द्वारा प्रतिबंधित उग्रवादी संगठनों से सक्रिय संबंध रखने के आरोपी पांच कर्मचारियों को बर्खास्त करने के आदेश के एक दिन बाद आईं।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, बर्खास्त किए गए लोगों में एक सरकारी स्कूल शिक्षक, एक प्रयोगशाला तकनीशियन, एक सहायक लाइनमैन, वन विभाग का एक कर्मचारी और स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग में कार्यरत एक ड्राइवर शामिल हैं। खबरों के मुताबिक, ड्राइवर, जो फिलहाल श्रीनगर की केंद्रीय जेल में बंद है, की पहचान हिजबुल मुजाहिदीन के एक सूचीबद्ध ओवरग्राउंड वर्कर के रूप में हुई है और आरोप है कि वह पाकिस्तान स्थित एक हैंडलर के लगातार संपर्क में था। प्रशासन का कहना है कि यह कार्रवाई राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में की गई है।

# भाजपा का 'बहिष्कार' ड्रामा, अब परदेसी ताकतों का कर रही है स्वागत : अखिलेश यादव

लखनऊ (वार्ता)

समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा और उसके संगी-साथी स्वदेशी का नारा लगाते-लगाते अब परदेसी हो गए हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग कल तक चीन से आयात और चीनी सामान के बहिष्कार की बातें कर रहे थे, वही आज खुलेआम उसका स्वागत कर रहे हैं। बुधवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए श्री यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा के वैचारिक उस्ताद पड़ोसी देश से एकदलीय व्यवस्था का मास्टर क्लास ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस स्तर तक अब मुलाकात पहुँच गई है, उससे साफ है कि इसकी तैयारी कई वर्षों से चल रही थी। ऐसे में बहिष्कार का यह सारा ड्रामा केवल समर्थकों की आँखों में धूल झोंकने के लिए किया गया। सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा समर्थक, जो चीनी सामान के बहिष्कार के लिए घर-घर जाकर प्रचार कर रहे थे, आज खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि भाजपा के ये समर्थक 'रंगे सियार' की कहानी भूल गए थे, जिसका सच बारिश में सामने आ जाता है। अखिलेश यादव ने भाजपा की नीतियों और कथनी-करनी के अंतर पर सवाल उठाते हुए जनता से सच समझने की अपील की है।

# तेज प्रताप को मेरा आशीर्वाद, अब परिवार के साथ ही रहेगा

पटना



मकर संक्रांति के मौके पर तेज प्रताप यादव के आवास पर आयोजित दही-चूड़ा भोज में राजनीति से ज्यादा परिवार की बात होती नजर आई। सात महीने बाद तेज प्रताप के घर पहुंचे राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने साफ शब्दों में कहा कि वे बेटे तेज प्रताप से नाराज नहीं हैं और उनका आशीर्वाद हमेशा उसके साथ रहेगा। लालू के इस बयान को तेज प्रताप की राजनीतिक और पारिवारिक वापसी के तौर पर देखा जा रहा है। दही-चूड़ा भोज के दौरान मीडिया से बातचीत में लालू यादव ने कहा कि परिवार में मतभेद होते रहते हैं, लेकिन इसका मतलब दूरी नहीं होता। उन्होंने दो टूक कहा कि तेज प्रताप अब परिवार के साथ ही रहेगा। लालू का यह बयान ऐसे समय आया है, जब लंबे समय से यह चर्चा चल रही थी कि तेज प्रताप पार्टी और परिवार से अलग-थलग पड़ गए हैं। तेज प्रताप के बीजेपी में जाने की अटकलों पर भी लालू यादव ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि बेटे को हमेशा उनका आशीर्वाद मिलेगा, वह जहां भी रहेगा, खुश और सफल रहे, यही उनकी कामना है। लालू के इस जवाब को सियासी संकेतों से ज्यादा भावनात्मक संदेश के रूप में देखा जा रहा है, जिससे यह साफ होता है कि परिवार के स्तर पर रिश्तों में नरमी आई है। इस दही-चूड़ा भोज में कई राजनीतिक हस्तियां भी मौजूद रहीं। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, साधु यादव, प्रभुनाथ यादव और चेतन आनंद की उपस्थिति ने इस आयोजन को और खास बना दिया। खासकर साधु यादव की मौजूदगी इसलिए चर्चा में रही, क्योंकि अतीत में उनके और तेज प्रताप के रिश्तों में तल्खी रही है। अब एक ही मंच पर नजर आना सियासी गलियारों में नए संकेत दे रहा है। हालांकि, इस आयोजन में तेजस्वी यादव और राबड़ी देवी की अनुपस्थिति भी चर्चा का विषय बनी रही। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि भले ही सभी रिश्ते एक साथ सामान्य न हुए हों, लेकिन लालू यादव की मौजूदगी ने यह संदेश जरूर दे दिया है कि परिवार को जोड़ने की कोशिशें तेज हो गई हैं। तेज प्रताप यादव ने भी इस मौके पर कहा कि दही-चूड़ा भोज उनकी ओर से परंपरा और रिश्तों को निभाने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि वे सभी बड़े नेताओं और परिवारजनों का सम्मान करते हैं और यही उनकी राजनीति की पहचान है। कुल मिलाकर, तेज प्रताप के आवास पर हुआ यह दही-चूड़ा भोज सिर्फ एक पर्व आयोजन नहीं रहा, बल्कि लालू यादव के आशीर्वाद के साथ रिश्तों में आई गर्मजोशी और सियासी संकेतों का केंद्र बन गया।

# काला सागर में यूनान के स्वामित्व वाले तेल टैंकरों पर ड्रोन से हमला

एथेंस, (वार्ता)

एक यूनानी समुद्री सुरक्षा फर्म ने मंगलवार को पुष्टि की कि उसके स्वामित्व वाले तीन टैंकरों पर दिन की शुरुआत में अज्ञात ड्रोन से हमला किया गया।ये टैंकर काला सागर में लंगर डाले खड़े थे और कैस्पियन पाइपलाइन कंसोर्टियम टर्मिनल पर कच्चे तेल के लादे जाने का इंतजार कर रहे थे। यूनानी आधिकारिक समाचार एजेंसी एएमएनए के अनुसार, सुरक्षा फर्म डियाप्लस इस घटना की निगरानी कर रही है। उसने इन जहाजों की पहचान थेनामार्टिस के जहाज एमटी मटिल्डा और लाइबेरिया के झंडे वाले दो जहाजों एमटी डेल्टा हार्मनी आ एमटी डेल्टा सुप्रीम के रूप में की है, जिन्हें डेल्टा टैंकर्स संचालित करता है। इलाके में चार टैंकर ड्रोन हमले की चपेट में आए हैं। कजाकिस्तान की राष्ट्रीय तेल एवं गैस कंपनी काज़मुनयगैस और देश के ऊर्जा मंत्रालय ने बाद में बताया कि तेल लादने के लिए निर्धारित दो कजाख टैंकरों पर काला सागर में टर्मिनल के पास हमला किया गया था। प्रभावित जहाजों की संख्या के बारे में अभी पता नहीं है। गया है कि ड्रोन के प्रकार, हमले के सटीक स्थान और क्षति की पूरी सीमा से संबंधित विवरण को अभी सत्यापित किया जाना बाकी है।


## फिल्म/टीवी मनोरंजन

# संदीपा धर ने लाल ड्रेस में बढ़ाया ग्लैमर का पारा



बोल्ड रेड ड्रेस में नजर आईं संदीपा धर ने ग्लैमर, कॉन्फिडेंस और अट्रैक्शन का ऐसा परफेक्ट मेल पेश किया कि फैशन लवर्स और फैंस दोनों ही प्रभावित हुए बिना नहीं रह सके। अभिनेत्री संदीपा धर जानती हैं कि स्टाइल स्टेटमेंट कैसे बनाया जाता है, और उनकी हालिया अपीयरेंस इस बात का शानदार सबूत है।रेड एन्सेंबल का डेरिंग सिलुएट और स्ट्रैटेजिक कट-आउट्स संदीपा की टोंड फिगर को खूबसूरती से कॉम्प्लीमेंट करते हैं। हाल्टर नेकलाइन उनके कॉलरबोन्स और शोल्डर्स को हाइलाइट करती है, जबकि फिगर-हगिंग फिट उनकी कर्व्स को एलिगेंट और सेंसुअस अंदाज़ में उभारता है। थाई-हाई स्लिट लुक में ड्रामैटिक टच जोड़ता है, जिससे यह आउटफिट सोफिस्टिकेशन और बोल्ड हॉटनेस के बीच बेहतरीन बैलेंस बनाता है। इस लुक को खास बनाती है संदीपा का इसे कैरी करने का अंदाज़। उनका कॉन्फिडेंट पॉश्चर, फ्लुइड पोज़ और सहज ग्रेस इस ड्रेस को सिर्फ फैशन चॉइस नहीं, बल्कि एक पावरफुल स्टाइल स्टेटमेंट बना देते हैं। कंधों पर गिरती सॉफ्ट वेव्स और मिनिमल मेकअप लुक को सटल रखते हुए ड्रेस पर फोकस बनाए रखते हैं, जबकि उनकी ग्लोइंग स्किन और एक्सप्रेसिव आंखें मैग्नेटिक अपील को और बढ़ा देती हैं। विशेष रूप से अक्सर पैशन और पावर का रंग माना जानेवाला लाल रंग ऐसा लग रहा है, जैसे वो ख़ास तौर पर संदीपा धर के लिए ही बना हो। यह शेड उनके कॉम्प्लेक्शन को न सिर्फ खूबसूरती से निखार रहा है, बल्कि उनकी बोल्ड ऑन-स्क्रीन पर्सनैलिटी को और भी उभार रहा है, जिससे यह लुक एक साथ फियरी और रिफाइंड नजर आ रहा है। संदीपा धर अपने अपीयरेंस से यह भी साबित कर रही हैं कि सच्चा स्टाइल सिर्फ पहनावे में नहीं, बल्कि उसे निभाने के अंदाज़ में होता है। इस शानदार रेड ड्रेस मोमेंट के साथ संदीपा धर एक बार फिर साबित करती हैं कि वह एलिगेंस और ऊम्फ के बीच बेहद आसानी से मूव कर सकती हैं।

# बचपन से ही कैफी आजमी में थी शायर बनने की प्रतिभा



मशहूर शायर और गीतकार कैफी आजमी की शेरो-शायरी की प्रतिभा बचपन ही दिखाई देने लगी थी। उत्तर प्रदेश मे आजमगढ़ जिले के मिजवां गांव में 14 जनवरी 1919 को जन्में सैयद अतहर हुसैन रिजवी उर्फ कैफी आजमी के पिता जमींदार थे। पिता हुसैन उन्हें ऊंची से ऊंची तालीम देना चाहते थे और इसी उद्देश्य से उन्होंने उनका दाखिला लखनऊ के प्रसिद्ध सेमिनरी सुल्तान उल मदारिस में कराया था।कैफी आजमी ने महज ग्यारह वर्ष की उम्र से ही मुशायरों में हिस्सा लेना शुरू कर दिया था जहां उन्हें काफी दाद भी मिला करती थी लेकिन बहुत से लोग जिनमें उनके पिता भी शामिल थे, सोचते थे कि कैफी आजमी मुशायरों के दौरान खुद की नहीं बल्कि अपने बड़े भाई की गजलें सुनाते हैं।

एक बार पुत्र की परीक्षा लेने के लिये कैफी के पिता ने उन्हें गाने की एक पंक्ति दी और उस पर गजल लिखने को कहा । कैफी आजमी ने इसे एक चुनौती के रूप मे स्वीकार किया और उस पंक्ति पर एक गजल की रचना की। उनकी यह गजल उन दिनों काफी लोकप्रिय हुआ और बाद मे सुप्रसिद्ध गायिका बेगम अख्तर ने उसे अपना स्वर दिया। गजल के बोल कुछ इस तरह थे इतना तो भजदगी में किसी की खलल पड़े,.ना हंसने से हो सुकून ना रोने से कल पड़े।कैफी आजमी महफिलों में शिरकत करते वक्त बड़े प्यार से नज्म सुनाया करते थे। इसके लिये उन्हें कई बार डांट भी सुननी पड़ती थी जिसके बाद वह रोते हुये अपनी वालिदा के पास जाते और कहते, अम्मा देखना एक दिन मैं बहुत बड़ा शायर बनकर दिखाऊंगा।

कैफी आजमी कभी भी उच्च शिक्षा की ख्वाहिश नहीं रखते थे। सेमिनरी में अपनी शिक्षा के दौरान वहां की कुव्यवस्था को देखकर कैफी आजमी ने छात्र संघ का निर्माण किया और अपनी मांग पूरी नहीं होने पर छात्रों से हड़ताल पर जाने की अपील की। उनकी अपील पर छात्र हड़ताल पर चले गये और इस दौरान उनका धरना करीब डेढ़ साल तक चला। इस हड़ताल के कारण कैफी आजमी सेमिनरी प्रशासन के कोपभाजन बने और धरने की समाप्ति के बाद उन्हें सेमिनरी से निकाल दिया गया।इस हड़ताल से कैफी आजमी को फायदा भी पहुंचा और इस दौरान उस समय के कुछ प्रगतिशील लेखकों की नजर उन पर पड़ी जो उनके नेतृत्व को देखकर काफी प्रभावित हुए थे। कैफी के अंदर उन्हें एक उभरता हुआ कवि दिखाई दिया और उन्होंने उन्हें हरसंभव सहायता देने की पेशकश की। इसके बाद एक छात्र नेता अतहर हुसैन के अंदर कवि कैफी आजमी ने जन्म ले लिया।

1942 मे कैफी आजमी उर्दू और फारसी की उच्च शिक्षा के लिये लखनऊ और इलाहाबाद भेजे गये लेकिन उन्होंने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की सदस्यता ग्रहण करके पार्टी कार्यकर्ता के रूप मे कार्य करना शुरू कर दिया और फिर भारत छोड़ो आंदोलन में शामिल हो गये।इस बीच मुशायरों में कैफी आजमी की शिरकत जारी रही। आजादी के बाद कैफी के पिता और भाई पाकिस्तान चले गये लेकिन उन्होंने हिंदुस्तान में ही रहने का निर्णय लिया। कैफी ने सबसे पहले शाहिद लतीफ की फिल्म ..बुजदिल.. के लिये दो गीत लिखे जिसके एवज मे उन्हें 1000 रुपये मिले। इसके बाद वर्ष 1959 में प्रदर्शित फिल्म फिल्म कागज के फूल के लिये कैफी आजमी ने ..वक्त ने किया क्या हसीं सितम तुम रहे ना तुम हम रहे ना हम .जैसा सदाबहार गीत लिखा। वर्ष 1965 में प्रदर्शित फिल्म ..हकीकत .. में उनके रचित गीत .क़र चले हम फिदा जानों तन साथियो अब तुम्हारे हवाले वतन साथियों .क़ी कामयाबी के बाद कैफी सफलता के शिखर पर जा पहुंचे। बहुमुखी प्रतिभा के धनी कैफी आजमी ने फिल्म गर्म हवा की कहानी संवाद और पटकथा भी लिखी जिनके लिये उन्हें फिल्म फेयर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। लगभग 75 वर्ष की आयु के बाद कैफी आजमी ने अपने गांव मिजवां में ही रहने का निर्णय किया। अपने रचित गीतों से श्रोताओं को भावविभोर करने वाले महान शायर और गीतकार कैफी आजमी 10 मई 2002 को इस दुनिया से रुखसत हो गये।

# फैंटेसी तब काम करती है, जब वह भावनात्मक रूप से सच्ची लगे : सूरज सिंह



फिल्म राहु केतु के निर्माता सूरज सिंह का कहना है कि फैंटेसी तब काम करती है, जब वह भावनात्मक रूप से सच्ची लगे। भारतीय सिनेमा में एक अलग पहचान बना रहे बीलाइव प्रोडक्शंस के निर्माता सूरज सिंह, ऐसी कहानियों का समर्थन करते हैं, जो परंपरागत सोच को चुनौती दे, लेकिन साथ ही दर्शकों से भावनात्मक रूप से जुड़ी भी रहे। फिलहाल उनकी आगामी फिल्म राहु केतु उनके इसी दृष्टिकोण का सशक्त उदाहरण है, जो एक हाई-कॉन्सेप्ट फैंटेसी ड्रामा होने के बावजूद भव्य कल्पनाशील दुनिया को मानवीय भावनाओं के साथ संतुलित करता है। फिलहाल पारंपरिक पौराणिक फॉर्मूलों पर निर्भर रहने के बजाय, सूरज सिंह एक ऐसी सिनेमैटिक दुनिया गढ़ने पर ध्यान दे रहे हैं, जो नई और पूरी तरह कहानी-केंद्रित हो। यही वजह है कि उन्होंने राहु केतु के ज़रिए दर्शकों को ऐसी भव्यता देने की कोशिश की है, जो कहानी को मनोरंजक बनाने के साथ-साथ भावनात्मक रूप से भी गहराई से जोड़े।सूरज सिंह ने अपने क्रिएटिव दर्शन को साझा करते हुए कहा कि उनके लिए हाई-कॉन्सेप्ट सिनेमा का मतलब केवल जटिलता नहीं है। वे कहते हैं, फैंटेसी तब काम करती है, जब वह भावनात्मक रूप से सच्ची लगे, भले ही उसकी दुनिया असली न हो। उनके अनुसार, दर्शक भले ही थिएटर में विज़ुअल भव्यता के लिए आते हों, लेकिन वे फिल्म से जुड़े रहते हैं उसकी भावनाओं की वजह से। वह मानते हैं कि हाई-कॉन्सेप्ट स्टोरीटेलिंग में दर्शकों को डर, प्यार, उम्मीद या संघर्ष जैसी जानी-पहचानी भावनाओं का अनुभव होना चाहिए, चाहे कहानी किसी भी काल्पनिक परिवेश में क्यों न रची गई हो। यही संतुलन फिल्मों को यादगार बनाता है और उन्हें ओपनिंग वीकेंड से आगे भी दर्शकों के दिलों में बनाए रखता है।

# जिले में ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान का हुआ शुभारंभ

### अभियान के तहत जन- जन तक पहुंचाई जाएगी मप्र सरकार की उपलब्धियां

**नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।**

प्रदेश के साथ- साथ जिले में ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान ग्राम विकास पखवाड़े के रूप में 12 जनवरी से 26 जनवरी 2026 तक मप्र जनअभियान परिषद के तत्वाधान में चलाया जाएगा। ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान का शुभारंभ पूर्व राज्यमंत्री श्री जालम सिंह पटेल के मुख्य आतिथ्य में शासकीय पीजी कॉलेज नरसिंहपुर के ऑडिटोरियम में बुधवार को हुआ। यह जिला स्तरीय कार्यक्रम स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के कार्यक्रम के साथ किया गया। ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान के तहत मध्यप्रदेश सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने, योजनाओं में पात्र हितग्राहियों की सहभागिता सुनिश्चित करने तथा आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के निर्माण के लिए सकारात्मक वातावरण के सृजन के उद्देश्य से ग्राम चौपाल, रैली, सामूहिक श्रमदान एवं पारिवारिक



संपर्क कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। साथ ही सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, स्वावलंबन एवं स्वदेशी, नागरिक सेवा, शिक्षा एवं संस्कार, नशामुक्त एवं गौ-संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। यह अभियान 26 जनवरी तक जिले के विकासखंड, सेक्टर, ग्राम पंचायत तक निरंतर चलाया जाएगा। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष नरसिंहपुर श्री नीरज दुबे, श्री सुनील कोठारी, महंत श्री बालकदास जी महाराज, स्वामी श्री अमृतानंद जी महाराज, निरंजर गंगाधर पालिमांकार जी महाराज, पीजी कॉलेज नरसिंहपुर के प्राचार्य मौजूद थे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सामुदायिक पाठ्यक्रम में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। श्री सुनील कोठारी ने स्वदेशी संकल्प तथा श्री जालम सिंह पटेल ने सभी को नशामुक्ति की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय परिसर में आम एवं जामुन के पौधों का रोपण किया गया। पूर्व राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा कि वर्तमान में चलाए जा रहे ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान के द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचे और इसका लाभ पात्र हितग्राहियों को मिले। स्वामी विवेकानद जी के विचारों से युवाओं में राष्ट्रहित के कार्य करने की एक दिशा प्राप्त होती है। नगर पालिका अध्यक्ष श्री दुबे ने बताया कि शासन की ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान महत्वपूर्ण है। इसकी सफलता मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद के हाथों में है। इस अवसर पर श्री सुनील कोठारी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। महंत श्री बालकदास जी महाराज ने बताया कि संस्कार युक्त और राष्ट्रीय विचार व कार्य ही समाज व राष्ट्र को सम्बल प्रदान करते हैं। स्वामी विवेकानंद जी के विचारों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से युवाओं को राष्ट्रीय गतिविधियों में सहभागिता का अवसर मिलता है। जिला रोजगार अधिकारी श्री आरएस पारासर ने शासन की विभिन्न योजनाओं तथा स्वरोजगार मूलक योजनाओं की जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान भारतीय शिक्षण मंडल महाकौशल प्रांत के द्वारा स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर डॉ. गनेश कुमार सोनी ने स्व-बोध, विकसित भारत, राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिक, पंच परिवर्तन, सामाजिक समरसता व स्वदेशी, शिक्षा, चरित्र, नेतृत्व, स्वामी विवेकानंद जी के विचारों आदि संबंधी प्रतियोगिता के बारे में बताया।

भारतीय शिक्षण मंडल की प्रतियोगिता से संबंधित पोस्टर का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम की प्रस्तावना जिला समन्वयक श्री जयनारायण शर्मा, कार्यक्रम संचालन विकासखंड समन्वयक गोटेगांव श्री प्रतीक दुबे और आभार विकासखंड समन्वयक करेली श्रीमती माधवी पाठक ने किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगीत वंदे मारतम के साथ हुआ।



# जिला परिवहन अधिकारी ने ओवरलोड सवारी वाहनों के विरूद्ध की कार्रवाई

### बरमान मेला अंतर्गत स्थित चैक प्वाइंट में 30 वाहनों की हुई जांच

### कमी पाए जाने पर 5 वाहनों पर लगाया गया 12 हजार 500 रुपये का जुर्माना

**नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशानुसार बरमान मेला अंतर्गत स्थित चैक प्वाइंट पर जिला परिवहन अधिकारी व टीम द्वारा बुधवार को ओवरलोड सवारी वाहनों को चैक कर उनके विरूद्ध कार्रवाई की गई। इस दौरान 30 ओवरलोड बसों एवं मालवाहकों को ओवरलोड सवारी वाले वाहनों की जांच की गई। जांच के दौरान कमी पाए जाने पर 5 वाहनों पर 12 हजार 500 रुपये का जुर्माना लगाया गया। जिला परिवहन अधिकारी ने वाहन चालकों को मेला अवधि के दौरान ओवर लोर्डिंग करके वाहन न चलाएं और नियमानुसार ही वाहन चलाने की समझाइश दी। उल्लेखनीय है कि मकर संक्रांति के अवसर पर जिले के बरमान घाट में प्रसिद्ध बरमान मेले का आयोजन प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी किया जाता। मेले के दौरान बरमान घाट में हजारों व लाखों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। उक्त निर्देशों के परिपालन में जिला परिवहन अधिकारी व टीम द्वारा यह कार्रवाई की गई।

# ओशो सन्यासियों ने देखे ओशो के दर्शनीय स्थल



**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।** ओशो सन्यासियों के ग्रुप जिसमें लगभग पचास सन्यासी नेपाल और सिक्कम से यहाँ आये और उन्होंने ओशो की बाल क्रीड़ा स्थली ओशो लीला आश्रम में बने मृत्यु बोध स्थल सहित ओशो के घर प्रभु निवास, नये बस स्टैंड पर बनी बाबली, ओशो की प्रायमरी स्कूल की शिक्षा जहां हुई उस गंज स्कूल,ओशो ने मिडिल स्कूल की शिक्षा जहां की उस आदर्श स्कूल के साथ ही सार्वजनिक लायब्रेरी जहां से ओशो एक दिन में तीन बुक ले जाकर पढ़ा करते थे एवँ जहां ओशो के विभिन्न दस्तखत की हुई किताबें रखी हुई है के दर्शन किये सभी सन्यासियों ने इसे ओशो तीर्थ बताते हुये यहाँ आकर ओशो से जुड़ी हुई जगहों के दर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त की।

# शासन की भूमि पर शराब माफिया का कब्जा

**मऊगँज।**

मऊगँज जिले के तहसील हनुमना अन्तर्गत चैरासी क्षेत्र की ग्राम पंचायत खूँटा मे हनुमान जी मंदिर के पुर्व दिशा मे शासकीय भूमि पर शासन द्वारा स्वीकृत सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य कराया जाना है। लेकिन उसी भूमि पर शराब माफिया कामता गुप्ता द्वारा अवैध तरीके से मकान बनाकर सिर्फ अवैध शराब की विक्री करता है* ।जब कि अतिक्रमण कारी की रोड के उत्तरी सीमा मे पट्टे की जमीन मे पक्का मकान बनाकर रहता है। सरपंच ग्राम पंचायत खूँटा कौशल बाबा पाठक द्वारा समझाईस देकर अतिक्रमित जगह को खाली करने को कहा गया लेकिन उक्त शराब माफिया द्वारा अतिक्रमित जगह खाली करने से इन्कार कर दिया ।जिस पर सरपंच द्वारा अनुविभगीय अधिकारी हनुमना और तहशीलदार हनुमना को लिखित आवेदन देकर उक्त शासकीय भूमि को जल्द से जल्द अतिक्रमण मुक्त कराया जावे जिससे स्वीकृत सामुदायिक भवन का निर्माण निर्धारित समय तक कराया जा सके ।

**पंचायत के विकास में बन रहा बाधा**

### औद्योगिक प्रयोजन के लिए ऑनलाइन आवेदन

**नरसिंहपुर।** महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र नरसिंहपुर ने बताया कि जिले की करेली तहसील के ग्राम कठौतिया में स्थित विभागीय अधिपत्य की अविकसित भूमि खसरा क्रमांक 456/3, 456/ 1/ 3 रकवा 4.546 हे. का आबंटन प्रचलित विभागीय नियम मप्र एमएसएमई को आबंटित प्रौद्योगिक भूमि तथा भवन आबंटन प्रबंधन नियम के अनुसार विभागीय पोर्टल द्धह्लह्लश्चह्य//222.द्वश्चद्वह्यद्वद्ग.द्द१1.द्बठ्ठ पर प्रदर्शित की गई है। उक्त अविकसित भूमि औद्योगिक प्रयोजन के लिए ऑनलाइन आवेदन 16 जनवरी से 30 जनवरी की सायं 5 बजे तक कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि केवल मध्यम श्रेणी उद्योगों जिनमें यंत्र, संयंत्र एवं मशीनरी में निवेश राशि 25 करोड़ रुपये से अधिक एवं 125 करोड़ रुपये तक।

# प्रारंभ हुई शासन की नई पहल आसान होगी स्वच्छता सेवा

**नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।** ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़, सुलभ एवं टिकाऊ बनाने के उद्देश्य से शासन द्वारा स्वच्छता साथी- वॉश ऑन व्हील पहल की शुरुआत की गई है। अब जिला नरसिंहपुर में ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिक मोबाईल एप के माध्यम से शौचालय सफाई का शेड्यूल बुक कर सकेंगे। यह पहल ग्रामीण स्वच्छता व्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे स्वास्थ्य, स्वच्छता और सुविधा- तीनों को मजबूती मिलेगी।

### मोबाइल एप से बुकिंग प्रि या की जानकारी

मोबाइल एप के माध्यम से ऑनलाइन मांग दर्ज करने के लिए ड्ड्ड्ढ्र ञ्ठ ड्ढ्दद्भ्य.श्च्श्च को प्ले- स्टोर से डाउनलोड करना होगा। एप डाउनलोड कर भाषा का चयन करें। एप में आपका स्वागत है प्रदर्शित होने पर आगे बढ़ें पर क्लिक करें। मैं एक नागरिक हूं विकल्प चुनें। मोबाइल नंबर दर्ज कर ओटीपी भेजें पर क्लिक करें। प्राप्त ओटीपी दर्ज कर ओटीपी सत्यापित करें। नाम एवं लिंग दर्ज कर अपडेट करें। मैप या सूची से अपने गांव का चयन कर पुष्टि करें। पता एवं समीपस्थ स्थान दर्ज कर आगे बढ़ें। नया अनुरोध पर क्लिक कर गांव एवं प्रदर्शित स्वच्छता साथी का चयन करें। शौचालय का प्रकार (घरेलू/संस्थागत/सामुदायिक), संख्या, दिनांक व समय दर्ज कर अनुरोध सबमिट करें। निर्धारित प्रक्रिया से दर्ज की मांग सीधे स्वच्छता साथी तक पहुंचेगी। मांग स्वीकृत होने के पश्चात तय समय पर साफ- सफाई का कार्य पूर्ण किया जाएगा।

# कायाकल्प 2.0 के तहत महादेव वार्ड में डॉमल रोड निर्माण का भूमिपूजन

### करेली में विकास को नई रफ्तार

**करेली।** नगर पालिका परिषद करेली ने नगर विकास और सौंदर्यीकरण की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। शहर में निरंतर चल रहे लोक निर्माण कार्यों की श्रृंखला में एक नया आयाम जुड़ते हुए कायाकल्प 2.0 के अंतर्गत महादेव वार्ड में डॉमल रोड निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुशीला ममार के नेतृत्व में शहर के समग्र विकास के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में पुराने एनएच-26 से महात्मा गांधी महाविद्यालय करेली तक 200 मीटर लंबी डॉमल



रोड का निर्माण किया जाएगा, जिस पर करीब 10 लाख रुपए की लागत आएगी। भूमिपूजन कार्यक्रम में पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, मंडल अध्यक्ष जितेन्द्र स्वामी, मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्रीकांत पाटर सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि सड़क निर्माण से क्षेत्र के रहवासियों को लंबे समय से चली आ रही धूल और बरसात में कीचड़ की समस्या से राहत मिलेगी। साथ ही आवागमन सुगम होने से नागरिकों के स्वास्थ्य और सुविधा में भी सुधार होगा।

कार्यक्रम में महादेव वार्ड पार्षद श्रीमती राजकुमारी सोनी, विधायक प्रतिनिधि ब्रजेश माते, नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि संदीप सिंह ममार, खालिक कुरैशी, कृपाल सिंह सोहेल, कैलाश रघुवंशी, सुनील सोनी, प्राचार्य यूएस परमार, मुकेश रघुवंशी, राजेश सोनी, सुभाष कौरव, शंकर चौधरी, चेतन साहनी, आशीष मालवीय, स्वतंत्र पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि, नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी एवं नागरिक मौजूद रहे।

नगर पालिका परिषद करेली द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों की शहरवासियों द्वारा सराहना की जा रही है। यह कार्य न केवल शहर की सुंदरता बढ़ाएगा, बल्कि नागरिक सुविधाओं को भी सशक्त करेगा।

# 10 वां पूर्व सैनिक दिवस पर सम्मान समारोह का हुआ आयोजन



**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।**

पूर्व सैनिक दिवस (वेटरंस डे) के अवसर पर जिला सैनिक कल्याण कार्यालय नरसिंहपुर में सम्मान समारोह का आयोजन बुधवार को किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्र की सेवा में समर्पित पूर्व सैनिकों, वीर नारियों एवं उनके परिवारों के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त करना था।

समारोह में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल अनिल भार्गव (सेनि) एवं पार्षद श्री रूद्रेश तिवारी ने वरिष्ठ एवं पूर्व सैनिकों व वीर नारियों को शाल- श्रीफल और फूल माला पहनाकर सम्मान किया। पूर्व सैनिक दिवस पर थल सेना अध्यक्ष के संदेश का वाचन जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल अनिल भार्गव (सेनि) ने किया। इस अवसर पर पूर्व सैनिकों, वीर नारियों और एनसीसी के विद्यार्थी मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि 14 जनवरी 1953 को भारतीय सशस्त्र बलों के प्रथम कमांडर इन चीफ फील्ड मार्शल केएम करिअप्पा सेवानिवृत्त हुए थे। उनके व सभी पूर्व सैनिकों के त्याग एवं बालिदान को स्मरण करने के लिए यह दिवस मनाया जाता है।

# मॉडल, शार्ट प्ले, सोलो सांग में विकासखंड नरसिंहपुर अव्वल

### जिला स्तरीय गणित विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी सम्पन्न

**नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।** जिला शिक्षा केंद्र नरसिंहपुर अंतर्गत समस्त विकासखंड स्तर से चयनित कक्षा छठवीं से आठवीं तक के प्रतिभागियों द्वारा डाइट नरसिंहपुर में आयोजित जिला स्तरीय गणित विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी में सहभागिता कर जिज्ञासु प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षकों से नवाचारी शिक्षण विधियों का प्रयोग कर शून्य निवेश पर गणित विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान विषयों के आकर्षक एवं उत्कृष्ट मॉडल तैयार कर प्रदर्शनी में प्रस्तुत किए। जिला स्तरीय प्रदर्शनी का शुभारंभ मां सरस्वती पूजन वंदना के साथ एवं समापन कार्यक्रम में पुरस्कार वितरण सहायक संचालक शिक्षा श्री ए एस मसराम,,डाइट प्राचार्य श्री राजीव किशोर श्रीवास्तव, जिला परियोजना समन्वयक श्री मनीष चौकसे, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक श्री ओ पी राय , एपीसीश्री समीर त्यागी, बीएसी श्री ब्रजेश नेमा, श्री विनोद झारिया द्वारा किया गया । 78 मॉडल में विज्ञान में 13, पर्यावरण में 14, गणित में 12, इतिहास में 11भूगोल में 16, राजनीति में 12 मॉडल प्रदर्शनी में रहे। सेमीनार में पर्यावरण में प्लास्टिक प्रदूषण नियंत्रण पर अपने विचार शून्य निवेश की प्लास्टिक की सामग्री तैयार कर, लघुनाटिका में बाल विवाह, पानी बचाओ, दहेज प्रथा,बालिका शिक्षा, पर्यावरण, संरक्षण विषय पर शानदार प्रस्तुति दी गई । जिला स्तरीय प्रदर्शनी में सभी विद्याओं के परिणाम हेतु निर्णायक दल तैयार किया गया जिसमें जिला स्तरीय गणित विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी में निर्णायक मण्डल में वरिष्ठ व्याख्याता डॉ अलका शर्मा, श्रृद्धा शुक्ला, श्री संजय शर्मा, श्री जी एल उप्रैलिया, श्री गोविंद बड़कुर, श्री प्रहलाद पटेल, श्री एल एस उप्रैलिया, श्री आनंद शर्मा, श्री शैलेश वर्मा रहे । मॉडल भूगोल में शासकीय कन्या माध्यमिक शाला



पूर्व गाडरवारा से ख़ुशी सोनी, पर्यावरण में जल संरक्षण और प्रबंधन में शासकीय नवीन माध्यमिक शाला बांसखेडा से शिवानी रजक, विज्ञान में उभरती प्रौद्योगिकी में शासकीय बालक माध्यमिक शाला आमगांव बड़ा से गोविंद प्रजापति, मनोरंजक गणितीय मॉडलिंग में शासकीय नवीन माध्यमिक शाला लोकीपार से उदय प्रताप सिंह चौधरी, इतिहास में शासकीय नवीन माध्यमिक शाला लोकीपार से विनायक ठाकुर, एवं सामाजिक राजनैतिक जीवन में शासकीय नवीन माध्यमिक शाला लोकीपार रियांश मेहरा प्रथम पर रहे । तथा मॉडल में भूगोल में शासकीय कन्या हाई स्कूल डोभी से भूमिका पटेल, इतिहास में शासकीय नवीन माध्यमिक शाला पंचामा से कार्तिक वर्मा, सामाजिक राजनैतिक जीवन में शासकीय नवीन माध्यमिक शाला पिपरिया लक्ष्मी रेकवार, मनोरंजक गणितीय मॉडलिंग में शासकीय नवीन माध्यमिक शाला जोबा से परी रजक , पर्यावरण में अपशिष्ट प्रबंधन और प्लास्टिक के विकल्प में शासकीय हाई स्कूल सर्रा से सुषमा, विज्ञान में उभरती प्रौद्योगिकी में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय साईंखेडा से लक्ष कुशवाहा द्वितीय स्थान पर रहे । सेमीनार में प्लास्टिक प्रदूषण कम करना विषय पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करेली से महविश नाज़ प्रथम एवं शासकीय नवीन माध्यमिक शाला पिपरिया मुशरान से माही दुबे द्वितीय स्थान पर रहे । लघुनाटिका में बदलते सामाजिक एवं आर्थिक परिदृश्य में शासकीय नवीन माध्यमिक शाला लोकी से वैष्णवी चौधरी पृथम एवं भारतीय संस्कृति विविधता में शासकीय हाई स्कूल रमखिरिया से अंकिता मेहरा द्वितीय स्थान पर रही। सोलो सांग स्वरचित गीत में शासकीय नवीन माध्यमिक शाला गरारु से महक लोधी ने पृथम एवं शासकीय एसडीएम कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरसिंहपुर से हितेशी वर्मा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किय। समापन कार्यक्रम में सहायक संचालक शिक्षा श्री ए एस मेसराम ने मार्गदर्शी शिक्षकों से कहा कि आप इसी तरह विद्यालय में छात्र छात्राओं के साथ नवाचार करते रहें । डाइट प्राचार्य श्री राजीव किशोर श्रीवास्तव ने कहा कि जिज्ञासु प्रशिक्षण का सकारात्मक प्रभाव अब विद्यालयों में स्पष्ट रूप से देखने को मिल रहा है। प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षकों ने अपने-अपने विद्यालयों में अध्यापन के दौरान नवाचारी शिक्षण विधियों का प्रयोग करते हुए छात्रङ्कछात्राओं को रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ा है परिणामस्वरूप विद्यार्थियों ने जिला स्तरीय गणित, विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए इन उत्कृष्ट मॉडलों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया और नवाचार की दिशा में उनकी सोच को प्रदर्शित किया।ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मोबाइल का आवश्यक हो तभी उपयोग करें,शारीरिक गतिविधि व्यायाम करें, शरीर स्वस्थ्य होगा तभी हम अपने कार्य को करने में सक्षम ओर सफल होंगे।समापन कार्यक्रम में जिला परियोजना समन्वयक श्री मनीष चौकसे विकासखंड स्त्रोत समन्वयक श्री ओ पी राय ने संबोधित किया।

प्रदर्शनी में प्रथम द्वितीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। प्रदर्शनी के सफल आयोजन पंजीयन में जनपद शिक्षा केंद्र नरसिंहपुर के जनशिक्षक श्री आर पी शर्मा, श्री एच पी कोरी, श्री संजय मेहरा, श्री प्रदीप मेहरा, श्री राजकुमार कुशवाहा, श्री अनिल गुप्ता सहित मार्गदर्शी शिक्षकों, अभिभावकों का सहयोग रहा। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन एपीसीश्री समीर त्यागी एवं संचालन श्री भगवत साहू द्वारा किया गया।

# नगर निगम एवं कटनी एमएसडब्ल्यू की मुसीबतें बढ़ी, हाईकोर्ट ने नोटिस जारी किया

कटनी (स्वतंत्रमत)।

नगर निगम कटनी के वरिष्ठ पार्षद मिथलेश जैन एडवोकेट द्वारा घर घर से कचड़ा संग्रहण की योजना में करोड़ों रुपये के भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाते हुए इस कार्य में ठेकेदार रेमकी इनवायरो इंजीनियर प्राईवेट लिमिटेड एवं नगर निगम के अधिकारियों, कर्मचारियों पर मिलीभगत का आरोप लगाते हुए यह बतलाया है कि फर्जी बिलों के माध्यम से कंपनी को लाखो रुपये की राशि का भुगतान कर शासन कोष को हानि पहुँचाई जा रही है। उक्त संबंध में पार्षद मिथलेश जैन की रिट अपील पर म.प्र. हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा, जस्टिस विनय सराफ की डिविजन बैंच में इस मामले में मिथलेश जैन के द्वारा प्रस्तुत अपील याचिका में म.प्र. शासन, आर्थिक अपराध अनुसंधान विभाग, नगर निगम कटनी, नगर तथा ग्राम निवेश विभाग इत्यादि को नोटिस जारी कर 04 सप्ताह में जवाब मांगा है।

### भ्रष्टाचार करने, मास्टर प्लॉन का उल्लघंन करने तथा प्रदूषण फैलाने का आरोप

पार्षद मिथलेश जैन के द्वारा रिट अपील में बताया गया कि नगर निगम कटनी और रेमकी इनवायरो इंजीनियर प्राईवेट लिमिटेड के बीच 07 मई 2015 को रीजनल इंटीग्रेटेड सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट



प्रोजेक्ट के तहत समझौता हुआ था। समझौते के अनुसार हर घर से कचरा संग्रहण कर नागरिकों को बिल देना अनिवार्य था। कचरे को छोटे वाहनों से सीधे कम्पैक्टर में डालकर प्लांट तक ले जाना था। कचरे का सेग्रीगेशन छंटाई करना जरूरी था। रैमकी इनवायरो कंपनी के द्वारा बिल जारी न होने के बाद भी नगर निगम ने कम्पनी को भुगतान किया और बाद में राशि प्रॉपर्टी टैक्स में जोड़कर जनता से वसूली की जा रही है। आरोप यह भी है कि लाखों मीट्रिक टन कचरा उस कृषि भूमि पर डंप किया गया, जो प्लांट के लिए आवंटित नहीं थी। अपील में इसे मास्टर प्लान तथा प्रदूषण नियंत्रण अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन बताया गया है। इन अनियमितताओं की शिकायतें नगर निगम, प्रशासन, पुलिस और ईओडब्ल्यू तक की गईं। वर्ष 2023 में शिकायत दर्ज होने के बावजूद न तो प्रारंभिक जांच पूरी हुई और न ही एफआईआर दर्ज की गई। कंपनी द्वारा कचरा ढोने वाले वाहनों से मलमा सामग्री ढोकर वजन के आधार पर भुगतान लिया जा रहा है। इतना ही नहीं, रेलवे और ऑर्डनेंस फैक्ट्री के कचरे को भी उसी स्थल पर डंप कर कंपनी द्वारा तीन गुना भुगतान लिया जा रहा है, याचिका में अन्य गंभीर आरोप भी लगाये गये हैं ।

### एफआईआर दर्ज करने की मांग

पार्षद मिथलेश जैन द्वारा हाईकोर्ट में रिट अपील दाखिल करके नगर निगम अधिकारियों, रैमकी इनवायरो कंपनी के निदेशकों और प्लांट प्रभारी के खिलाफ आर्थिक अनियमितता, पर्यावरण उल्लंघन और सरकारी धन के दुरुपयोग पर एफआईआर दर्ज करने की मांग हाईकोर्ट से की गई है।

# बड़वारा पुलिस ने 25 गुमशुदा मोबाइल बरामद कर उनके मालिकों को सौंपे

### लगभग 2.5 लाख मूल्य के मोबाइल फोन लौटाकर नागरिकों को दिलाया गया राहत

**कटनी (स्वतंत्र मत)।** पुलिस अधीक्षक कटनी अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में जिले में गुमशुदा मोबाइलों की बरामदगी हेतु सतत एवं प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना बड़वारा पुलिस एवं साइबर सेल कटनी द्वारा एक सराहनीय कार्य करते हुए कुल 25 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद किए गए, जिनकी अनुमानित बाजार कीमत लगभग 2.5 लाख है। उक्त मोबाइलों के गुम होने के पश्चात संबंधित नागरिकों द्वारा दूरसंचार विभाग के सीईआईआर पोर्टल/ संचार साथी एप पर शिकायतें दर्ज कराई गई थीं। पुलिस अधीक्षक कटनी द्वारा इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए साइबर सेल एवं बड़वाया पुलिस टीम को मोबाइल बरामदगी हेतु निर्देशित किया गया। निर्देशों के पालन में साइबर सेल एवं थाना बड़वारा पुलिस टीम द्वारा तकनीकी विश्लेषण एवं मैनुअल जांच के माध्यम से विभिन्न स्थानों पर गहन पड़ताल की गई। सतत प्रयासों एवं प्रभावी तकनीकी कार्रवाई के परिणामस्वरूप विभिन्न



कंपनियों के कुल 25 गुमशुदा मोबाइल फोन सफलतापूर्वक बरामद किए गए। दिनांक मंगलवार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कटनी संतोष डेहरिया द्वारा थाना बड़वारा पहुंचकर विधिवत प्रक्रिया पूर्ण करते हुए सभी बरामद मोबाइल फोन उनके वास्तविक मालिकों को सुपुर्द किए गए। अपने मोबाइल पुनः प्राप्त कर नागरिकों के चेहरों पर खुशी और संतोष देखने को मिला। कटनी पुलिस आमजन से अपील करती है कि मोबाइल गुम होने की स्थिति में तुरंत सीईआईआर पोर्टल/ संचार साथी पर शिकायत दर्ज कराएं एवं स्थानीय थाने को सूचित करें, जिससे समय रहते आवश्यक कार्यवाही की जा सके।



# भजन संध्या और स्नेह मिलन समारोह का आयोजन

कटनी (स्वतंत्रमत)।

शहर के प्रथम महापौर और समाजसेवी विजेंद्र मिश्र राजा भैया द्वारा नववर्ष के अवसर पर स्थानीय सत्कार गार्डन में भजन संध्या और स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में शहर के सभी वर्गों के लोग और उनके शुभचिंतकों ने हिस्सा लिया और सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं दी गईं। इस दौरान मिश्र परिवार के जगत प्रकाश, देव प्रकाश, वेद प्रकाश, शुभ प्रकाश और कुशल प्रकाश मिश्र ने आगंतुकजनो का आत्मीय अभिनंदन किया।

# स्वामी विवेकानंद के बताए मार्ग को आत्मसात करे युवा पीढ़ीः अशोक विश्वकर्मा

### ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान, महापुरुषों के संदेश को समाज तक पहुंचाने का प्रयास

**कटनी (स्वतंत्र मत)।** मप्र जन अभियान परिषद द्वारा स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर व्याख्यान माला एवं ग्रामोदय से अभ्युदय के अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय माधवनगर के सभागार में किया गया। प्रथम चरण में अतिथियों द्वारा मां सरस्वती और स्वामी विवेकानंद के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक कुमार विश्वकर्मा एवं भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन की उपस्थिति रही। अन्य अतिथियों के रूप में शासकीय कन्या महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर चित्रा



प्रभात, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अंकिता तिवारी, वेद प्रकाश परोहा कौशल विकास केंद्र, अनिल कांबले डीपीएल आनंद विभाग, प्रफुल्ल कुमार सोनी जिला समन्वयक गायत्री परिवार एवं डॉ तेज सिंह केशवाल जिला समन्वयक जन अभियान परिषद की मौजूदगी रही। जिला समन्वयक डॉ तेज सिंह केशवाल ने बताया कि परिषद महापुरुषों की जयंती का आयोजन करते हुए समाज को महापुरुषों के जीवन के संदेश को समाज तक पहुंचाने का प्रयास करता रहता है। स्वामी विवेकानंद की जयंती के आयोजन के साथ ही 12 जनवरी से 26 जनवरी तक ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान के पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को अपने जीवन में उनके आदर्शों पर चलने की प्रेरणा दी, साथ ही मध्य प्रदेश शासन के सफलतम 2 वर्ष पूर्ण होने पर सभी को बधाई देते हुए शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं को जरूरतमंद हितग्राहियों तक पहुंचाने में जन अभियान परिषद की भूमिका का उल्लेख करते हुए सभी से इस कार्य में सहयोग प्रदान करने की अपेक्षा की, साथ ही ग्रामों को समृद्ध बनाने के लिए शिक्षा स्वास्थ्य जल संरक्षण पर्यावरण संरक्षण ऊर्जा संरक्षण नशा मुक्ति स्वच्छता जैविक एवं प्राकृतिक कृषि जैसे महत्वपूर्ण विषयों में ग्रामों में काम करने की आवश्यकता पर बल देते हुए अपनी विरासत को अक्षुण्य बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक बालमुकुंद मिश्र, अरविंद शाह, जगन सिंह मसराम, बबीता शाह, नंदनी वाटिया, रामानुज पांडेय, अमित तिवारी, मोहित राज मिश्रा, सुरेंद्र शुक्ला, साध्वी निगम, हीरामणि हल्दकार, आर एल चौधरी, रूपा बर्मन, नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधि, ग्राम नगर विकास प्रस्फुटन समितियों के प्रतिनिधि, छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही।



# कलेक्टर और एसपी पहुंचे ढीमरखेड़ा जनसुनवाई में

**अब तक 23 आवेदकों की समस्याओं की कलेक्टर कर चुके सुनवाई**

कटनी (स्वतंत्रमत)।

आमजन को संवेदनशील और जनोन्मुखी प्रशासन मुहैया कराने के उद्देश्य से विकासखंड ढीमरखेड़ा में मंगलवार को आयोजित हो रहे जिले के पहले जनसुनवाई में पहुंचे लोगों की कलेक्टर आशीष तिवारी पूरी गंभीरता और संजीदगी से सुन रहे दुःख-दर्द। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा और जिला पंचायत सीईओ एवं प्रभारी निगमायुक्त हरसिमरनप्रीत कौर भी हैं मौजूद। कलेक्टर अब तक 23 आवेदकों की समस्याओं को सुनकर, अधिकारियों को दे चुके हैं निराकरण के निर्देश।

# ऊबड़-खाबड़ रास्तों व मेढ़ों पर चले कलेक्टर और एसपी

### झिर्री के जलग्रहण तालाब का किया निरीक्षण, स्कूल में भी पहुंचे अधिकारी

कटनी (स्वतंत्र मत)।

कलेक्टर आशीष तिवारी ने विकासखंड ढीमरखेड़ा के भ्रमण के दौरान खेतों, मेढ़ों और उबड़-खाबड़ रास्तों से करीब डेढ़ किलोमीटर पैदल चलकर जलग्रहण मिशन योजना के अंतर्गत ग्राम झिर्री में करीब 15 लाख रूपये की लागत से निर्मित तालाब का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा और जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर भी मौजूद रहे। कलेक्टर को निरीक्षण के दौरान झिर्री तालाब में पानी की पर्याप्त उपलब्धता मिली। बताया गया कि यहां तालाब के समीपवर्ती 8-9 किसानों द्वारा करीब 25 एकड़ खेतों के फसलों की सिंचाई इसी



तालाब से की जा रही है। भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने प्राथमिक शाला मढ़िया टोला झिर्री पहुंचकर बच्चों से पढ़ाई-लिखाई की जानकारी ली। उन्होंने कक्षा 3 की छात्रा रिया से 2 का पहाड़ा और कक्षा 5 के छात्र विवेक सिंह से स्कूल परिसर में ही मौजूद खंबों की संख्या का जोड़ पूछा। दोनों ही छात्रों ने सही उत्तर दिया, जिस पर कलेक्टर ने छात्रों को शाबाशी दी। कलेक्टर ने पूछा हाथ उठाकर बतायें कितने बच्चें प्रतिदिन स्कूल आते हैं, जिस पर सभी ने हाथ उठाकर बताया कि वे सभी आते हैं। मध्यान्ह भोजन में सभी बच्चों ने खीर, सब्जी और पूरी मिलने की जानकारी दी। कलेक्टर ने सभी बच्चों को खूब मन लगाकर पढ़ाई करने की सीख दी। कलेक्टर ने स्कूल के किचन शेड बनवाने के भी निर्देश दिये। स्कूल में शिक्षक गोरेलाल यादव और नीतू साहू मौजूद मिले। कलेक्टर ने स्कूल के समीप जल ग्रहण मिशन के वृक्षारोपण कार्य का निरीक्षण किया और कम पौधारोपण पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुये यहां विभिन्न प्रजातियों के और अधिक पौधे रोपकर इसे उद्यान के स्वरूप में विकसित करने के निर्देश दिये।

### दिव्यांग के पास खुद पहुंचे कलेक्टर

कलेक्टर जब झिर्री से कार्यों के निरीक्षण के बाद निकल रहें थे, तभी उन्हे झिर्री निवासी अस्थिबाधित दिव्यांग जगदीश यादव दिखें। इस पर कलेक्टर ने गाड़ी रूकवाकर तत्काल जगदीश के पास जाकर जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के सीईओ कोरी को निर्देशित किया कि जगदीश को ट्राइसाइकल दिलाना सुनिश्चित करें। ताकि इन्हें कहीं भी जाने में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान एसडीएम निधि सिंह गोहल, जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के सीईओ यजुवेन्द्र कोरी, तहसीलदार नितिन पटेल सहित अन्य विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मौजूदगी रही।

# चाइनीज मांझा के विरुद्ध कटनी पुलिस का विशेष सर्चिंग अभियान

**कटनी (स्वतंत्र मत)।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया के मार्गदर्शन में कटनी पुलिस द्वारा जिले में चाइनीज मांझा के विरुद्ध विशेष सर्चिंग अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत शहर क्षेत्र एवं जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में स्थित पतंग दुकानों, जनरल स्टोर्स एवं अन्य संभावित दुकानों पर पुलिस टीमों द्वारा अचानक निरीक्षण एवं सघन तलाशी ली गई। निरीक्षण के दौरान दुकानों में रखे समस्त सामान की गहनता से जांच की गई। पुलिस द्वारा दुकानदारों को चाइनीज मांझा के विक्रय, भंडारण एवं उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध के संबंध में स्पष्ट एवं सख्त हिदायत दी गई तथा यह भी अवगत कराया गया कि भविष्य में यदि किसी दुकान पर चाइनीज मांझा पाया जाता है, तो संबंधित के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही करते हुए जप्ती एवं अपराध पंजीबद्ध किया जाएगा।

# मातृशक्तियों ने रैली निकालकर दिया हिंदू सम्मेलन के लिए संदेश

### जिलेवासियों में राष्ट्रचेतना जगाने के लिए निकाली गई वाहन रैली



**कटनी (स्वतंत्र मत)।** संघ शताब्दी वर्ष के अवसर और स्वामी विवेकानंद की जयंती दिवस पर सोमवार को मातृ शक्तियों की विशाल वाहन रैली निकाली गई। रैली कटनी रेलवे स्टेशन के पास स्थित भगवान श्रीराम मंदिर से शुरू होकर शहर के मुख्य मार्गों से निकाली गई। शहर भ्रमण के बाद वाहन रैली का समापन घंटाघर रामलीला मैदार में भारत माता की आरती के साथ किया गया। वाहन रैली में सभी महिलाएं लाल रंग की साड़ी पहनकर शामिल हुईं थी। रैली के आयोजन का उद्देश्य जिले वासियों में राष्ट्र की चेतना को जगाने और सर्व हिंदू समाज की एकता के लिए सभी मातृ शक्तियों को एक करना था। उल्लेखनीय है कि यह वर्ष राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी वर्ष है जिसमें महाकौशल प्रांत में 15 से 30 जनवरी में सभी बस्तियां और मंडलों में हिंदू सम्मेलन के आयोजन भी किए जाएंगे। हिंदू सम्मेलन के निमित्त सभी लोग सहभागी हो इसलिए यह वाहन रैली निकाली गई।

### कलेक्टर ने मृतकर्मियों के 4 आश्रितों को प्रदान की अनुकंपा नियुक्ति

**कटनी (स्वतंत्र मत)।** विभिन्न शासकीय विभागों में कार्यरत शासकीय कर्मचारियों की सेवाकाल के दौरान मृत्यु होने पर उनके आश्रितों को कलेक्टर आशीष तिवारी ने अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की है। कलेक्टर ने सोमवार को सभी 4 अनुकंपा नियुक्ति प्राप्त आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति संबंधी आदेश प्रदान किया। कलेक्टर ने श्रेया गुप्ता को विजयराघवगढ़ तहसील में सहायक ग्रेड-3 के पद पर नियुक्ति का आदेश दिया। इनके पिता स्व. केशव प्रसाद गुप्ता बड़वारा तहसील में पदस्थ थे और इनकी सेवाकाल के दौरान मृत्यु हो गई थी। इसी प्रकार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरही में पदस्थ रहे स्व. मोहन सिंह धुर्वे की मृत्यु के बाद उनके पुत्र प्रहलाद सिंह धुर्वे को जिला संयोजक जनजातीय कार्यालय कटनी में सहायक ग्रेड-3 के पद पर नियुक्ति प्रदान की गई है। सहायक ग्रेड-3 के पद पर वेतमान 5200-20200+1900 ग्रेड पे के वेतनमान में नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार आशीष भूमिया पिता स्व. बुद्धूलाल भूमिया और सुभांशु सिंह बघेल पिता स्व. सर्वेश सिंह बघेल को वन विभाग में अप्रशिक्षित वनरक्षक के पद पर आदेश पर्यन्त नियुक्ति प्रदान की गई है।



# विकास को लेकर केंद्रीय मंत्री सिंधिया से मिले दिलराज बग्गा

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** दिल्ली प्रवास के दौरान भारतीय जनता युवा मोर्चा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दिलराज अमर सिंह बग्गा ने केंद्रीय मंत्री, संचार मंत्रालय एवं उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय ज्योतिरादित्य माधवराव सिंधिया से उनके मंत्रालय में सौजन्य भेंट की। भेंट के दौरान श्री बग्गा ने कटनी जिले से संबंधित, संचार मंत्रालय एवं उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय से जुड़े महत्वपूर्ण जनहितकारी विषयों से केंद्रीय मंत्री को अवगत कराया। मुख्य रूप से कटनी में डाक सेवाओं के सुदृढ़ीकरण, संचार नेटवर्क के विस्तार, युवाओं के लिए रोजगार के अवसर, तथा भविष्य की विकास योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने प्रस्तुत विषयों को गंभीरता से सुना एवं कटनी के समग्र विकास के लिए सकारात्मक आश्वासन दिया। दिलराज अमर सिंह बग्गा ने कहा कि वे संगठन और सरकार के माध्यम से कटनी की जनता की आवाज़ को निरंतर दिल्ली तक पहुँचाते रहेंगे और जिले के विकास हेतु सतत प्रयास करते रहेंगे। यह भेंट कटनी के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

# 23 दिवसीय सृजन कार्यक्रम का हुआ समापन

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** सृजन कार्यक्रम 22 दिसम्बर 2025 से 13 जनवरी 2026 तक 23 दिवसीय बिजौरी में समापन हुआ सृजन कार्यक्रम का समापन समारोह एमजीवीएस बिजौरी में संपन्न हुआ। सृजन कार्यक्रम किशोर क्षमता वर्धन एवं व्यक्तिगत विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह। सृजन कार्यक्रम एक पहल शक्ति से सुरक्षा की ओर सामुदायिक पुलिस योजना। सृजन कार्यक्रम किशोर सशक्तिकरण सामुदायिक पुलिस कार्यक्रम। बच्चों में नेतृत्व क्षमता के साथ सकारात्मक व्यवहार के प्रति जागरूकता, आत्मविश्वास का संचार हुआ। बच्चों को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया। सृजन कार्यक्रम मानव जीवन विकास समिति और मध्य प्रदेश पुलिस जिला कटनी के संयुक्त तत्वाधान मे सामुदायिक पुलिस उप महा निरीक्षक डॉ. विनीत कपूर भोपाल के निर्देशन मे कटनी जिला पुलिस अधीक्षक अभिनव विश्वकर्मा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया के मार्गदर्शन मे बड़वारा थाना प्रभारी के.के. पटेल के सहयोग से मानव





जीवन विकास समिति सचिव निर्भय सिंह के नेतृत्व मे 23 दिवसीय सामुदायिक पुलिस सृजन कार्यक्रम का समापन 13 जनवरी 2026 को एमजेवीएस बिजौरी, थाना बड़वारा जिला कटनी मे संपन्न हुआ। निर्भय सिंह सचिव मानव जीवन विकास समिति द्वारा बताया गया कि सृजन कार्यक्रम के माध्यम से 65 किशोरों और किशोरियों का सशक्तिकरण, लैंगिक समानता, आत्मनिर्भरता, समुदायिक बदलाव, आत्मविश्वास और कौशल से परिपूर्ण करने हेतु क्षमता निर्माण किया गया और नशामुक्ति, बालश्रम, बाल अपराध, बाल विवाह, सायबर फ्राड से बचने कानूनी एवं तकनीकी जानकारी दी गई। आत्मरक्षा हेतु मार्शल आर्ट्स, जुंबा, स्ट्रेचिंग का अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों को आत्मरक्षा, व्यक्तित्व विकास एवं कैरियर मार्गदर्शन पर प्रशिक्षण दिया गया। बच्चों का उत्साहवर्धन बढ़ाने के लिए पुलिस विभाग कटनी द्वारा बच्चों को स्कूली बैग दिया गया। मानव जीवन विकास समिति द्वारा बच्चों को टीशर्ट, टोपी और प्रमाणपत्र देकर उत्साहवर्धन किया गया। निबंध प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। आरक्षक विकास कुमार शर्मा द्वारा सृजन कार्यक्रम को सफल बनाने मार्शल आर्ट का प्रदर्शन बच्चों के माध्यम से कराया गया। पुलिस अधीक्षक अभिनव विश्वकर्मा द्वारा सृजन कार्यक्रम में सहयोग कर रही संस्था मानव जीवन विकास समिति को धन्यवाद देते हुए उनके कार्य की सराहना की है। सृजन कार्यक्रम के तहत बच्चों को विभिन्न गतिविधियों में प्रशिक्षण दे रहे आरक्षक विकास कुमार शर्मा को भी धन्यवाद दिए। इस कार्यक्रम में शामिल सभी बच्चे जिन्होंने इस छोटे से प्रयास में मार्शल आर्ट, जुंबा, स्ट्रेचिंग का अभ्यास कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है सभी धन्यवाद के पात्र हैं। बच्चों ने नई स्किल सीखी है जिससे आत्मविश्वास जागा है अब आत्मरक्षा के लिए अपनी सीख का उपयोग करेंगे। बच्चों ने जो पोस्टर में चित्र कला बनाया था उसे प्रदर्शित किया सभी ने इस कला की सराहना की है और पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि जिसका अच्छा पोस्टर चित्रकला होगा उसमें से प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को प्रमाणपत्र भी देंगे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया ने कार्यक्रम के दौरान बच्चों से संवाद भी किया और कहा युवाओं को जागरुक कर अपराधों पर अंकुश लगाया जा सकता है। बच्चों को अपने अधिकार और कानूनी जानकारी का ज्ञान हुआ है। अपराधों पर अंकुश लगाने 112 डायल से पुलिस को सूचना देकर अपराध को रोकने में मदद पहुंचाएंगे। कार्यक्रम में समस्त मानव जीवन विकास समिति कार्यकर्ता साथियों, शिक्षक और समाजसेवी की उपस्थिति रही।


## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं महिमा सिंह पति आर.ए. सिंह निवासी पनिहाई ए.सी.सी. कॉलोनी दिनांक 4/01/26 को कैमोर में मेरा महिला प्रधान क्षेत्रीय बचत योजना एजेंसी की मूल कॉपी क्रमांक 680/MPKBY गुम हो चुका है। दूसरी कॉपी प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र दिया है। जिस व्यक्ति को मिले उक्त पते पर भेजने का कष्ट करें।

भवदीय
महिमा सिंह
पनिहाई कॉलोनी
कैमोर
8319927267

# विराट कोहली 5 साल बाद नंबर-1 वनडे बल्लेबाज बने

## रोहित शर्मा रैंकिंग में तीसरे नंबर पर फिसले, टॉप-10 में 4 भारतीय बल्लेबाज

दुबई (वार्ता)।

शानदार फॉर्म में चल रहे भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली फिर से ताजा आईसीसी पुरुष एकदिवसीय रैंकिंग में पहले पायदान पर पहुंच गये है। आज यहां अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ओर से जारी ताजा रैंकिंग में कोहली ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले एकदिवसीय में भारत की चार विकेट की जीत के बाद आईसीसी पुरुष रैंकिंग में नंबर वन स्थान फिर से हासिल कर लिया है।

इस मैच में कोहली के 91 गेंदों में 93 रनों की मदद से मेजबान टीम ने लक्ष्य का पीछा किया और वह भारत के महान सचिन तेंदुलकर के करीब पहुंच गए और ऑल-टाइम मेन्स इंटरनेशनल रन-स्कोरिंग टेबल में दूसरा स्थान हासिल किया। ऑस्ट्रेलिया में 50 ओवर की सीरीज के बाद से कोहली शानदार फॉर्म में हैं, उन्होंने अपनी पिछली पांच पारियों में 74 नाबाद, 135, 102, 65 नाबाद और 93 रन बनाए हैं। 37 साल के कोहली जुलाई 2021 के



बाद पहली बार बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर वापसी की हैं। वह 785 रेंटिंग अंकों के साथ शीर्ष पर है। उन्होंने अक्टूबर 2013 में पहली बार शीर्ष रैंकिंग हासिल की थी और यह शीर्ष स्थान पर उनका 11वां अलग स्पेल है। अभी तक वह कुल 825 दिनों तक शीर्ष पर रहे हैं। यह किसी भी खिलाड़ी द्वारा 10वीं बार सबसे अधिक और किसी भी भारतीय द्वारा सबसे ज्यादा है। पूर्व कप्तान रोहित शर्मा 775 अंकों के साथ तीसरे , कप्तान शुभमन गिल 725 अंकों के साथ पांचवें। शीर्ष दस में एक अन्य भारतीय बल्लेबाज श्रेयस अय्यर 682 अंकों के साथ 10वें स्थान पर है।

न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर डेरिल मिशेल ने पहले वनडे में 71 गेंदों पर 84 रनों की शानदार पारी खेलकर वनडे रैंकिंग में दूसरे स्थान पर जगह बनाई और वह कोहली से सिर्फ एक रेटिंग अंक पीछे है। उनका स्कोर 784 है यह उनकी अब तक की सबसे अच्छी रैंकिंग है। यह ब्लैक कैप्स खिलाड़ी शानदार फॉर्म में है। उसने अपने पिछले पांच वनडे में तीन अर्धशतक और वेस्टइंडीज के खिलाफ एक शतक भी बनाया है। मिशेल के टीम के साथी डेवोन कॉनवे तीन स्थान ऊपर चढ़कर 29वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

वनडे गेंदबाजी रैंकिंग अपडेट में, मोहम्मद सिराज के शानदार प्रदर्शन की वजह से वह पांच पायदान ऊपर चढ़कर बांग्लादेश के मेहदी हसन मिराज के साथ 15वें स्थान पर आ गए हैं। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज काइल जैमीसन को भी भारत के खिलाफ चार विकेट लेने के अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन के बाद फायदा हुआ, वह 27 पायदान ऊपर चढ़कर भारत के बॉलर अर्शदीप सिंह के साथ 69वें स्थान पर आ गए हैं। एशेज सीरीज खत्म होने के बाद कई ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ताजा टेस्ट रैंकिंग में ऊपर चढ़ गए, जिसमें ट्रैविस हेड को सबसे अधिक फायदा हुआ। वह 853 अंकों के साथ दूसरे।

स्टीव स्मिथ 831 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गये है। दोनों बल्लेबाजों को एक-एक पायदान का फायदा हुआ है। इसमें भारतीय बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल 750 अंकों के साथ आठवें तथा कप्तान शुभमन गिल 730 रेटिंग अंकों के साथ 10वें स्थान पर है। ऑस्ट्रेलिया के धाकड़ बल्लेबाज ट्रैविस हेड ने इंग्लैंड के खिलाफ इस बड़ी टेस्ट सीरीज में सबसे अधिक रन बनाने के बाद सात पायदान ऊपर चढ़कर तीसरा स्थान हासिल किया। उन्होंने इस सीरीज में 62.90 की औसत से 629 रन बनाए, जिसमें तीन शतक शामिल थे।

# 3 मैचों की सीरीज 1-1 की बराबरी पर आई

## न्यूजीलैंड ने भारत को 7 विकेट से हराया

**राजकोट ।** न्यूजीलैंड ने वनडे सीरीज के दूसरे मैच में भारतीय टीम को 7 विकेट से हरा दिया है। कीवियों ने बुधवार को 285 रन का टारगेट 47.3 ओवर में 3 विकेट पर हासिल कर लिया। डेरिल मिचेल ने 117 बॉल पर 131 रनों की शतकीय पारी खेली। उन्होंने 11 चौके और 2 छक्के लगाए। उनके अलावा, विल यंग ने 87 रन बनाए। राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम में न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग चुनी। भारत ने 50 ओवर में 7 विकेट 284 रन बनाए।

### केएल राहुल का नाबाद शतक

के एल राहुल (नाबाद 112) की शतकीय पारी और कप्तान शुभमन गिल (56) के अर्धशतक की बदौलत भारत ने बुधवार को दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में न्यूजीलैंड के खिलाफ सात विकेट पर 284 रन का सम्मानजनक स्कोर बना लिया। पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे राहुल ने 92 गेंदों में नाबाद 112 रनों की पारी में 11 चौके और एक छक्का लगाया। राहुल का यह वनडे में आठवां शतक है। राहुल ने रवींद्र जडेजा के साथ 88 गेंदों में 73 रन, नीतीश कुमार रेड्डी के साथ 49 गेंदों में 57 रन और मोहम्मद सिराज के साथ 16 गेंदों में 28 रन की साझेदारी कर भारत के



स्कोर को मजबूती पर पहुंचाया। आज यहां न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी शुभमन गिल और रोहित शर्मा की भारतीय सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट लिए 70 जोड़े। 13वें ओवर में क्रिस्टियन क्लार्क ने रोहित शर्मा को आउटकर न्यूजीलैंड को पहली सफलता दिलाई। रोहित शर्मा ने 38 गेंदों में चार चौकों की मदद से 24 रन बनाये। 17वें ओवर में काइल जेमीसन ने शुभमन गिल को आउटकर भारत को बड़ा झटका दिया। शुभमन गिल ने 53 गेंदों में नौ चौके और एक छक्का उड़ाते हुए (56) रनों की पारी खेली। इसके बाद श्रेयस अय्यर और विराट कोहली को भी क्लार्क ने अपना शिकार बना लिया। विराट ने 29 गेंदों में दो चौकों की मदद से 23 रन बनाये। जबकि अय्यर ने 17 गेंदों में आठ रन बनाकर आउट हुये। जल्द ही दो विकेट गंवाने के बाद संकट में फंसी भारतीय टीम को केएल राहुल और रवींद्र जडेजा की जोड़ी ने संभाला।



## टी20 वर्ल्ड कप की तैयारी में पाकिस्तान ऑस्ट्रेलिया की मेजबानी करेगा

**कराची (वार्ता)।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने लाहौर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की टी20 सीरीज का शेड्यूल कन्फर्म कर दिया है, क्योंकि दोनों टीमें आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए अपनी यूनिट को मजबूत कर रही हैं। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) के अनुसार, तीन मैच गद्दाफ़ी स्टेडियम में चार दिनों में 29 और 31 जनवरी, और 1 फरवरी 2026 को खेले जाएंगे। ऑस्ट्रेलिया की टूरिंग टीम 28 जनवरी को लाहौर पहुंचेगी। यह सीरीज दोनों टीमों के लिए कॉम्बिनेशन को फ़ाइनल करने और भारत और श्रीलंका में होने वाले टूर्नामेंट से पहले माहौल में ढलने का एक अहम मौका है, क्योंकि दोनों टीमें चोटों से जूझ रही हैं। खास तौर पर, ऑस्ट्रेलिया के लिए, जोश हेजलवुड, पैट कमिंस और टिम डेविड सभी रिकवरी पीरियड में हैं, जबकि पाकिस्तान के शाहीन शाह अफरीदी भी बिग बैश लीग में खेलते समय लगी चोट के कारण बाहर हैं। घरेलू सीरीज के कुछ ही दिनों बाद शुरू होने वाला टी20 वर्ल्ड कप 7 फरवरी से शुरू होगा, जिसमें कई शहरों में 20 टीमें हिस्सा लेंगी। पाकिस्तान ग्रुप ए में है और अपने मैच श्रीलंका में खेलेगा, जबकि ऑस्ट्रेलिया ग्रुप बी में है। पीसीबी के सीओओ सुमैर अहमद सैयद ने इस सीरीज को पाकिस्तान के क्रिकेट फ़ैंस के लिए एक बड़ा इवेंट बताया।

# राडुकानू और इवा जोविक अंतिम आठ में

होबार्ट (वार्ता)।

टॉप सीड एम्मा राडुकानू और तीसरी सीड इवा जोविक ने बुधवार को होबार्ट इंटरनेशनल में अपने मैचों में अलग-अलग रास्ते अपनाए, लेकिन दोनों सीधे सेटों में अगले राउंड में सुरक्षित रूप से पहुंच गईं। 2021 यूएस ओपन चैंपियन राडुकानू और कोलंबिया की कैमिला ओसोरियो का मैच मंगलवार देर रात बारिश के कारण रोक दिया गया था, जिसमें ब्रिटिश खिलाड़ी एक सेट से आगे थी, लेकिन दूसरे सेट में 4-2 से पीछे थी।

जब मैच फिर से शुरू हुआ, तो राडुकानू ने वापसी करते हुए सितंबर के बाद अपनी पहली डब्ल्यूटीए टूर जीत हासिल की। उन्होंने ओसोरियो की सर्विस 5-4 पर तोड़कर मैच को निर्णायक सेट में ले गईं, और उसके बाद हुए टाईब्रेक में नौ में से सात पॉइंट जीतकर 6-3, 7-6(2) से जीत हासिल की। राडुकानू ने मैच के बाद कहा, इस तरह का मैच जीतने और हारने के बीच बहुत कम अंतर होता है। यह बहुत, बहुत मुश्किल मैच था। हमने सभी परिस्थितियों में खेला और कई बार मैच रुका और फिर शुरू हुआ, यह सच में बहुत मुश्किल था। मैं बहुत खुश हूं कि मैंने कैसे



वापसी की और मैच को पलटा और फिर टाईब्रेक में डटी रही। राडुकानू ने 2025 के अपने पिछले तीन मैच हारे थे और ऑफ-सीजन में पैर की चोट से जूझ रही थीं, इससे पहले पिछले हफ्ते यूनाइटेड कप में खेले गए एकमात्र मैच में मारिया सकारी से तीन सेटों में हार गईं। इस बीच, पहले राउंड की जीत में सिर्फ एक गेम गंवाने के बाद, अमेरिकी टीनएजर जोविक ने मैक्सिको की रेनाटा ज़ाराज़ुआ के खिलाफ सिर्फ तीन गेम गंवाए और 6-1, 6-2 से जीत हासिल कर अंतिम आठ में जगह बनाई। वर्ल्ड नंबर 30 ने मैच में मिले दोनों ब्रेक पॉइंट बचाए - जो तब आए जब वह पहला सेट सर्व कर रही थीं - और वर्ल्ड नंबर 84 की सर्विस चार बार तोड़कर 2026 में अब तक खेले गए उतने ही इवेंट्स में अपने दूसरे क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं।


पिछले हफ्ते ऑकलैंड में, वह सेमीफाइनल में पहुंची थीं, लेकिन आखिरकार चैंपियन बनीं एलिना स्वितोलिना से हार गईं। लेकिन जोविक की हमवतन, चौथी सीड एन ली, अपने 6-1 के पहले सेट को बरकरार नहीं रख पाईं। 2023 होबार्ट फाइनलिस्ट एलिसाबेटा कोकियाराटो, जो इस साल क्वालिफायर हैं, 6-1, 5-3 से और तीसरे सेट में भी 3-1 से पीछे होने के बाद अपना दूसरा राउंड 1-6, 7-5, 7-5 से जीत गईं। क्वार्टर फाइनल में कोकियाराटो और जोविक के साथ 20 साल की ऑस्ट्रेलियाई वाइल्ड कार्ड टेला प्रेस्टन भी होंगी , जिन्होंने नंबर 5 सीड जेसिका बोज़ास मानेइरो को पहले राउंड में हराकर उलटफेर किया था और रेबेका स्रामकोवा को 6-4, 6-1 से हराया।

## सीजन ओपनर में यूपी डॉमिनेटर्स से भिड़ेगी पंजाब रॉयल्स

नोएडा, (वार्ता)।

भारत की प्रमुख फ्रेंचाइज़ी-आधारित कुश्ती लीग प्रो रेसलिंग लीग (पीडब्लूएल) गुरुवार, 15 जनवरी 2026 को अपने बहुप्रतीक्षित पांचवें सीजन के साथ वापसी करने जा रही है। उत्तर प्रदेश के नोएडा स्थित नोएडा इंडोर स्टेडियम में शुरू हो रहा पीडब्लूएल 2026 छह फ्रेंचाइज़ियों, ओलंपिक पदक विजेताओं, विश्व चैंपियनों और भारत के सबसे प्रतिभाशाली युवा पहलवानों के साथ एक अत्यंत प्रतिस्पर्धी और रोमांचक सीजन पेश करने के लिए तैयार है। संतुलन, गहराई और अंतरराष्ट्रीय स्तर की गुणवत्ता पर आधारित यह सीजन लीग के नए और सशक्त स्वरूप को दर्शाता है। सीजन का उद्घाटन मुकाबला यूपी डॉमिनेटर्स और पंजाब रॉयल्स के बीच होगा, जो पेशेवर संचालन, एथलीट-फर्स्ट संरचना और प्रतिस्पर्धात्मक निष्पक्षता पर लीग के नए फोकस की झलक देगा। व्यापक नीलामी प्रक्रिया के बाद, पीडब्लूएल 2026 की टीमें रणनीतिक रोस्टर निर्माण की ओर स्पष्ट बदलाव को दर्शाती हैं। फ्रेंचाइज़ियों ने केवल बड़े नामों में ही नहीं, बल्कि ऐसे पहलवानों में निवेश किया है जो प्रत्येक टाई में होने वाले नौ बाउट्स-पांच पुरुष और चार महिला भार वर्ग-में निरंतर प्रदर्शन देने में सक्षम हों। यह सब राउंड-रॉबिन लीग फॉर्मेट के तहत होगा। शीर्ष चार टीमें सेमीफाइनल में प्रवेश करेंगी, ऐसे में 15 जनवरी से शुरू हो रही लीग में हर बाउट निर्णायक महत्व रखेगी। ग्रैंड फिनाले 1 फरवरी 2026 को खेला जाएगा। पीडब्लूएल 2026 की चैंपियन टीम को 1.5 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि मिलेगी, जबकि उपविजेता को 75 लाख रुपये दिए जाएंगे। व्यक्तिगत प्रदर्शन को भी सम्मानित किया जाएगा-प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट को 2.5 लाख रुपये , डेली प्लेयर ऑफ द मैच को 50,000 रुपये और फाइटर ऑफ द मैच को 25,000 रुपये का पुरस्कार मिलेगा।

# अमेरिका को पीछे छोड़ इस वर्ष दूसरा सबसे बड़ा सोलर बाजार बन जाएगा भारत



**मुंबई (वार्ता)।** भारत का सौर ऊर्जा क्षमता निर्माण बाजार 2026 में छह प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ अमेरिका को पीछे छोड़ते हुए दुनिया का सबसे बड़ा सोलर बाजार बन जाएगा। वैश्विक जिंस बाजार अनुसंधान फर्म ब्लूमबर्गएनईएफ (बीएनईएफ) की बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी । रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की सौर ऊर्जा क्षमता निर्माण की वर्तमान गति से 2030 तक पांच लाख मेगावाट की स्वच्छ ऊर्जा क्षमता का लक्ष्य लगता है लेकिन 2024 में नीलाम कई परियोजनाओं को अब भी बिजली के खरीदारों का इंतजार है जो लक्ष्य की राह में एक जोखिम है। इसमें सौर ऊर्जा मॉड्यूल की उत्पादन क्षमता घरेलू मांग से अधिक हो चुकी है। इसके साथ ही इनके निर्माण में कुछ कच्चे माल और हिस्से पुर्जों के लिए आयात निर्भरता बनी हुई है। बीएनईएफ की ओर से मीडिया को उपलब्ध करायी गयी इस रिपोर्ट के सारांश में कहा गया है कि इस वर्ष चीन की धीमी गति पड़ेगी और इससे पहली बार वैश्विक सोलर निर्माण में कुल मिला कर कमी होगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिकी सौर निर्माण बाजार में तेज गिरावट दिख रही है और 2026 में भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा सोलर बाजार बनने के लिए तैयार है। अमेरिका में गिरावट के बीच सौर ऊर्जा इंस्टॉलेशन (स्थापना) में नाम मात्र की वृद्धि जारी है । बीएनईएफ के अनुमान के अनुसार भारत में सौर बिजली क्षमता निर्माण छह प्रतिशत की वृद्धि के साथ 50,000 मेगावाट से थोड़ा अधिक रहेगा। देश में अधिकांश नयी क्षमता बड़ी परियोजनाओं के माध्यम बनेगी। इसके अलावा सरकारी सब्सिडी से आवासीय रूफटॉप सौर प्रणाली को बढ़ावा मिल रहा है। अमेरिका में जनकल्याण योजनाओं पर सब्सिडी की कटौती वाले वन बिग ब्यूटीफुल बिल एक्ट के कारण इस साल वहां सौर बिजली स्थापना में 14 प्रतिशत की गिरावट आने का अनुमान है। इस विधेयक के अंतर्गत अमेरिका में नये वर्ष में शुरू होने वाली परियोजनाओं को कम लाभ के लिए विदेशी संस्था से संबंधित नियमों का पालन करना होगा, जिससे परियोजना विकास करने वाली कंपनियों के लिए एक और बाधा पैदा होगी। इससे अमेरिका सौर ऊर्जा क्षमता निर्माण में भारत से पीछे आ जाएगा जबकि वह 2019 से लगातार दूसरे स्थान पर था। चीन वार्षिक वृद्धि में अपेक्षित गिरावट के बावजूद, काफी बड़े अंतर से दुनिया का सबसे बड़ा सोलर बाजार बना हुआ है।



## चावल नरम, गेहूं-चीनी के दामों में घट-बढ़ का दौर जारी


**नयी दिल्ली (वार्ता)।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल के औसत भाव गिर गये। गेहूं और चीनी की कीमतों में तेजी रही। वहीं, दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 50 रुपये घटकर 3,814 रुपये प्रति क्विंटल रह गयी। गेहूं 22 रुपये महंगा हुआ और 2,885 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। आटे की कीमत भी 16 रुपये बढ़ गयी। दाल-दलहनों में मिलाजुला रुख रहा। चना दाल औसतन 27 रुपये और तुअर दाल तीन रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। वहीं, उड़द दाल की कीमत 24 रुपये और मसूर दाल की 16 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गयी। मूंग दाल चार रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मार्च वायदा 21 रिंगिट की गिरावट के साथ 4,043 रिंगिट प्रति टन रह गया। वहीं, मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.63 प्रतिशत चढ़कर 50.53 डॉलर प्रति सैकड़ा पाउंड के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल की औसत कीमत 73 रुपये और सोया तेल की 14 रुपये प्रति क्विंटल गिर गयी।

# शेयर बाजारों में गिरावट जारी

## प्रमुख सूचकांक दो महीने के निचले स्तर पर

नयी दिल्ली (वार्ता)।

विदेशों से मिले मिश्रित संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को उतार-चढ़ाव देखा गया और प्रमुख सूचकांक दो महीने से ज्यादा के निचले स्तर पर बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 244.98 अंक (0.29 प्रतिशत) गिरकर 83,382.71 अंक पर आ गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 66.70 अंक यानी 0.26 प्रतिशत उतरकर 25,665.60 अंक पर रहा। यह दोनों सूचकांकों का सात नवंबर 2025 के बाद का निचला स्तर है। इससे पहले शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स और निफ्टी-50 में उतार-चढ़ाव रहा। बीच कारोबार में सेंसेक्स ऊपर 83,809.98 अंक और नीचे 83,185.20 अंक तक गया। आशिका स्टॉक ब्रोकिंग ने कहा कि कुल मिलाकर बाजार में एक निश्चित दायरे में कारोबार हुआ और उतार-चढ़ाव के जोखिमों के कारण निवेशकों ने सतर्कता बरती है, विशेषकर यह देखते हुए कि गुरुवार को बाजार बंद रहेंगे। दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों में निवेशकों ने लिवाली की। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.12 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.67 प्रतिशत ऊपर बंद



हुआ। आईटी, ऑटो, एफएमसीजी, फार्मा, रियलटी और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों की कंपनियों पर दबाव अधिक रहा। वहीं, धातु और सार्वजनिक बैंकिंग सेक्टरों में जबरदस्त तेजी देखी गयी। तेल एवं गैस, स्वास्थ्य और वित्तीय क्षेत्रों की कंपनियों के सूचकांक भी हरे निशान में रहे। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 18 के शेयर लाल निशान में और अन्य 12 के हरे निशान में बंद हुए। एशियन पेंट्स में सबसे अधिक 2.39 प्रतिशत की गिरावट रही। टीसीएस का शेयर 2.30 फीसदी टूट गया। मारुति सुजुकी का शेयर 1.72 प्रतिशत, सनफार्मा का 1.69, हिंदुस्तान यूनीलिवर का 1.53, टेक महिंद्रा का 1.52, आईसीआईसीआई बैंक का 1.28, कोटक महिंद्रा बैंक का 1.27 और एचडीएफसी बैंक का 1.20 प्रतिशत टूट गया। एलएंडटी, इंडिगो, टाइटन, बजाज फिनसर्व और टाइटन के शेयर भी लाल निशान में रहे। टाटा स्टील में 3.70 प्रतिशत से अधिक तेजी दर्ज की गयी। एनटीपीसी का शेयर भी 3.34 प्रतिशत और एक्सिस बैंक का 2.90 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ।



## किआ इंडिया का एविस लीजिंग के साथ करार

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** किआ इंडिया ने लीज और सब्सक्रिप्शन पर कार देने जैसी सेवाओं के लिए एविस लीजिंग के साथ एक सहमति पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया है। कंपनी ने बताया कि यह साझेदारी किआ लीज प्रोग्राम के तहत की गई है और एविस लीजिंग के साथ उसकी तीसरी बड़ी साझेदारी है। इस साझेदारी के जरिये किआ उन ग्राहकों तक अपनी पहुंच बढ़ाना चाहती है, जो गाड़ी खरीदने की बजाय लीज या सब्सक्रिप्शन जैसे विकल्पों को प्राथमिकता देते हैं। किआ इंडिया के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (बिक्री एवं विपणन) अतुल सूद ने कहा, हम मानते हैं कि भारत में लीज और सब्सक्रिप्शन मॉडल ऑटो उद्योग के लिए एक अहम विकास का अवसर बनकर उभर रहा है। एविस लीजिंग के साथ हमारी साझेदारी किआ लीज को एक मजबूत और विस्तार योग्य प्लेटफॉर्म बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो ग्राहकों की बदलती जरूरतों को पूरा करेगा और पारंपरिक वाहन खरीद से आगे नये अवसर पैदा करेगा।

# निर्यात के लिए तैयार बड़े राज्यों में महाराष्ट्र नंबर वन : नीति आयोग

## छोटे राज्यो में उत्तराखंड रैंकिंग में सबसे ऊपर

नई दिल्ली (वार्ता)।

नीति आयोग के जारी निर्यात तैयारी सूचकांक - 2024 में महाराष्ट्र देश के बड़े राज्यों में निर्यात कारोबार के लिए सबसे अधिक तैयारियों वाला राज्य घोषित किया गया है। उसके बाद तमिलनाडु और गुजरात का स्थान है। छोटे राज्यों, नॉर्थ-ईस्ट और केंद्र शासित प्रदेश की श्रेणी में, उत्तराखंड रैंकिंग में सबसे ऊपर है। सूचकांक में बड़े राज्यों की श्रेणी में उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, पंजाब और तेलंगाना को भी च्लीडर्सज्ज (तैयारी की दृष्टि से अग्रणी राज्य) के रूप में वर्गीकृत किया गया। यह वर्गीकरण निर्यात के लिए जरूरी बुनियादी सुविधाओं के विकास, नीतिगत सहायता, औद्योगिक वातावरण और निर्यात कारोबार में प्रदर्शन को ध्यान में रखते हुए कहया गया है। सूचकांक में मध्य प्रदेश, हरियाणा,



केरल और पश्चिम बंगाल को चैलेंजर श्रेणी में रखा गया, जो इन राज्यों की निर्यात क्षमता में कुशलता में वृद्धि को का संकेत है, लेकिन इन राज्यों में लॉजिस्टिक्स, लागत और सूक्ष्म, लघु औ मझोली इकाइयों के बीच समन्वय की कमियां बनी हुई हैं। आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बी.वी.आर. सुब्रमण्यम ने कहा कि वैश्विक माहौल बहुत ज़्यादा अस्थिर बना हुआ है, लेकिन यह उन देशों के लिए नए अवसर भी प्रदान करता है जो खुद को ढालने को तैयार हैं। उन्होंने कहा, दुनिया बहुत मुश्किल दौर से गुज़र रही है, और कहा कि इस उथल-पुथल ने राष्ट्रों को आगे बढ़ने के अवसर दिए हैं। श्री सुब्रमण्यम ने निर्यात को आर्थिक वृद्धि का एक मुख्य चालक बताते हुए कहा कि भारत की लंबी अवधि की महत्वाकांक्षाओं के लिए यह क्षेत्र केंद्रीय महत्व रखता है। उन्होंने कहा कि निर्यात भारत के 30,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य का एक प्रमुख स्तम्भ है, जिसमें विदेशी बाजार में माल और सेवाएं बेचने के कारोबार का योगदान 7500 अरब डॉलर रहने की उम्मीद है। यह तब के सकल घरेलू उत्पाद का लगभग एक चौथाई होगा।

नीति आयोग के सीईओ ने कहा, इस प्रयास में राज्यों की एक बड़ी भूमिका है, और कहा कि निर्यात तैयारी सूचकांक 2024 इस बात पर स्पष्ट संकेत देता है कि राज्य अपने एक्सपोर्ट को कैसे बढ़ा सकते हैं, प्रतिस्पर्धात्मकता को मज़बूत कर सकते हैं और वैश्विक बाज़ारों के साथ ज़्यादा गहराई से जुड़ सकते हैं। नीति आयोग द्वारा कंसल्टेंसी कंपनी डेलॉइट के सहयोग से तैयार किया गया, ईपीआई-2024 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 2021-22 से 20-23-24 के दौरान निर्यात क्षेत्र की तैयारियों के आकलन पर आधारित है।

## एयर इंडिया का सऊदिया के साथ कोड शेयर

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया ने सऊदी अरब की सरकारी एयरलाइंस सऊदिया के साथ कोड शेयर करार किया है। एयर इंडिया ने बुधवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि यह कोड शेयर फरवरी से प्रभावी होगा। इससे दोनों एयरलाइंस चयनित मार्गों पर एक-दूसरे की उड़ानों पर अपने कोड दे सकेंगी। सऊदिया के यात्री मुंबई और दिल्ली होते हुए एयर इंडिया की उड़ानों से अहमदाबाद, बेंगलुरु, कोलकाता, कोच्ची, हैदराबाद, चेन्नई, लखनऊ और जयपुर के अलावा 15 अन्य भारतीय शहरों के लिए बुकिंग करा सकेंगे। वहीं, एयर इंडिया के यात्री जेद्दा और रियाद होते हुए सऊदिया की उड़ानों से दम्मम, अबहा, गासिम, जिजान, मदीना और ताइफ के लिए टिकट बुक करा सकेंगे।



प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस साल बाद में इसमें कुछ अन्य अंतर्राष्ट्रीय मार्गों को भी जोड़ा जायेगा। सऊदिया समूह के महानिदेशक इब्राहिम अल उमर ने कहा कि एयर इंडिया के साथ कोड शेयर समझौता एक रणनीतिक कदम है। इससे दोनों देशों के बीच संपर्क के विकल्प बढ़ेंगे और यात्रियों को ज्यादा गंतव्यों तक आसान पहुंच उपलब्ध होगी। एयर इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक कैंपबेल विल्सन ने कहा कि पश्चिम एशिया में सऊदी अरब एयरलाइंस के लिए सबसे अहम बाजार है। वह तेजी से उस क्षेत्र के अंतर्राष्ट्रीय द्वार के रूप में उभर रहा है।

# इंदौर की पहचान उसकी संघर्षशील जनता के हौसलों और विकासशील सोच से है : मुख्यमंत्री

## डॉ. यादव ने पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ करने इंदौर को दी 800 करोड़ से अधिक की सौगात



**भोपाल (स्वतंत्र मत)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि इंदौर निरंतर प्रगति, विकास और नवाचार की दिशा में आगे बढ़ रहा है। आज इंदौर देश का सबसे तेज़ी से विकसित होने वाला शहर बन चुका है। विकास, स्वच्छता, उद्योग, व्यापार और सुशासन के क्षेत्र में इंदौर ने अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है, जिस पर पूरे मध्यप्रदेश को गर्व है। इंदौर की पहचान उसकी संघर्षशील जनता, अदम्य हौसलों और विकासशील सोच से है। आज प्रदेश का हर जिला इंदौर जैसा बनना चाहता है। उन्होंने कहा कि कठिन समय में सरकार, नगर निगम और प्रशासन ने पूरी संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता के साथ नागरिकों के साथ खड़े रहकर हरसंभव प्रयास किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को इंदौर शहर की पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़, आधुनिक एवं दीर्घकालिक समाधान प्रदान करने की दिशा में स्वच्छ जल अभियान अंतर्गत अमृत 2.0 इंदौर जलप्रदाय योजना (पैकेज-1) के तहत 800 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से प्रस्तावित बहुप्रतीक्षित जल प्रदाय परियोजना का विधिवत भूमि-पूजन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मकर संक्रांति पर आयोजित कार्यक्रम में सभी को मंगलकानाएँ दीं। उन्होंने कहा कि भागीरथपुरा क्षेत्र में घटित जल-जनित घटना ने सभी को पीड़ा पहुँचाई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस घटना में दिवंगत हुए नागरिकों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए बाबा महाकाल से दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करने की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मकर संक्रांति केवल पर्व नहीं, बल्कि तिल-तिल करके आगे बढ़ने का संकल्प है। जैसे इस दिन से सूर्य उत्तरायण होता है और प्रकाश बढ़ता है, वैसे ही इंदौर निरंतर प्रगति, विकास और नवाचार की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

### आपदा के समय राजनीति स्वीकार नहीं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आपदा के समय राजनीति करना इंदौर स्वीकार नहीं करेगा। सकारात्मक और रचनात्मक विपक्ष लोकतंत्र की शक्ति है, लेकिन पीड़ा पर राजनीति करना सर्वथा अनुचित है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मालवा और निमाड़ क्षेत्र को नर्मदा जल से जोड़ने के लिए वर्षों संघर्ष करना पड़ा। सरदार सरोवर बांध को पूर्ण कर देश को जल सुरक्षा देने का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जाता है। इसके माध्यम से सिंचाई क्षमता में ऐतिहासिक वृद्धि हुई है। मध्यप्रदेश में आज 56 लाख हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में सिंचाई संभव हो सकी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम के पहले जीवन दायिनी मां नर्मदा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना की। उन्होंने सभागृह परिसर में संविधान निर्माता बाबा साहेब अंबेडकर और स्वर कोकिला लता मंगेशकर की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन भी अर्पित किए।

### इंदौर की स्वच्छता पर हम सबको गर्व है

नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने इंदौर में नर्मदा के जल आंदोलन तथा नर्मदा के जल लाने की संघर्ष यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि यह इंदौर का ऐतिहासिक जन-आंदोलन था। नर्मदा जल परियोजना केवल एक योजना नहीं, बल्कि इंदौर की जनशक्ति और संकल्प का परिणाम है। उन्होंने कहा कि यदि नर्मदा जल नहीं आता, तो इंदौर आज जिस रूप में है, वह कभी नहीं बन पाता। उन्होंने इंदौर की स्वच्छता पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि यहां की पहचान केवल विकास से नहीं, बल्कि नागरिकों की सहभागिता से बनी है। देर रात तक शहर की सफाई में जुटने वाले सफाई कर्मी इंदौर की असली ताकत हैं। इंदौर की स्वच्छता पर हम सबको गर्व है। उन्होंने कहा कि सुबह-सुबह घरों से कचरा गाड़ियों में स्वयं नागरिकों द्वारा कचरा डालना इंदौर की जनभागीदारी का जीवंत उदाहरण है। मंत्री श्री विजयवर्गीय ने कहा कि इंदौर नंबर वन था, इंदौर नंबर वन है और नंबर वन रहेगा। नर्मदा, स्वच्छता और स्वाभिमान से बनी इंदौर की आन-बान-शान को कोई आंच नहीं आने दी जाएगी।

### प्रदेश में विकास कार्य तेज गति से संचालित हो रहे हैं

जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने विकसित भारत का जो संकल्प लिया है, उसी संकल्प को मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में साकार रूप दिया जा रहा है। प्रदेश में विकास कार्य तेज गति से संचालित हो रहे हैं और शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने के लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।



# प्रत्येक हितग्राही को संकल्प से समाधान अभियान का मिले लाभ : डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री ने प्रदेश में संचालित संकल्प से समाधान अभियान के संबंध में ली बैठक

**भोपाल (स्वतंत्र मत)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि संकल्प से समाधान अभियान जनसामान्य को कल्याणकारी हितग्राही मूलक योजनाओं का सुगमता से लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आरंभ किया गया है। अभियान के अंतर्गत समय-सीमा में पारदर्शी तरीके से गतिविधियां सुनिश्चित की जाएं। किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार को बरदार्शत नहीं किया जाएगा, दोषियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह निर्देश मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में संकल्प से समाधान अभियान की बुधवार को समीक्षा के लिए आयोजित संभागायुक्तों की बैठक में दिए। मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई सहित संभागायुक्त बैठक में उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अभियान के अंतर्गत योजनाओं के प्रचार-प्रसार पर विशेष ध्यान दिया जाए। हमारा प्रयास है कि सभी हितग्राहियों को योजनाओं की आवश्यक जानकारी हो। संभागीय अधिकारी जिला, विकासखण्ड और ग्राम स्तर तक भ्रमण कर अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य परीक्षण, स्वच्छता तथा शिक्षा के लिए प्रेरित करने पर केंद्रित गतिविधियां भी संचालित की जाएं। संकल्प से समाधान अभियान के क्रियान्वयन में सामाजिक और स्वयं सेवी संस्थाओं का भी सहयोग लिया जाए।

## पूर्व सैनिकों को किया गया सम्मानित

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** वेटरन्स दिवस प्रतिवर्ष 14 जनवरी को मनाया जाता है। इसी क्रम में 10 वां सशस्त्र बल वेटरन्स दिवस कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। इसमें देश की रक्षा में योगदान देने वाले शहीद के परिवार के सदस्यों, वीर नारियों एवं पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया जाता है। इस कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों को डिप्टी कलेक्टर छोटेगिरी गोस्वामी ने संबोधित किया तथा वरिष्ठ पूर्व सैनिकों को सम्मानित करते हुये सभी शहीद परिवारों के सदस्यों, वीर नारियों व पूर्व सैनिकों को बधाई दी।

# पुलिसकर्मियों पर मारपीट का आरोप शिकायत वापस लेने का दबाव

## करणी सेना ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** करणी सेना परिवार टीम जीवन सिंह शेरपुर के प्रतिनिधियों ने बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर एक गंभीर शिकायत दर्ज कराई है। संगठन ने आरोप लगाया कि थाना पटेरा में पदस्थ तीन आरक्षकों द्वारा पहले मारपीट की गई और अब शिकायत वापस लेने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। करणी सेना के जिला अध्यक्ष नितिन सिंह तोमर एवं सागर संभाग महामंत्री निहाल सिंह तोमर के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि 06 नवंबर 2025 को थाना पटेरा में पदस्थ आरक्षक प्रमोद



चौबे, इंद्रजीत लोधी और अनिल लोधी ने शराब के नशे में गाली गलौच करते हुए मारपीट की थी। इस मामले की शिकायत पूर्व में पुलिस अधीक्षक के समक्ष की जा चुकी हैए लेकिन अब तक ठोस कार्रवाई नहीं हुई। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि 13 जनवरी 2026 की रात करीब 3 बजे, मामले के प्रमुख आरोपी शिकायतकर्ता के घर पहुंचे और गाली-गलौच करते हुए शिकायत वापस लेने का दबाव बनाने लगे।

# सरकार और समाज के बीच सेतु है जन अभियान परिषद : कलेक्टर



## जिले में 12 से 26 जनवरी तक ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान चलेगा

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** ग्रामोदय से अभ्युदय सरकार का बहुत ही अच्छा और सुलभ अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान ग्रामीण क्षेत्र में जो जनहितैषी योजनाएं हैं। वह जन जन तक कैसे पहुंचाई जाएं और कैसे उन योजनाओं का उन्हें लाभ मिल सके, यह हमारी सरकार की मंशा है।

उद्देश्य स्पष्ट है कि जो पंक्ति में आखिरी व्यक्ति खड़ा है, उस तक कैसे योजनाओं का लाभ पहुंचे। इस आशय के विचार जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल ने प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस महाविद्यालय दमोह में आयोजित ग्रामोदय से अभ्युदय मप्र अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यक्रम में व्यक्त किये। उन्होंने कहा कहीं ना कहीं जो शहरी क्षेत्र में व्यक्तियों को सारी योजनाओं का लाभ मिल जाता हैं लेकिन जो गाँव में व्यक्ति है जो पढ़ा-लिखा नहीं है या जो आता-जाता नहीं है, शहरी क्षेत्र से ज्यादा जुड़ा नहीं है तो उस तक योजनाओं का लाभ नहीं पहुंचता। श्रीमती पटेल ने कहा यह सरकार की मंशा है कि उस तक योजनाओं का लाभ पहुंचे और उसकी समस्याओं का समाधान किया जाये।

भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा यह मप्र शासन द्वारा जो अभियान चलाया जा रहा है, उस पर एक गोष्ठी का कार्यक्रम संपन्न हुआ, हमारी स्वयंसेवी संस्थाएं हैं, उनके बीच में जो आगामी विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम होने वाला है, उसकी एक छोटी सी कार्यशाला कह सकते हैं। उन्होंने कहा प्रदेश शासन के द्वारा एक अभियान 12 जनवरी से 26 जनवरी तक चलने वाला है, उसमें स्वामी विवेकानंद जी ने जो एक लक्ष्य देश को बढ़ाने के लिए रखा था, उसमें ग्राम विकास की संकल्पना केंद्र बिंदु में थी।

# महिला साइकिल रैली से होगा बुंदेली मेला महोत्सव का शुभारंभ

## 20 को दमोह आएंगी लोकगायिका मालिनी अवस्थी



**दमोह (स्वतंत्र मत)।** बुंदेली संस्कृति, परंपरा एवं लोककला के संरक्षण और संवर्धन को समर्पित बुंदेली गौरव न्यास द्वारा आयोजित बुंदेली मेला महोत्सव का आयोजन इस वर्ष 16 जनवरी से 1 फरवरी तक किया जाएगा। इस भव्य आयोजन को लेकर मेला ग्राउंड में एक पत्रकार वार्ता आयोजित की गई। पत्रकार वार्ता में मेला के पदाधिकारी विवेक शेंडेय, सिद्धार्थ मलैया, प्रभात सेठ एवं मोहित संगतानी विशेष रूप से उपस्थित रहे। आयोजकों ने जानकारी देते हुए बताया कि मेले के प्रथम दिवस 16 जनवरी को महिला साइकिल रैली के साथ महोत्सव का शुभारंभ किया जाएगा। यह रैली कलेक्ट्रेट कार्यालय से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख चौराहों से गुजरते हुए तहसील मैदान में समाप्त होगी। आयोजकों ने बताया कि बुंदेली मेला महोत्सव के दौरान प्रतिदिन विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रतियोगिताएं एवं लोककलाओं से जुड़ी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, जिनका उद्देश्य बुंदेली संस्कृति को जन-जन तक पहुँचाना है। महोत्सव के अंतर्गत 20 जनवरी को देश की प्रसिद्ध लोकगायिका मालिनी अवस्थी अपनी प्रस्तुति देंगी। साथ ही लोकप्रिय पॉप सिंगर मनन वीर सिंह भी दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। इसके अतिरिक्त मेले में राम की शक्ति पूजा, आम्रपाली एवं बुद्ध नाटिका, नारी गौरव एवं महान पुरुषों पर आधारित प्रस्तुतियां, राष्ट्रीय कवि सम्मेलन कौन है दमदार, स्वर श्री, नृत्य श्री एवं वाद्य श्री सहित अनेक आकर्षक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आयोजकों ने नागरिकों से अपील की कि वे अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर इस सांस्कृतिक महोत्सव को सफल बनाएं और बुंदेली विरासत के संरक्षण में सहभागी बनें।

# 25 वर्ष पूर्व निर्मित यात्री प्रतीक्षालय को गिराने की तैयारी

## विधायक उमादेवी खटीक ने कलेक्टर के सामने विकास कार्यों के एक दर्जन से अधिक कार्य प्रस्तावित किए

**हटा (स्वतंत्र मत)।** विगत 30 दिसम्बर को एसडीएम कार्यालय हटा में विधायक उमादेवी खटीक ने कलेक्टर सुधीर कुमार कौचर के समक्ष हटा के विकास कार्यों के सम्बंध में एक लंबी सूची प्रस्तुत की थी जिसमें कुछ भवनों को गिराने, जमीनों के आवंटन, कार्यों में देरी के साथ गुणवत्ता मानकों की अनदेखी पर ध्यान आकर्षित कराया गया था। करीब तीन घंटे चली मैराथन बैठक निर्माण कार्यों के प्रस्ताव कम जबकि पूर्व में निर्मित भवन को गिराने और जमीनों के आवंटन पर अधिक जोर दिया गया। यहां बता दें कि हटा में पूर्व में भी शासकीय अस्पताल सराय, पुरानी जनपद, मार्केटिंग सोसायटी भवन दाल मिल शॉपिंग काम्प्लेक्स आदि शासकीय भवनों को क्षतिग्रस्त बताकर तोड़ा गया है लेकिन इनमें से एक भी निर्माण कार्य पुन: शुरू नहीं किया जा सका। एक दर्जन से अधिक प्रस्तावों में सबसे ज्यादा चर्चित प्रस्ताव बस स्टैंड पर अच्छे खासे सुदृढ रूप से निर्मित यात्री प्रतीक्षालय को गिराने का है जो करीब 25 वर्ष पूर्व ही तत्कालीन विधायक डॉ. विजय सिंह राजपूत ने विधायक निधि से अपनी देखरेख ने बनबाया था। तत्समय इसे मल्टीस्टोरी बनाने ड्रयिंग बनाई गई थी, अब इसे मल्टीस्टोरी बनाने की बजाय गिराने पर जोर दिया जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि अभी यात्रियों को बैठने के लिए यही एकमात्र भवन बस स्टैंड पर उपलब्ध है इसे गिराने के बाद यात्री कहा बैठेंगे।

इस मुद्दे पर किसी ने चर्चा नहीं की इसी परिसर में आबकारी विभाग भवन गिराने की कही गई जबकि आबकारी विभाग ने बिकल्प भी नहीं ढूंढा है। यह कार्यालय कहां संचालित होगा इस पर भी चर्चा नहीं हो सकी। पुराने एसडीएम कार्यालय में नपा कार्यालय शिफ्ट करने की बात कही गई लेकिन नपा को जमीन आवंटन कर नया भवन बनाने का बजट कहां से आएगा।




## स्वदेशी संकल्प दौड़ एवं ग्रामोदय से अभ्युदय तक कार्यक्रम संपन्न

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** जिले के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में, स्वदेशी जागरण मंच एवं जन अभियान परिषद की संयुक्त तत्वाधान में स्वदेशी संकल्प दौड़ एवं ग्रामोदय से अभ्युदय तक कार्यक्रम संपन्न हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रशासन द्वारा ग्रामीण जीवन में आ रही कठिनाइयां एवं समस्याओं को दूर करना एवं जिले के स्वदेशी जागरण मंच द्वारा युवाओं को अपने लक्ष्य के प्रति संकल्पित होकर राष्ट्र को आगे बढ़ाने हेतु एकजुट करना था। अंत में सभी ने स्वदेशी अपनाने का संकल्प लिया एवं स्वदेशी संकल्प दौड़ में जय जय स्वदेशी के नारे लगाते हुए हिस्सा लिया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रंजीत पटेल, भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे, जिला कलेक्टर सुधीर कोचर उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पेंशन भुगतान के आदेश

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिला कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिले के 24 सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पेंशन भुगतान आदेश पीपीओ का वितरण किया। इस अवसर पर कलेक्टर ने सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल एवं सुखमय भविष्य की कामना की। साथ ही उन्होंने पेंशन प्रकरणों के समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए ताकि सेवानिवृत्त कर्मचारियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## आवारा कुत्तों को पकड़ने नपा ने चलाया अभियान

**हटा।** नगर में आवारा कुत्तों का आतंक दिनों दिन बढ़ता जा रहा है। इसको देखते हुए कुछ जागरूक युवाओं ने सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत भी दर्ज कराई हुई है। सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत के बाद जागे नपा प्रशासन ने बुधवार को गौरीशंकर वार्ड और रामगोपाल जी वार्ड में आवारा कुत्तों को पकड़ने की शुरुआत की कुत्तों को पकड़ता देख अन्य कुत्ते इधर उधर भाग खड़े हुए।

**CHANGE OF NAME**

1, WAS KNOWN AS SHWETA SAMUEL DHANUK I, HAVE CHANGED MY NAME AND HENCEFORTH I SHALL BE KNOWN AS SHWETA DHANUK W/O SUNIL DHANUK RESIDENT OF H.NO. 14, RAMPUR, SHANKAR SHAH NAGAR, MILAN COLONY, JABALPUR (M. P.) 482008.

# निर्माणाधीन सिंचाई परियोजनाओं का कार्य समय-सीमा में करें पूर्ण : सिलावट

## जल संसाधन मंत्री ने कि विभागीय कार्यों की समीक्षा

**भोपाल (स्वतंत्र मत)।**



जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा है की प्रदेश में विभिन्न निर्माणाधीन वृहद एवं मध्यम परियोजनाओं का कार्य समय से पूरा किया जाए। वरिष्ठ अधिकारी परियोजनाओं के कार्य का निरंतर निरीक्षण करें और गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करें। कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न हो। मंत्री श्री सिलावट ने मंत्रालय स्थित अपने प्रतिकक्ष में बुधवार को विभाग के अंतर्गत धसान केन कछार सागर में निर्माणाधीन वृहद एवं मध्यम परियोजनाओं की समीक्षा की। बैठक में अपर मुख्य सचिव जल संसाधन डॉ. राजेश राजौरा, प्रमुख अभियंता विनोद कुमार देवड़ा, मुख्य अभियंता सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कार्य से संबंधित निर्माण ऐजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। मंत्री श्री सिलावट ने निर्देश दिए कि वरिष्ठ अधिकारी स्वीकृत परियोजनाओं को समय-सीमा में पूर्ण करने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करें और प्रति 15 दिन में कार्य की समीक्षा करें। बैठक में बताया गया कि परियोजनाओं के पूर्ण होने पर सागर, पन्ना, दमोह एवं छतरपुर जिले की लगभग 81 हजार हैक्टेयर में अतिरिक्त सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। मंत्री श्री सिलावट द्वारा कछार के अंतर्गत आपचंद, मंझगाय, सतधारू, पवई, रूंज एवं काठन सिंचाई परियोजनाओं से सिंचाई सम्बन्धी व्यवस्थाओं के निर्देश दिये गये।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-11**
**नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र./सं.क्र.11/2025
दिनांक 14/01/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती पूजा वर्मा पति ओम प्रकाश वर्मा ने वार्ड क्रमांक 79 वार्ड का नाम ईश्वरदास रोहाणी वार्ड के भवन क्रमांक एच-21 सैनिक सोसायटी डुमना रोड सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000382739 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकबा 1375 व.फु. जिस पर निर्मित निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्रीमती आशा भाटिया पति विनोद भाटिया का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक-11
नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-11**
**नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र./सं.क्र.11/2025
दिनांक 13/01/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति नील कमल पति श्री नीरज कुमार ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई के भवन क्रमांक फ्लेट नं. 4 ए फ्लोर-7 सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1004333011 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल जिस पर निर्मित 7वीं मंजिल 2100 व.फु. पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्रीमति अनुपमा पांडे पति सुशील कुमार पांडे का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक-11
नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-11**
**नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र./सं.क्र.11/2025
दिनांक 13/01/2026

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति संगीता अग्रवाल पति नारायण अग्रवाल ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मी बाई के भवन क्रमांक 989 सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000388872 पर दर्ज भूमि जिस पर निर्मित प्रथम तल 1400 व.फु. पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र मृत्यु प्रमाण पत्र, वसीयतनाम के आधार पर निगम में दर्ज श्रीमती इन्द्रा देवी अग्रवाल पति धनीराम अग्रवाल का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक-11
नगर निगम, जबलपुर

# सूना है फ्लाई...जमीं पर ट्रैफिक हाई

## सबसे लंबा फ्लाईओवर बनने के बाद भी शहर की ट्रैफिक व्यवस्था जस की तस





जबलपुर (राहुल पाण्डेय)।

शहर में बने मप्र के सबसे लंबे फ्लाईओवर बनने के बाद भी शहर की ट्रैफिक व्यवस्था जस की तस दिखाई नजर आ रही है। आपकों बता दें कि इस फ्लाईओवर को बनाने का मुख्य उद्देश्य शहर के ट्रैफिक के दबाव को कम करना था। लेकिन इसके बनने के बाद भी शहर की सड़कों पर ट्रैफिक पहले के जैसा ही दिखाई नजर आ रहा है।

### रानीताल क्षेत्र में रोजाना बन रही जाम की स्थिति

मदनमहल क्षेत्र से शुरू होकर दमोहनाका क्षेत्र में खत्म होने वाले इस फ्लाईओवर के नीचे की सड़क में पहले के जैसे ही जाम की स्थिति रोजाना दिखाई नजर आ रही है। खासतौर पर रानीताल चौराहे पर सुबह से लेकर रात तक यहां भारी जाम दिखने को मिलता है। बची कुची कसर यहां पर चारों ओर खड़े ऑटो और ई-रिक्शा चालक पूरा कर देतें है। जिनके एक जगह पर खड़े रहने के कारण ट्रैफिक का सकुशल संचालन नहीं हो पाता है। रानीताल क्षेत्र में फ्लाईओवर के बनने के बाद से अब तक कही पर भी ट्रैफिक सिग्नल नहीं लग पाया है। जिसके कारण राहगीर एक दूसरे को कट मारते हुए गुजर रहे हैं। ऐसे में इस क्षेत्र में आए दिन अनहोनी होने का खतरा बन रहता है।

### नीचे से गुजरना ज्यादा पसंद कर रहे राहगीर

फ्लाईओवर के निर्माण के दौरान लोगों में इसे लेकर काफी उत्साह नजर आ रहा था। खासतौर पर उनके लिए जो आए दिन दमोहनाका से मदल महल की ओर सफर किया करते थे। लेकिन फ्लाईओवर बनने के कुछ दिन बाद मानों लोगों ने इसपर से गुजरना बंद कर दिया हो। जिसके परिणाम स्वरूप पूरा ट्रैफिक पहले के जैसा नीचे की सड़कों पर आ गया है। इसकी एक मुख्य वजह है फ्लाईओवर पर बनी साइड रोड। एक उदाहरण के तौर पर अगर किसी वाहन चालक ने दमोहनाका से फ्लाईओवर में चलना शुरू किया। अब अगर उसे गढ़ा की तरफ उतर रही साइड रोड़ पर जाना है, तो यह नियमों का उल्लंघन कहलाएगा। क्योंकि सामने की तरफ से यानी मदनमहल की तरफ से आ रहे वाहन से टकराने का खतरा बना रहता है। ऐसे में राहगीर फ्लाईओवर का लंबा चक्कर लगाने की अपेशा नीचे की सड़क से चलना ज्यादा पसंद कर रहे हैं।

### कॉन्स्टेबल ने गिनाई थी खामियां

हाल ही में एक कॉन्स्टेबल ने फ्लाईओवर में गलत दिशा दिखा रहे डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड का वीडियो के माध्यम से उल्लेख किया था। जो आगे आने वाली जगहों की दिशाएं गलत दिखाई जा रही हैं। सीधे जाने वाले रास्ते पर राइट टर्न के संकेत दिख रहे हैं। इससे राहगीर भ्रमित हो रहे हैं। इसमें बताया गया था कि गोहलपुर से ब्रिज पर चढ़ते ही करीब एक किमी आगे बढ़ने पर दमोह नाका चौराहा आता है। यहां से सीधा जाने पर रानीताल और मदन महल आएंगे। जबकि दमोह नाका चौराहा पर जो डिस्प्ले बोर्ड लगा है उसमें रानी ताल और मदन महल जाने के लिए दाहिनी तरफ जाने का संकेत दिखाई दे रहा है। इसके चलते लोगों को कन्फ्यूजन होता है। वे गलती से दाहिने तरफ मुड़ जाते हैं। इसके बाद उन्हें कई किलोमीटर गलत घूमना पड़ जाता है। साथ ही साथ दुर्घटनाओं की संभावना भी बनती है। इस तरह के कई डिस्प्ले बोर्ड नए लोगों को गलत दिशा में भेजने वाले इंडिकेशन दे रहे हैं।

### 1100 करोड़ रुपए की लागत से हुआ था निर्माण

आपको बता दें कि शहर में बने एमपी के इस सबसे लंबे फ्लाईओवर ब्रिज को बनाने में लगभग 1100 करोड़ रुपए की लागत आई है। जो लगभग 7 किलोमीटर लंबा है। इस फ्लाईओवर की खासियत यह भी है कि इसमें रेल मार्ग के ऊपर देश का सबसे लंबा सिंगल स्पान केबल स्टे ब्रिज भी बना है, जिसकी लंबाई 385 मीटर है। फ्लाईओवर शुरू होने के बाद मदनमहल से दमोह नाका तक की दूरी सात मिनट में पूरी होने का दावा किया था। लेकिन मानों राहगीर फ्लाईओवर से जानी की अपेक्षा नीचे से गुजरना ज्यादा पंसद कर रहे है। जिससे ट्रैफि के हालात जस के तस बने हुए हैं।

## भड़पुरा से रेत चोरी कर बेचने की फिराक में थे तस्कर

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

अवैध रेत उत्खनन और परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत माढ़ोताल थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने पाटन बायपास के पास घेराबंदी कर चोरी की रेत से लदे एक बिना नंबर के हाईवा को जब्त किया है। इस मामले में पुलिस ने हाईवा चालक और मालिक दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी माढ़ोताल वीरेन्द्र सिंह पवार ने जानकारी देते हुए बताया कि शाम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि पाटन बायपास से चुंगी नाका की ओर एक बिना नंबर का हाईवा रेत लेकर जा रहा है। पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए हाईवा को रोका। पूछताछ में पकड़े गए चालक ने अपना नाम छोटू बर्मन (29 वर्ष) निवासी माल कछार, शहपुरा बताया। जब पुलिस ने रेत के दस्तावेजों की मांग की, तो चालक कोई भी वैध कागजात पेश नहीं कर सका। कड़ाई से पूछताछ करने पर चालक ने कुबूल किया कि वह हाईवा मालिक आशीष सिंह (30 वर्ष) निवासी ठूठा रमखिरिया के कहने पर भड़पुरा से चोरी की रेत भरकर बेचने के लिए ला रहा था। पुलिस ने मौके पर ही हाईवा जब्त करते हुए आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। कार्रवाई में सहायक उप निरीक्षक महेन्द्र शुक्ला, आरक्षक राहुल और अजय की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



## हाईटेंशन लाइन की चपेट में आते ही युवक के उड़े चीथड़े

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

बरगी थाना क्षेत्रातंर्गत निगरी में एक युवक हाई टेंशन लाईन की चपेट में उस समय आ गया, जब जंगली सुअरों को मारने के लिए कनेक्शन कर रहा था। तेज धमाके से बुरी तरह से झुलसे व्यक्ति को देखते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और फौरन बरगी थाना पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि युवक जमीन पर झुलसा हुआ पड़ा हुआ है और उसकी मौत हो गई है।

**ग्राम निगरी का मामला, जंगली शूकर मारने के लिए जोड़ रहा था कनेक्शन**

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि मृतक पंचम लाल गांव का ही रहने वाला है, जिसके खेत में जंगली सूअर आ रहे थे और उन्हीं को मारने के लिए हाईटेंशन लाइन से कनेक्शन किया करता था। बुधवार की सुबह भी जब वह हाई टेंशन लाइन से कनेक्शन करने के लिए तार को लग रहा था, उसी दौरान अचानक ही वह चपेट में आ गया और बुरी तरह से झुलस गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### पुलिस कर रही जांच

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सूर्यकांत शर्मा का कहना है कि स्थानीय ग्रामीणों की सूचना मिलते ही बरगी थाना पुलिस का स्टाफ मौके पर पहुंचा है। इसके साथ ही मृतक का परिवार भी घटनास्थल पर ही मौजूद था। मर्ग कायम कर शव का पंचनामा करवाने के बाद पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। इसके साथ यह भी जांच की जा रही है कि मृतक कब से हाईटेंशन लाइन में कनेक्शन करने का काम कर रहा था। बरगी थाना पुलिस अब इस घटना की भी जांच करेगी की आसपास के गांव में और कौन-कौन लोग जंगली सूअर को मारने के लिए हाईटेंशन लाइन का उपयोग कर रहे हैं।

## बालिकाओं की सुरक्षा और शिक्षा से समझौता नहीं

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।



**मप्र हाईकोर्ट का निर्देश आदिवासी बालिका छात्रावास परिसर से हटेगा केंद्रीय विद्यालय गढ़ा**

मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय ने गढ़ा स्थित सीनियर आदिवासी बालिका छात्रावास परिसर में केंद्रीय विद्यालय के संचालन को लेकर सख्त रुख अपनाया है। मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा एवं न्यायमूर्ति विनय सराफ की खंडपीठ ने इस मामले में दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए जबलपुर कलेक्टर को विद्यालय के स्थानांतरण के लिए जमीन या भवन तलाश कर फिजिबिलिटी रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं।

जानकारी अनुसार आदिवासी बहुजन अधिकार कल्याण संघ द्वारा दायर याचिका में अधिवक्ता रवींद्रनाथ चतुर्वेदी और अक्षरदीप ने तर्क दिया कि छात्रावास परिसर के भीतर स्कूल संचालित होने से वहां रहने वाली आदिवासी छात्राओं को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि बाहरी व्यक्तियों की आवाजाही और स्कूल के शोर-शराबे के कारण छात्राओं की सुरक्षा, निजता और शैक्षणिक वातावरण प्रभावित हो रहा है।

मामले की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए न्यायालय ने कलेक्टर जबलपुर को निर्देशित किया कि अगली सुनवाई से पूर्व केंद्रीय विद्यालय गढ़ा को अन्य उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित किए जाने के लिए भूमि/भवन की तलाश कर, उससे संबंधित फिजिबिलिटी रिपोर्ट न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की जाए।

## युवकों को टक्कर मार भागा कार चालक

**जबलपुर।** बरेला थाने में संजू सिंह उम्र 24 वर्ष निवासी रानीताल ने रिपोर्ट दर्ज कर बताया वह प्राईवेट काम करता है । मकर संक्राति होने के कारण वह अपने दोस्त साहब सिंह, महेन्द्र सिंह, अर्जुन सिंह और अवधेश सिंह के साथ नर्मदा स्नान करने के बाद शारदा मंदिर बरेला दर्शन करने आटो से गये थे, दर्शन करने के बाद हम सभी पैदल बरेला बस स्टेण्ड आ रहे थे। नर्मदा ग्रीन्स के पास पहुंचे तभी पीछे से आ रही कार चालक तेज गति लापरवाही से चलाते हुये साहब सिंह, महेन्द्र सिंह, तथा अर्जुन सिंह को टक्कर मार दिया जिससे तीनों को हाथ पैर एवं शरीर में चोटें आयीं कार चालक कार से भाग गया।

## स्टेशन गेट पर मारपीट के बाद फेंका गर्म तेल

**मदन महल स्टेशन की घटना, मामला दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस**

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।






मदन महल रेलवे स्टेशन के गेट नंबर-1 पर बीती रात कुछ बदमाशों ने शराब पीने के लिए 2,000 रुपये की मांग करते हुए दो युवकों पर जानलेवा हमला कर दिया। इस दौरान बदमाशों ने पहले युवकों पर पत्थर से हमला किया इसके बाद पास के ठेले से गर्म तेल निकालकर युवकों पर डाल दिया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल यश साहू (27 वर्ष) मूल रूप से भोपाल के निवासी हैं और वर्तमान में जबलपुर में ही पदस्थ हैं। वे अपनी पत्नी वंशिका के साथ ट्रेन से मदन महल स्टेशन पहुंचे थे, जहां उनके साले प्रखर साहू उन्हें लेने आए थे। जैसे ही वे स्टेशन के बाहर निकले, दो युवकों जिनकी पहचान प्रसन्न सिंह रघुवंशी और नितिन रघुवंशी के रूप में हुई है, ने प्रखर से शराब के लिए रुपयों की मांग की। प्रखर द्वारा मना करने पर आरोपियों ने उनके साथ गाली-गलौज और मारपीट शुरू कर दी। बीच-बचाव करने आए यश साहू पर भी बदमाशों ने हमला किया और उनके सिर पर भारी पत्थर मार दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, विवाद के दौरान आरोपियों ने पास के एक ठेले पर रखी कड़ाही का खौलता हुआ तेल पीड़ितों पर फेंक दिया और लोहे के झारे से हमला कर प्रखर साहू को गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी अपनी कार एमपी 04-सीडब्लयू-4164 से फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## पमरे ने कमाया 219 करोड़ रूपए का ऑरिजनेटिंग रेवेन्यू

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** यात्री यातयात से 219 करोड़ 90 लाख रूपये ऑरिजनेटिंग रेवेन्यू अर्जित किया, जो पिछले वर्ष इसी माह के रेवेन्यू 194 करोड़ 72 लाख रूपये की तुलना में लगभग 13 प्रतिशत अधिक है। इस दौरान आरक्षित एवं अनारक्षित मिलाकर कुल 94 लाख 01 हजार यात्रियों ने यात्रा की जो गत वर्ष इसी माह की तुलना में लगभग 07 प्रतिशत अधिक है। इसी प्रकार दिसम्बर माह में यात्री यातयात से मंडल वाइस बात करे तो जबलपुर मण्डल ने 34 लाख 13 हज़ार यात्रियों से रूपये 83 करोड़ 56 लाख, भोपाल मण्डल ने 34 लाख 30 हज़ार यात्रियों से रूपये 86 करोड़ 69 लाख एवं कोटा मण्डल ने 25 लाख 58 हज़ार यात्रियों से रूपये 49 करोड़ 65 लाख ऑरिजनेटिंग रेवेन्यू अर्जित किया है।

## तालाब में पैर फिसलने से युवक की मौत

### कुंडम के खुक्कम ग्राम की घटना

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।



कुंडम थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसे में अधेड़ व्यक्ति की तालाब में गिरने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि तालाब के किनारे पैर फिसलने से वह असंतुलित होकर पानी में जा गिरा और बाहर नहीं निकल सका। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक कुंडम थाना क्षेत्र के खुक्कम में 40 वर्षीय दलपत सिंह अपने घर में अकेला रह रहा था। सुबह वह शौच करने के लिए तालाब की ओर गया था। इसी दौरान तालाब के किनारे फिसलन होने के कारण उसका संतुलन बिगड़ गया और वह सीधे गहरे पानी में गिर गया। आसपास कोई मौजूद नहीं होने से समय रहते मदद नहीं मिल सकी। कुछ देर बाद ग्रामीणों ने तालाब में शव उतराता देखा तो इसकी सूचना कुंडम पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकलवाया। शव को पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## दो संस्थाएं हुई ब्लैक लिस्टेड

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** धान उपार्जन में अनियमितता बरते जाने पर कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के निर्देशानुसार जिला उपार्जन समिति ने दो समितियों को ब्लैक लिस्टेड करने का निर्णय लिया है तथा भविष्य में पुनरावृत्ति होने पर कठोर कार्यवाही की चेतावनी दी गई है। इसी कड़ी में शहपुरा तहसील के अंतर्गत पारस वेयर हाउस सहजपुर स्थित संस्कार ग्राम संगठन बिल्हा द्वारा संचालित खरीदी केंद्र तथा सिहोरा तहसील के अंतर्गत सम्मेद सागर वेयर हाउस स्थित अपराजिता संकुल स्तरीय संगठन फनवानी द्वारा संचालित खरीदी केंद्र में अनियमितता पाये जाने पर इन दोनों संस्थाओं को दो वर्ष के लिये ब्लैक लिस्टेड कर दिया गया है।

## बिजली उपभोक्ताओं पर पावर अटैक

**फ्यूल सरचार्ज बढ़ने से बिल का बढ़ेगा बोझ**

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं के लिए दिसंबर और जनवरी का महीना आर्थिक बोझ लेकर आया है। बिजली दरों में 10.19 प्रतिशत वृद्धि के प्रस्ताव के बीच अब पावर मैनेजमेंट कंपनी ने फ्यूल सरचार्ज बढ़ाकर उपभोक्ताओं को दोहरा झटका दिया है।

पावर मैनेजमेंट कंपनी द्वारा 29 दिसंबर को जारी आदेश के अनुसार, प्रदेश की तीनों वितरण कंपनियों को अब 1.05 प्रतिशत की दर से फ्यूल सरचार्ज वसूलने के निर्देश दिए गए हैं। गौरतलब है कि नवंबर माह में यह सरचार्ज माइनस 2.23 प्रतिशत था, जिसमें अब सीधे 3 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी कर दी गई है। इस फैसले से आम उपभोक्ताओं के मासिक बिल में औसतन 30 रुपये तक का इजाफा होगा। यह वसूली 24 जनवरी तक की जाएगी।

### कोयला सस्ता हुआ तो बिजली महंगी क्यों?

नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के डॉ. पी.जी. नाजपांडे ने पावर मैनेजमेंट कंपनी के गणित पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने बताया कि 22 सितंबर से कोयले पर लगने वाला 400 रुपये प्रति टन का कम्पेनसेशन सेस हटा दिया गया था। नियमत: इससे बिजली उत्पादन सस्ता होना चाहिए था और जनता को राहत मिलनी चाहिए थी। हैरानी की बात यह है कि पावर परचेस कॉस्ट घटने के बजाय बढ़ गई है। अक्टूबर में जो लागत 3.53 रुपये प्रति यूनिट थी, वह नवंबर में 20 पैसे बढ़कर 3.73 रुपये हो गई है। सरकार और बिजली कंपनियों के इस मनमाने रवैये के खिलाफ जन संगठनों ने मोर्चा खोल दिया है। संगठनों का कहना है कि एक तरफ बिजली की मूल दरों को बढ़ाने का प्रस्ताव है और दूसरी तरफ सरचार्ज का बोझ लादा जा रहा है। यदि इन फैसलों को वापस नहीं लिया गया, तो प्रदेश भर में उग्र जन आंदोलन किया जाएगा।

## कुमार सानू के फैन्स मुझे मार डालेंगे

### साइकोटिक डेल्यूजन से ग्रसित युवक ने की 3 बार आत्महत्या की कोशिश

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** बॉलीवुड सिंगर कुमार सानू का एक फैन इस कदर वहम का शिकार हो गया कि उसने 3 बार सुसाइड करने की कोशिश की। सबसे पहले चलती ट्रेन से कूदने लगा, फिर रेलवे स्टेशन के पब्लिक टॉयलेट में ब्लेड से गला और कलाई काट लिया, अंत में अस्पताल में दूसरी मंजिल से कूदने का प्रयास किया। दरअसल बिहार में छपरा के रहने वाले 35 वर्षीय प्रमोद मांझी को यह भ्रम हो गया है कि अगर उसने किसी दूसरे सिंगर का गाना सुना तो कुमार सानू के फैंस उसे खोजकर मार डालेंगे। फिलहाल युवक शहर के एक अस्पताल के आईसीयू में भर्ती है। यह मामला सामना आने के बाद बॉलीवुड सिंगर कुमार सानू ने बुधवार को प्रमोद के पिता फागू मांझी से बात की। पूरा हाल जाना और युवक के इलाज में मदद करने का आश्वासन दिया। सिंगर ने युवक की बीमारी पर भोपाल के मनोचिकित्सक से भी बात की।



**साइकोटिक डेल्यूजन से गुजर रहा युवक** - पुलिस के मुताबिक, प्रमोद मांझी नागपुर में काम करता था। 10 जनवरी को ट्रेन से अपने गांव लौट रहा था। यात्रा के दौरान अचानक वह असामान्य व्यवहार करने लगा। चलती ट्रेन से कूदने की कोशिश की। साथी यात्रियों ने उसे पकड़कर रोका। जबलपुर रेलवे स्टेशन पहुंचते ही वह पब्लिक टॉयलेट में गया। यहां ब्लेड से गला और कलाई काट डाली। उसे खून से लथपथ देखकर पुलिस ने मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने बताया कि शुरुआती इलाज के बाद भी प्रमोद का डर खत्म नहीं हुआ। भर्ती कराने के अगले ही दिन 11 जनवरी को उसने अस्पताल की दूसरी मंजिल से कूदने की कोशिश की। अस्पताल के स्टाफ ने किसी तरह उसे पकड़ा। इसके बाद अस्पताल के मनोचिकित्सा विभाग ने उसका चेकअप किया। इसमें पुष्टि की कि प्रमोद 'साइकोटिक डेल्यूजन' से गुजर रहा है।

**सोशल मीडिया ने बढ़ाया मन में भ्रम** - प्रमोद मांझी ने बताया कि वह सालों से कुमार सानू को सुनता आ रहा है। सिर्फ उन्हीं के गाने गाता था। बीते दिनों रील्स पर उसने कुछ दूसरे गायकों के गीत सुने। बस यहीं से उसके दिमाग में यह भ्रम बैठ गया कि अगर वह दूसरे सिंगर को सुनेगा तो सानू के फैंस उसे धोखेबाज मानकर मार डालेंगे। डॉक्टर के मुताबिक यह मामला साइकोसिस का स्पष्ट उदाहरण है, जिसमें व्यक्ति वास्तविकता और कल्पना में फर्क करना बंद कर देता है। ऐसे मामलों में डोपामिन स्तर असामान्य बढ़ जाता है, जिससे भ्रम भी 100 प्रतिशत सच जैसा लगता है। यही भरोसा व्यक्ति को आत्मघात तक ले जा सकता है।







हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी। ई-मेल-smatjbp1@ gmail.com, फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, RNI No. 64561/96.